आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* गुरु हरगोविंद जयंती ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 165 | उज्जैन, मंगलवार 30 जून, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सेशेल्स में भारतीय समुदाय से मिले पीएम नरेंद्र मोदी

**विक्टोरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के आखिरी दिन भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने विक्टोरिया में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। प्रधानमंत्री ने अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विक्टोरिया के पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके बाद वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले भारत और सेशेल्स ने 19 बड़े समझौतों और विकास परियोजनाओं का ऐलान किया। इनमें सेशेल्स में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान शुरू करना, 1,250 करोड़ रुपए की लाइन ऑफ क्रेडिट (लोन), साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, अंतरिक्ष और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति शामिल है।

### चांदी 5,059 रुपये बढ़कर 2.22 लाख किलो पर पहुंची

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 29 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 1 किलो चांदी 5,059 रुपए बढ़कर 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 2,038 रुपए महंगा होकर 1.42 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.40 लाख पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 9 हजार रुपए महंगा हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.42 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 8 हजार रुपए कम हुई है।

### अमेरिका और ईरान एक-दूसरे पर हमले रोकने पर राजी

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका और ईरान ने फिलहाल एक-दूसरे पर सैन्य हमले रोकने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच पिछले 3 दिनों से हमले जारी थे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान में 17 जून को हुए समझौते के सभी बिंदुओं पर बातचीत जारी रहेगी। इसी सिलसिले में मंगलवार को कतर में दोनों देशों के प्रतिनिधि तकनीकी स्तर की वार्ता करेंगे। समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही नहीं रोकी जाएगी। हाल के दिनों में इसी जलमार्ग को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। अमेरिका ने ईरान के मिसाइल और रडार ठिकानों पर कार्रवाई की थी, जबकि ईरान ने जवाब में कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

### आलिया की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 3 जुलाई को होगी रिलीज



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगली एक्शन फिल्म अल्फा 3 जुलाई को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। आलिया ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग उनके करियर के सबसे यादगार और आनंददायक अनुभवों में से एक रही। आलिया ने कहा, अल्फा की शूटिंग करते हुए मैंने बहुत अच्छा समय बिताया। यह किसी फिल्म के सेट पर मेरे सबसे मजेदार अनुभवों में से एक था। एक्शन और रोमांच से भरी इस दुनिया का हिस्सा बनना मेरे लिए नया अनुभव था। इस फिल्म ने मुझे कई नए तरीकों से चुनौती दी और मुझे इसका हर पल पसंद आया। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसकी कहानी दो महिला किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके मुताबिक मुझे सबसे ज्यादा यह पसंद आया कि पूरी एक्शन कहानी को दो महिलाएं आगे बढ़ा रही हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। आलिया ने फिल्म की टीम की सराहना करते हुए यह भी कहा कि निर्देशक, कलाकार, एक्शन टीम और पूरे क्रू के बीच फिल्म को लेकर उत्साह था। मैं हर दिन सेट पर जाने का इंतजार करती थीं और शूटिंग के हर पल का आनंद लिया।

### रेप और मर्डर के दोषी को फांसी की सजा

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में 3 साल की बच्ची से रेप और हत्या करने के आरोपी 65 साल के दोषी भीमराव कांबले को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला वारदात के 60 दिन बाद आया है। अदालत ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी का बताते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य बेहद क्रूर, अमानवीय और बर्बर था। सोमवार सुबह 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को अदालत में पेश किया गया था। कांबले पेशे से मजदूर हैं। वह 7 बच्चों का पिता और 11 बच्चों का दादा है। यह घटना 1 मई को पुणे जिले के नसरापुर गांव में हुई थी। बच्ची गर्मियों की छुट्टियों में अपनी नानी के घर आई हुई थी। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच कांबले ने उसे खाने-पीने की चीजें और गाय का नवजात बछड़ा दिखाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

### पाकिस्तान में जियो न्यूज पर 15 दिन की रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रमुख उर्दू न्यूज चैनल जियो न्यूज का प्रसारण लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने आरोप लगाया है कि मुहर्रम के दौरान प्रसारित एक कार्यक्रम में ऐसे धार्मिक दृश्य दिखाए गए, जो धार्मिक भावनाएं आहत कर सकते थे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा पैदा कर सकते थे। पीईएमआरए के अनुसार, 26 जून को प्रसारित 'सफर-ए-इश्क' कार्यक्रम में ऐसे दृश्य शामिल थे, जो पाकिस्तान की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संवेदनशीलताओं के अनुरूप नहीं थे। नियामक ने जियो न्यूज को आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं और मामले को काउंसिल ऑफ कंप्लेंट्स के पास भेज दिया है।

जून के अंत तक मोदी कैबिनेट के विस्तार की संभावना

## मध्य प्रदेश से खजुराहो सांसद वीडी शर्मा के नाम की भी चर्चा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मोदी कैबिनेट के विस्तार की अटकलें हैं। संभावना है कि जून के अंत तक मोदी कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद रहे जॉर्ज कुरियन ने केंद्रीय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से अटकलें तेज हो गई हैं कि कैबिनेट का विस्तार होगा। कैबिनेट में कई नए चेहरों के शामिल होने की अटकलें हैं। साथ ही संभावित नामों की चर्चा भी हो रही है। इसमें मध्य प्रदेश के



खजुराहो से सांसद वीडी शर्मा के नाम की भी चर्चा चल रही है।

### खजुराहो से सांसद हैं वीडी शर्मा

दरअसल, संभावित सूची में मध्य प्रदेश के खजुराहो से सांसद वीडी शर्मा के नाम की भी चर्चा है। उन्हें संगठन में काम करने का लंबा अनुभव रहा है। लंबे समय तक मध्य प्रदेश में बीजेपी के अध्यक्ष रहे हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी को प्रचंड सफलता मिली है। 2023 के विधानसभा चुनाव में उनके प्रदेश अध्यक्ष रहते ही लड़ा गया और पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिली। इसके बाद लोकसभा चुनाव में भी वीडी शर्मा ही प्रदेश अध्यक्ष थे। पार्टी ने पहली बार मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटें जीत ली थी।

**सबको साथ लेकर चले-** वीडी शर्मा के कार्यकाल में मध्य प्रदेश में संगठन ने एक नई ऊंचाई हासिल की थी। उनके कार्यकाल के दौरान ही ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस से अपने विधायकों के साथ पार्टी में आए थे। वीडी शर्मा के लिए उस दौरान सबसे बड़ी चुनौती थी कि नए और पुराने लोगों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने इसे बखूबी अंजाम दिया और समन्वय बनाकर चले। विवादों को सरकार और संगठन के स्तर पर सुलझाकर चले।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं तारीफ-** वहीं, केंद्रीय नेतृत्व भी वीडी शर्मा का मुरीद रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान सार्वजनिक रूप से वीडी शर्मा की तारीफ कर चुके हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा था कि खजुराहो से हमारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी को भारी मतों से विजयी बनाना है। ये विष्णुदत्त शर्मा दिखते पतले दुबले हैं। लेकिन उनके नेतृत्व में भाजपा ने मध्य प्रदेश में इस बार नया इतिहास रच दिया है।

विदिशा और झाबुआ में पल्स पोलियो की दवा पीते ही

## चंद घंटों में दो बच्चों की मौत से मचा हड़कम्प

### स्वास्थ्य विभाग के सीनियर अफसरों ने आरोपों को खारिज कर जांच शुरू कर दी

दोनों के परिजनों ने पोलियो की खुराक को मौत का कारण बताया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश में पोलियो से बचाव की खुराक पीने के बाद दो बच्चियों की संदिग्ध हालात में मौत के मामले सामने आए हैं। विदिशा और झाबुआ में ये घटनाएं हुईं। विदिशा की कुरवाई तहसील और झाबुआ जिले के कल्याणपुरा ब्लॉक में रविवार को दवा पीने के कुछ ही घंटों बाद बच्चियों की मौत हो गई। दोनों के परिजनों ने पोलियो की खुराक को मौत का कारण बताया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के सीनियर अफसरों ने इन आरोपों को खारिज कर जांच शुरू की है।



**सीएमएचओ ने बताया, पोलियो ड्रॉप्स बेहद सुरक्षित-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. रामहित कुमार ने बताया, पोलियो ड्रॉप्स बेहद सुरक्षित है। उसी बूथ पर 44 बच्चों को दवा पिलाई गई। इनमें मृत बच्ची की 4 साल की बहन महक भी शामिल है। सभी स्वस्थ हैं। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया है।

### विदिशाः अस्पताल में दो माह की बेटी को मृत घोषित किया

विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के मैनखेड़ी गांव में सुबह 10 बजे अनिल अहिरवार की दो माह की बेटी मानसी को बूथ-69 बी पर खुराक दी गई। दोपहर 2.45 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। परिजन मानसी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### झाबुआः 11 माह की बेटी को दोपहर 2 बजे खुराक दी गई थी

झाबुआ के कल्याणपुरा ब्लॉक स्थित उमरिया सालम गांव में सुनील डामोर की 11 माह की बेटी पूजा को दोपहर 2 बजे खुराक दी गई थी। कुछ समय बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। जिस शीशी से पूजा को दवा दी गई थी, उसी से 19 अन्य बच्चों को भी खुराक दी। सीएमएचओ डॉ। एमएल चोपड़ा का कहना है, जिस शीशी से पूजा को दवा दी गई थी, उसी से 19 अन्य बच्चों को भी खुराक दी गई। वे सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। उधर, दो डॉक्टरों के पैनल की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि सांस नली में दूध अटकने से मौत हुई होगी। पूजा का वजन उम्र के हिसाब से कम 5.200 किलो था। पहले से भी कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं।

## कासगंज में ट्रेनी विमान हाईवे पर क्रैश



**एजेंसी ▸▸ कासगंज**

यूपी के कासगंज में सोमवार दोपहर 3.30 बजे एक ट्रेनी विमान क्रैश हो गया। विमान उड़ा रही 27 साल की महिला ट्रेनी पायलट घायल हो गईं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है। हादसा पुलिस लाइन के पीछे 6-लेन हाईवे के पास हुआ। विमान हाईटेंशन तारों में उलझकर नीचे गिरा। दुर्घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। करीब 3.40 बजे सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इलाके की घेराबंदी की गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## अमरनाथ यात्रा से पहले बाबा बर्फानी की पहली पूजा

### 3 जुलाई से होगी शुरू, सिक्योरिटी का ट्रायल हुआ

**एजेंसी ▸▸ जम्मू-श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा शुरू होने के 3 दिन पहले सोमवार को बाबा बर्फानी की पहली पूजा हुई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने पूजा की।

इस साल 3 जुलाई से बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा शुरू होगी। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी। कुल 57 दिनों तक यात्रा चलेगी।

अधिकारियों के मुताबिक, 15 अप्रैल से अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। श्रद्धालुओं का पहला जत्था 2 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से यात्रा रूट के लिए रवाना होगा।

### प्रशासन ने बेस अस्पताल शुरू किए



प्रशासन ने बालटाल और चंदनवाड़ी में बेस अस्पताल शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा यात्रा के दोनों मार्गों पर भी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने दोनों मार्गों पर बुनियादी ढांचे, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी अधिकांश तैयारियां पूरी कर ली हैं। हालांकि, चंदनवाड़ी से पवित्र गुफा तक के मार्ग पर महागणेश टॉप के पास बर्फ हटाने का काम अंतिम चरण में है। अधिकारियों का कहना है कि इसे अगले दो से तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

## राममंदिर चोरी- 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

**ट्रस्ट की बैठक अब 5 दिन पहले होगी**

राम मंदिर ट्रस्ट की 11 जुलाई को होने वाली बैठक अब 6 जुलाई को अयोध्या में होगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक मणि रामदास जी की छावनी की जगह कारसेवक पुरम में हो सकती है। दिन और जगह क्यों बदला गया, इस बारे में पता नहीं चल पाया है।

वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए। इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है? छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा। इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए एसबीआई की अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची। 7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक के स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया।

## भागलपुर में महसूस हुए भूकंप के झटके

**एजेंसी ▸▸ भागलपुर**

सोमवार शाम करीब 4.40 बजे भागलपुर में लोगों ने भूकंप के झटके का अनुभव किया। अचानक आए इस झटके से लोग कुछ देर के लिए सहम गए और कई लोग घरों एवं दुकानों से बाहर निकल आए। हालांकि शुरूआती जानकारी के अनुसार इस भूकंप से किसी प्रकार की जान-माल की क्षति की सूचना नहीं है। झटका एक बार महसूस किया गया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो गई। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोगों के बीच कुछ देर तक चर्चा और चिंता का माहौल बना रहा।

## सीबीएसई का फैसला, तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा नहीं होगी

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सीबीएसई ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की। बोर्ड ने साफ किया है कि मौजूदा 10वीं के स्टूडेंट्स पर थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं होगी। वहीं, अभी 7वीं, 8वीं और 9वीं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को 10वीं में पहुंचने पर तीसरी भाषा का बोर्ड एग्जाम नहीं देना होगा। सीबीएसई की अकादमिक निदेशक प्रज्ञा एम सिंह ने बताया कि 2026-27 में पहले से 9वीं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को एक बार की छूट भी दी है। ऐसे छात्र दो विदेशी (गैर-भारतीय) भाषाएं पढ़ना जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें तीसरी भाषा के रूप में एक भारतीय भाषा जोड़नी होगी। इस तीसरी भाषा का मूल्यांकन स्कूल करेगा और 10वीं बोर्ड परीक्षा में इसका पेपर नहीं होगा।

लद्दाख की मांगों को लेकर फिर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक बोले

## ‘जान चली जाए, पीछे नहीं हटूंगा’

**एजेंसी ▸▸ लेह**



जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लोगों से किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं और केंद्र सरकार के साथ बातचीत भी ठप हो गई है, जिसके कारण उन्हें फिर से आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

मीडिया से बातचीत में वांगचुक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें दोबारा धरने और अनशन पर बैठना पड़ेगा। मैं खुशी से अनशन नहीं कर रहा हूं। यह आसान नहीं है। मेरी जान भी चली जाए, तब भी मैं पीछे नहीं हटूंगा। वांगचुक लंबे समय से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत संरक्षण राज्य का दर्जा और बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार के साथ हुई बैठकों से उम्मीद जगी थी लेकिन बातचीत के निष्कर्षों को औपचारिक रूप नहीं दिया गया जिससे लोगों का भरोसा कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से लोगों की चिंताओं को सुनना चाहिए और संसद में इन मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आंदोलन का समर्थन करने और भविष्य की पीढ़ियों के हित में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

कैब ड्राइवर का दावा- सिया बाली नहीं जाना चाहती थी, केतन का पासपोर्ट गायब किया

## सिया ने केतन से 1 करोड़ लेकर चेतन को दिए

**एजेंसी ▸▸ पुणे**

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, सिया ने केतन से शादी की शॉपिंग के नाम पर 1 करोड़ रु. लिए थे। इन पैसों से शॉपिंग नहीं की, बल्कि पूरी रकम प्रेमी चेतन चौधरी को दे दी थी।

केतन-सिया की बाली प्री-वेडिंग ट्रिप के लिए 6 जून को उन्हें एयरपोर्ट छोड़ने वाले कैब ड्राइवर वैभव जाधव का बयान सामने आया। उसके मुताबिक सिया बाली नहीं जाना चाहती थी। रास्ते में उसकी अपने भाई साहिल से किसी बात को लेकर बहस हो रही थी। वैभव ने बताया- कुछ देर बाद गाड़ी एक स्थान पर रुकी, जहां 4 अन्य लोग सवार हुए। बाद में गाड़ी फूड कोर्ट पर रुकी। सभी लोग खाने-पीने चले गए। कुछ देर बाद सिया आई। गाड़ी से कुछ सामान निकालकर अपने बूट में छिपा लिया और वापस चली गई। वैभव ने कहा कि मैंने सभी लोगों को एयरपोर्ट छोड़ा। बाद में कॉल आया कि केतन का पासपोर्ट कैब में छूट गया है। मैं एयरपोर्ट पहुंचा। गाड़ी की सभी ने तलाशी ली, लेकिन गाड़ी में पासपोर्ट नहीं मिला।

### पुलिस के 3 और दावे, इशारा मिलते ही केतन को धक्का दिया

- **कैफे में मर्डर प्लान बनायाः** सिया और चेतन ने घटना से एक दिन पहले पुणे के लुल्लानगर में एक कैफे में मर्डर प्लान किया था। दोनों वारदात से पहले लोहगढ़ किले पर आए थे। यहां उन्होंने हत्या के लिए जगह चुनी और रिहर्सल भी की। पुलिस अब उस उस जगह का पता लगा रही है, जहां दोनों ने रिहर्सल की थी।
- **स्कूटर से लोहगढ़ किला पहुंचाः** पुलिस के मुताबिक, चेतन पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूर लोहगढ़ किले तक स्कूटर से पहुंचा था। उसने कार का इस्तेमाल नहीं किया, ताकि टोल प्लाजा पर कार का रिकॉर्ड न बने। पुलिस ने वह स्कूटर जब्त कर लिया है।
- **हुडी पहनकर किले पर चढ़ाः** चेतन हुडी पहनकर किले पर चढ़ा था। वहां पहुंचने के बाद उसने हूडी उतार दी और काली टी-शर्ट में रहा। मर्डर के बाद लौटते समय उसने फिर हूडी पहन ली। घटना के बाद वह उसी स्कूटर से पुणे लौट गया।
- **सिया ने चेतन को इशारा दियाः** पुलिस के मुताबिक, 18 जून को लोहगढ़ किले पर सिया गोयल ने पानी पीने या जूते का फीता बांधने के बहाने बैठकर चेतन चौधरी को इशारा दिया। इसके बाद पीछे चल रहे चेतन ने केतन को खाई में धक्का दे दिया। पुलिस का कहना है कि केतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न सके, इसलिए वह बैठ गई थी।



### हत्या से 6 दिन के अंदर आरोपी अरेस्ट

18 जून को केतन की हत्या से छह दिन के अंदर पुलिस ने आरोपी सिया और चेतन को अरेस्ट कर लिया। जांच के दौरान दोनों आरोपी एक-दूसरे को मास्टरमाइंड बता रहे हैं। पुलिस दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ भी कर चुकी है।



409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पूजन रसीद में ही हुए शुरू




आपदा में अवसर सूना ही होगा, वैसे ही व्यवस्था में लगते ही उसमें भी शुरु होने का नाम मंदिर में काम मिलना है। ऐसा एक आध मामले को लेकर नहीं कहा जा रहा है अन्यानेक मामलों के विश्लेषण के उपरांत ही यह सब सामने आ रहा है। एक आध को लेकर भी नहीं कहा जा रहा है अन्यानेक को लेकर ही इसे कहा जा रहा है। शुरु तांबा कांड से लेकर नोट गिनने तक के मामलों में यही हुआ। मंदिर में व्यवस्था में लगते ही काम को अंजाम दे दिया गया। यहां तक कि दाल-चावल में भी लफड़ा और तो और भगवान की चढ़ाए गए प्रसाद में भी लफड़ा केसर मामला है ही। हालिया स्थिति में मंदिर के उस क्षेत्र में जहां यज्ञ शाला बनी है वहां पूजन की रसीद को लेकर बड़े ही तरीके से काम को अंजाम दिया जा रहा है। यहां कुछ लोग तो पहले से ही रसीद बनवाकर पूजन करते हैं। कुछ मामलों में पूजन के बाद भी रसीद बनवाई जाती है। अब जिनके जिम्मे यह काम किया गया है वे इसमें भी अवसर को भूनाने में देर नहीं कर रहे हैं। रसीद बनाने के लिए एक दल बना है जो बराबर यह जांच करता है कि पूजन की रसीद बनी है या नहीं। अब जिस पूजन की रसीद नहीं बनी सामने आती है तो दल के सदस्य बड़े ही बेढंगे तरीके से जोर-जोर से बोलना शुरू कर देते हैं जैसे बहुत बड़ी चोरी हो गई हो या फिर किसी बडे अपराध को अंजाम दे दिया गया हो। पूजन करने वाले यजमान को भी इस दौरान खरी खोटी सूना दी जाती है जबकि उसका कसूर ही नहीं है। पूजन करवाने वाले को भी बेवजह ही ऐसे शब्द बोले जाते हैं जो मंदिर और उसके परिसर में तो कदापि सभ्यता के दायरे में नहीं कहे जा सकते हैं। इस दौरान कई बार पूजन करवाने वाले का मेहनताना भी हजम कर लिया जा रहा है। आशुतोष भगवान के नाम को भी इस दौरान बदनाम किया जा रहा है। व्यवस्था में ही सिरे से दोष की स्थिति जानबूझकर कायम रखी गई है। ऐसा ही है तो मंदिर में चार करोडी खुसूर-फुसूर को जोर से बोल कर दिखाओ, वहां तो जुबान तलवे में चिपक रही है। खुसूर-फुसूर है कि इसके लिए क्यों नहीं विशेष प्रबंध किए जाते हैं। अन्यानेक व्यवस्था में इस व्यवस्था को भी सुदृढ़ करवाने में जिम्मेदार एवं उससे जुड़े लोग आगे आकर क्यों नहीं मजबूती प्रदान करते हैं। एक से एक दिग्गज जो अपने होनहार होने का दावा करते हैं वे आखिर यहां आकर विकृतियों को दूर करने में असफल क्यों हो रहे हैं। कुल जमा व्यवस्था में दोष उत्पन्न कर अवसर भूनाने के हाल कायम हो चुके हैं, दल में दल-दल की स्थिति है।

## न्यूज कॉलम

### अलखधाम नगर के साई मंदिर में हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, गूंजे मंत्र

**उज्जैन।** अखंड दीप एवं वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में पांच कुंडीय यज्ञों की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में वार्ड 47 स्थित अलखधाम नगर के साईं मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आहुतियां देकर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय ने दीप प्रज्वलित कर किया। 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' की जिला उप जोन समन्वयक उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विश्व कल्याण की भावना के साथ सैकड़ों गायत्री परिजनों द्वारा जटिल साधनाएं की जा रही हैं। इन महायज्ञों के माध्यम से साधकों द्वारा अपनी साधना की पूर्णाहुति दी जा रही है। यज्ञ का विधि-विधान से संचालन श्याम लाल जोशी और नरेंद्र सिकरवार ने किया, जबकि सुमधुर संगीत रजनी मीना ने प्रस्तुत किया। महायज्ञ के सफल आयोजन और श्रेष्ठ सहयोग के लिए उर्मिला तोमर ने साईं मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय एवं अन्य सदस्यों का सम्मान किया।

## ट्रेंडिंग




निगमायुक्त पहुंचे वार्ड 4 एमपी नगर एवं पद्मावती एवेन्यू

# ऐसी सफाई कि पानी की निकासी की व्यवस्था ही नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

**नालियों के अवैध निर्माण को तोड़ते हुए सफाई करवाये जाने के दिए निर्देश**

नालियों पर अतिक्रमण की स्थिति एक नहीं अनेक क्षेत्रों में सामने आ रही है। ऐसे में नालियों में पानी की निकासी बाधित हो रही है और पानी भरने की समस्या सामने आ रही है। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने ऐसे ही मामले में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं कि ड्रेनेज समस्या के स्थायी समाधान के लिए पूर्व से निर्मित नालियों पर से अवैध निर्माण हटाते हुए कनेक्टिंग नालियों का निर्माण कर स्थायी पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव एवं ड्रेनेज की समस्या उत्पन्न न हो।

निगम आयुक्त सोमवार को वार्ड क्र. 4 अन्तर्गत एमपी नगर एवं पद्मावती एवेन्य की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र में नालियों से पानी निकासी नहीं होने की समस्या पाई गई जिस पर आयुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नालियों के चेम्बरों की नियमित एवं समुचित सफाई सुनिश्चित तथा सभी नालियों की पूर्ण रूप से सफाई कराई जाए, चेम्बर अवरुद्ध पाए जाने पर ड्रेनेज समस्या के स्थायी समाधान के लिए पूर्व से निर्मित नालियों पर से अवैध निर्माण हटाते हुए कनेक्टिंग नालियों का निर्माण कर स्थायी पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव एवं ड्रेनेज की समस्या उत्पन्न न हो। निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन निर्धारित समय पर पहुंचे तथा स्थानीय नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने के लिए सम्बन्धित एजेंसी द्वारा जागरूक किया जाए।



### चौड़ीकरण के मकानों की मजबूती जांचेंगे

- रविवार को निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने कंठाल चौराहा से सतीगेट एवं छत्री चौक तक बाबा महाकाल की शाही सवारी मार्ग की प्रगति रिपोर्ट की मॉनिटरिंग कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि मार्ग में कंठाल चौराहे से सती गेट मकानों के हटाने के पश्चात मकानों की मजबूती का परीक्षण लैब में करवाए।
- भवन अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि गिराऊ एवं जर्जर अवस्था में निमार्णाधीन भवन को शीघ्र हटाए। निर्माण एजेंसी द्वारा सती गेट से खड़े हनुमान मंदिर तक मलबे को हटाकर प्रीकास्ट ड्रेन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। मार्ग पर जल की निकासी के लिए संबंधित ठेकेदार सिवर मशीन का उपयोग कर निकासी सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान छत्री चौक चौराहे पर नाली के ऊपर मौजूद अस्थाई अतिक्रमण को उन्होंने हटवाया।

### समन्वय अभाव में मेन लाईन टूटी

नगर निगम के कार्यों में संपर्क, समन्वय, सहयोग के अभाव में एक बार फिर से शहर के लोगों को जल अभाव में दिन निकालने पर मजबूर होना पडा है। सोमवार तड़के ब्रिज निर्माण में लगी पोकलेन ड्रिलिंग मशीन ने हरिफाटक ओवरब्रिज के नीचे गऊघाट संयंत्र से आ रही मैन पाइप लाइन तोड़ दी। जल सप्लाई के समय लाइन टूटने से अधिकतर जगह पानी नहीं बंटा, जहां पानी सप्लाय हुआ वहां गंदा ही हुआ। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी आए दिन पेयजल पाइप लाइनों में होने वाली टूट फूट को लेकर साईड वार उपयंत्रियों को जिम्मेदारी दे चुके हैं उसके बाद भी पाइप लाइन फूटने के मामले आम हैं। मुख्य लाइन के फूटने से हरिफाटक ब्रिज के नीचे का क्षेत्र पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गया था। खास यह रहा कि जिस दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त की गई उसी दौरान शहर में पानी की सप्लाय जारी थी जिससे तेज गति से पानी बहा और गड्ढे में गई गंदगी भी पाइप लाइन के साथ घरों तक पहुंच गई। शहर के कई क्षेत्र इससे प्रभावित हुए हैं। इधर सामने आ रहा है कि निर्माण एजेंसियों एवं नगर निगम के बीच समन्वय एवं संपर्क के साथ सहयोग का पूरा अभाव है।

सिद्ध आश्रम घाट के समीप क्षिप्रा में नाले का गंदा पानी मिल रहा

# प्रदूषण से आस्था और स्वास्थ्य दोनों पर संकट





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में पवित्र क्षिप्रा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। शहर के सिद्ध आश्रम घाट पर आज भी एक नाले का गंदा पानी सीधे क्षिप्रा नदी में मिल रहा है, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस स्थान से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरते हैं और अनजाने में नाले के दूषित पानी के संपर्क में आ रहे हैं।

सिद्ध आश्रम घाट पर नाले का पानी लगातार क्षिप्रा में गिरने से घाट के आसपास नदी का जल गंदा दिखाई देता है। यहां स्नान करने आने वाले श्रद्धालु इस बात से अनभिज्ञ रहते हैं कि जिस पानी में वे आस्था की डुबकी लगा रहे हैं, उसमें नाले का दूषित जल भी मिला हुआ है। इससे श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है।

### क्षिप्रा नदी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। कई बार शिकायतें और मुद्दा उठाए जाने के बावजूद नाले के पानी को रोकने या उसका शोधन कर नदी में छोड़ने की व्यवस्था नहीं की गई।
गौरतलब है कि क्षिप्रा नदी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। वर्षभर यहां धार्मिक अनुष्ठान, स्नान और पूजा-पाठ होते रहते हैं। ऐसे में नदी में सीधा नाले का पानी मिलना न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है, बल्कि धार्मिक भावनाओं से भी जुड़ा मामला है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि सिद्ध आश्रम घाट पर गिर रहे नाले के पानी को तत्काल रोका जाए, सीवेज के उचित शोधन की व्यवस्था की जाए तथा श्रद्धालुओं को दूषित पानी से बचाने के लिए आवश्यक सुरक्षा और चेतावनी संबंधी इंतजाम किए जाएं। लोगों का कहना है कि क्षिप्रा की स्वच्छता केवल योजनाओं और दावों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि धरातल पर भी इसका प्रभाव दिखाई देना चाहिए।

# नगर निगम कंट्रोल रूम में निकला चेकर्ड किलबैक सांप

### सर्पमित्र राहुल ने किया सुरक्षित रेस्क्यू





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार शाम करीब 5 बजे उज्जैन नगर निगम के कंट्रोल रूम में एक सांप निकल आने से कर्मचारियों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सर्पमित्र राहुल मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक सांप का सफल रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के दौरान पता चला कि यह चेकर्ड किलबैक (ऊँ'ीर्शी डीं‍‍ु") प्रजाति का सांप है। यह विषहीन (बिना जहर वाला) होता है और सामान्यतः तालाब, नदी तथा अन्य जल स्त्रोतों के आसपास पाया जाता है। हालांकि यह विषैला नहीं होता, लेकिन खतरा महसूस होने पर काट सकता है, इसलिए इसे छूने या पकड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

सर्पमित्र राहुल ने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर लोगों की भीड़ से दूर किया और बाद में उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर या कार्यालय में सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और स्वयं पकड़ने की कोशिश करने के बजाय प्रशिक्षित सर्पमित्र या वन विभाग को सूचना दें।

# महाकालेश्वर मंदिर एवं महाकाल महालोक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के प्रथम दिवस श्री महाकालेश्वर मंदिर एवं श्री महाकाल महालोक में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाने का अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में मंदिर परिसर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं, जिससे दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के बच्चों को सहजता से पोलियो की खुराक उपलब्ध कराई जा सके।

अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी द्वार, अन्न क्षेत्र, नीलकंठ द्वार (गेट क्रमांक-1) एवं शंख द्वार सहित



विभिन्न स्थानों पर आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान के प्रथम दिवस लगभग 1,680 से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक प्रदान की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की प्रत्येक निर्धारित खुराक अवश्य दिलाएं तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें।

माँ क्षिप्रा तैराक दल ने दिखाई तत्परता

# आधे घंटे में क्षिप्रा नदी से ढूंढ निकाला श्रद्धालु का मोबाइल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल क्षेत्र में एक श्रद्धालु का मोबाइल क्षिप्रा नदी में गिर जाने के बाद माँ क्षिप्रा तैराक दल ने अपनी तत्परता का परिचय देते हुए महज आधे घंटे में उसे नदी से खोज निकाला।

जानकारी के अनुसार, महाकाल थाना से सूचना मिलने पर माँ क्षिप्रा तैराक दल के सदस्य दीपक कहार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने नदी में उतरकर मोबाइल की तलाश शुरू की। करीब 30 मिनट तक लगातार खोजबीन के बाद दीपक कहार ने श्रद्धालु का मोबाइल सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया।



मोबाइल वापस मिलने पर श्रद्धालु ने राहत की सांस ली और माँ क्षिप्रा तैराक दल तथा महाकाल थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी तैराक दल की त्वरित कार्रवाई और सेवा भावना की सराहना की। माँ क्षिप्रा तैराक दल पिछले कई वर्षों से क्षिप्रा नदी के घाटों पर निःशुल्क सेवाएँ दे रहा है। दल के सदस्य डूबने की घटनाओं में बचाव कार्य के साथ-साथ नदी में गिरे मोबाइल, चाबी, आभूषण एवं अन्य सामान खोजकर श्रद्धालुओं की मदद भी करते हैं। उक्त जानकारी संतोष सोलंकी ने दी।

हरी फाटक पुल के नीचे फूटी मुख्य पेयजल पाइपलाइन

# हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा, सड़क बनी तालाब

**खुदाई के दौरान ठेकेदार की लापरवाही से 500 एमएम लाइन क्षतिग्रस्त**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

हरी फाटक पुल के पास समीप निर्माणाधीन पुल की खुदाई के दौरान सोमवार को ठेकेदार की लापरवाही के कारण तीन नंबर प्लांट की 500 एमएम की मुख्य डीआई पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटते ही प्रेशर के साथ पानी बहने लगा और देखते ही देखते पुल के नीचे का पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। परिसर व सड़क पर पानी बहने लगा। और पूरा परिसर तालाब के रूप में तब्दील हो गया।करीब चार से पांच घंटे तक लगातार पानी बहने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया।



सूचना मिलते ही नगर निगम के पीएचई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद लगभग चार से पांच घंटे में पाइपलाइन की मरम्मत कर जल रिसाव पर नियंत्रण पाया। हालांकि तब तक बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह चुका था।

हरि फाटक पुल के समीप ही सेतु विभाग द्वारा नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इसी खुदाई के दौरान मुख्य पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने के कारण पानी की टंकियां समय पर नहीं भर सकीं, जिससे शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

यह पहली बार नहीं है जब निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई हो। इससे पहले भी सड़क चौड़ीकरण के लिए की गई खुदाई के दौरान मुख्य पाइपलाइन फूटने से शहर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित हुई थी और लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियां नहीं बरती जा रही हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



CMYK

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 30 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में 6 जुलाई को लगेगा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय , पोलोग्राउंड इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें जे.जे. इंडस्ट्रीज, उत्कर्ष स्माल फाइनेस बैंक, आईटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कटारिया ग्रुप सहित अन्य संस्थान शामिल रहेंगे।

### जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति बढ़ी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने वर्ष 2026-27 में छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सतत? निर्णय ले रही है। इसी क्रम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि अनुसूचित जनजाति के छात्रावास/आश्रमों में रहने वाले छात्र/छात्राओं की शिष्यवृत्ति की दरों को प्रत्येक वर्ष माह मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्धारित कर माह जुलाई में छात्रावास / आश्रम प्रारंभ होने से प्रभावशील होगी। जारी आदेश के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष 2026-27 के लिए शिष्यवृत्ति की नई दरें निर्धारित की गई हैं।

### बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

**इंदौर।** श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के अंतर्गत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत संतानों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को पात्र विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा समय-सीमा में आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर एक जून से प्रारंभ हो चुके हैं। पात्र विद्यार्थी 31 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### श्रम विभाग द्वारा नई न्यूनतम वेतन दरें जारी



**इंदौर।** मध्यप्रदेश श्रम विभाग ने राज्य के अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम वेतन दरें लागू की हैं। उप श्रमायुक्त ने बताया कि नई वेतन दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। सभी नियोजकों, उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं ठेकेदारों को कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन तथा समय-सीमा के भीतर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मासिक न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है, जिसमें अकुशल के लिये 12,425, अर्द्धकुशल के लिये 13,421, कुशल के लिये 15,144 और उच्च कुशल के लिये 16,769 वेतन निर्धारित किया गया है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना कानून का उल्लंघन है। साथ ही 1,000 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में वेतन अवधि समाप्त होने के सातवें दिन तक तथा 1,000 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में दसवें दिन तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। यदि किसी कर्मचारी, जिसमें आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल हैं, को निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जाता है या समय पर वेतन नहीं मिलता है, तो वह श्रम विभाग की श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

### भोपाल-इंदौर समेत 43 जिलों में येलो अलर्ट; 40 जिलों में नहीं पहुंचा मानसून

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में मानसून एक्टिव है। मध्य प्रदेश में सोमवार को 12 जिलों में बारिश हुई। छिंदवाड़ा में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। देवास में आंधी के बाद आधे घंटे तक हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया। वहीं महू में बारिश के बाद पातालपानी झरना शबाब पर नजर आया। इसके साथ ही इंदौर, गुना, बालाघाट, शिवपुरी, जबलपुर, खरगोन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, सीधी, खंडवा, सीहोर, देवास में बारिश की वजह से गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, बालाघाट में डेढ़ इंच से ज्यादा पानी गिर गया। शिवपुरी में पौन इंच और जबलपुर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। दूसरी ओर, खजुराहो में गर्मी का असर देखा गया। यहां अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### एमपी में दिव्यांगजनों के लिए शुरू हुई राज्य निधि योजना

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उनकी प्रतिभा को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण और पुनर्वास के लिए 'राज्य दिव्यांगजन निधि' के संचालन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब खेल, कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में देश-दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले दिव्यांगों को आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। पिछले लंबे समय से आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय में ऐसे प्रतिभावान दिव्यांगजनों के आवेदन आ रहे थे, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं, लेकिन एक व्यवस्थित आर्थिक तंत्र (मैकेनिज्म) न होने के कारण उन्हें सहायता के लिए जिला और राजधानी के चक्कर काटने पड़ते थे।

---

मप्र में नए चेहरों से बदलेगी सियासत की तस्वीर

## कांग्रेस का जेन जी मिशन... 2.5 करोड़ युवाओं पर नजर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश में लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना कर रही कांग्रेस अब अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी यानी जेन जी पर बड़ा दांव खेलने जा रही है। पार्टी का मानना है कि आने वाले वर्षों में प्रदेश की राजनीति का केंद्र युवा मतदाता होंगे, इसलिए अभी से उन्हें कांग्रेस की विचारधारा और आंदोलनों से जोडना जरूरी है।

राजस्थान के कोटा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम को मिली सफलता के बाद पार्टी ने देशभर में छात्रों की गूंज अभियान शुरू करने का फैसला किया है। मध्यप्रदेश में इसकी औपचारिक शुरूआत हो चुकी है। इसके जरिए कांग्रेस न केवल युवाओं की समस्याएं सुनना चाहती है, बल्कि उनके बीच से भविष्य के राजनीतिक चेहरे भी तलाशने की रणनीति पर काम कर रही है। मप्र में पिछले दो विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों के नतीजों ने कांग्रेस को यह संकेत दिया है कि युवा मतदाताओं तक उसकी पहुंच कमजोर हुई है। पार्टी का आकलन है कि सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नए राजनीतिक विमर्श के दौर में जेन जी की सोच पारंपरिक राजनीति से अलग है। इसी वजह से कांग्रेस अब सीधे युवाओं के बीच जाकर उनकी प्राथमिकताओं को समझना चाहती है। शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, महंगाई और करियर से जुड़े मुद्दों को अभियान का मुख्य आधार बनाया जाएगा।

### ढाई करोड़ युवाओं पर फोकस

मप्र की आबादी में करीब 27 प्रतिशत हिस्सा युवा वर्ग का है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 2.3 से 2.5 करोड़ युवा ऐसे हैं जो जेन जी श्रेणी में आते हैं। यही वर्ग आने वाले चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। कांग्रेस का मानना है कि यदि इस वर्ग के साथ अभी से राजनीतिक संवाद स्थापित किया गया तो भविष्य में यह पार्टी के लिए मजबूत सामाजिक और राजनीतिक आधार बन सकता है।

### छात्रों की गूंज सिर्फ आंदोलन नहीं, राजनीतिक निवेश

पार्टी सूत्रों के अनुसार यह अभियान केवल छात्र समस्याओं तक सीमित नहीं रहेगा। कांग्रेस कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और युवा समूहों के माध्यम से यह जानने की कोशिश करेगी कि नई पीढ़ी किन मुद्दों पर सरकार और राजनीति को परख रही है। युवाओं के सुझावों और शिकायतों के आधार पर प्रदेश स्तर पर मुद्दे तैयार किए जाएंगे और उन्हें जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

### महिला कांग्रेस भी उतरेगी मैदान में

युवा महिलाओं और नवविवाहित वर्ग को जोडने के लिए महिला कांग्रेस अलग अभियान चलाएगी। महंगाई, रोजगार, शिक्षा और परिवार की आर्थिक चुनौतियों को प्रमुख मुद्दा बनाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि नौकरी और आय की अनिश्चितता का सबसे अधिक असर युवा परिवारों पर पड़ रहा है, इसलिए इस वर्ग तक पहुंच बनाना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होगा।

### नए नेताओं की तलाश पुराने चेहरों की चुनौती

अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू युवाओं के बीच से प्रभावशाली नेतृत्व की खोज माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस कई ऐसे विधानसभा क्षेत्रों का आंतरिक मूल्यांकन कर रही है जहां मौजूदा नेताओं की लोकप्रियता में गिरावट आई है। ऐसे क्षेत्रों में पार्टी नए और युवा चेहरों को आगे लाने की तैयारी कर सकती है। यानी छात्रों की गूंज केवल युवाओं से संवाद का मंच नहीं बल्कि भविष्य के उम्मीदवारों की खोज का माध्यम भी बन सकता है।

### 12 सदस्यीय युवा रणनीति टीम तैयार

नए चेहरे प्रदेश कांग्रेस ने युवाओं के मुद्दों पर लगातार काम करने के लिए 12 सदस्यीय समिति बनाई है। इसमें युवा विधायक, पूर्व विधायक और संगठन के सक्रिय नेताओं को शामिल किया गया है। यह समिति युवाओं से संवाद, सुझावों के संकलन और राजनीतिक रणनीति तैयार करने का काम करेगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मध्यप्रदेश तेजी से युवा राज्य बन रहा है। अगले दशक में पहली बार मतदान करने वाले और 30 वर्ष से कम आयु के मतदाताओं की संख्या काफी बढ़ेगी। ऐसे में कांग्रेस का यह अभियान केवल वर्तमान की राजनीति नहीं बल्कि 2030 और उसके बाद की राजनीति की तैयारी माना जा रहा है। पार्टी समझ चुकी है कि पारंपरिक वोट बैंक को राजनीति के साथ-साथ डिजिटल और जागरूक युवा मतदाता को साधे बिना सत्ता की राह आसान नहीं होगी।

---

50 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार

## उज्जैन में बनेगा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर

### श्वान नसबंदी मुहिम को मिलेगा बढ़ावा, शेल्टर होम भी बनाएँगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन सहित प्रदेशभर में डॉग बाइट और रेबीज के बढ़ते खतरे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 55 जिलों में एक-एक एबीसी सेंटर खोला जाएगा। उज्जैन में एक सेंटर बनाने में करीब 40 से 50 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

वर्तमान में प्रदेश में 20 से ज्यादा एबीसी सेंटर संचालित हो रहे हैं। यानी नए 35 सेंटर बनाने की जरूरत है। इस हिसाब से 55 एबीसी सेंटर बनाने में 14 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि खर्च होगी। कुत्तों को नसबंदी से पहले रखने के लिए नए शेल्टर होम भी बनाए जाएँगे। इसके लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक-एक शेल्टर स्थल बनाया जाएगा। वर्तमान में 12 जिलों की 14 निकायों में 18 शेल्टर स्थल संचालित हैं। 37 नए शेल्टर स्थलों का निर्माण होना बाकी है। एक शेल्टर स्थल बनाने में 45 लाख रुपए खर्च होंगे। यानी 37 शेल्टर स्थल बनाने में 16.65 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एंटी रेबीज फ्री सिटी बनाने के लिए कुत्तों की सामूहिक नसबंदी, टीकाकरण, नए शेल्टर स्थल और एबीसी सेंटर खोले जाएंगे। इसके लिए बजट की आवश्यकता है, जिसका प्रस्ताव भेज दिया है। प्रदेश के 6 शहर रेबीज फ्री बनाने की कवायद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के छह शहरों को रेबीज मुक्त शहर बनाने के अभियान में शामिल किया गया है। इन शहरों में आवारा कुत्तों की 70 फीसदी संख्या का एंटी रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के चयनित छह शहर उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रतलाम में अगले चार साल के भीतर सामूहिक एंटी रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इन शहरों में 5 लाख कुत्तों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस पर करीब 10 करोड़ 5 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

---

तालाब की जमीन पर निगम का बड़ा एक्शन

## तलावली चंदा तालाब किनारे बने 14 अवैध निर्माण जमींदोज

### विरोध के बावजूद निगम ने सख्ती से की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इन्दौर में तालाबों की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मुहिम के तहत नगर निगम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तलावली चंदा तालाब के किनारे बने 14 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। निगम का अमला भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की मदद से कार्रवाई को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि पूर्व में स्थानीय विरोध के कारण निगम की टीम को कई बार बिना कार्रवाई लौटना पड़ा था। हालांकि इस बार प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ पहुंचकर विरोध के बीच भी अभियान जारी रखा और सभी चिन्हित अवैध निमार्णों को जमींदोज कर दिया।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तालाब की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर के जलस्त्रोतों और सरकारी भूमि की सुरक्षा के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

---

'झांकीबाजी' के लिए विज्ञापन दिए और होर्डिंग लगवाए

## नेता प्रतिपक्ष के पदभार ग्रहण से पहले धरी रह गई 'बादशाहत'

### बड़े नेताओं के साथ पार्षदों ने बनाई दूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में बहन का पदभार ग्रहण होना था, लेकिन इसके ठीक पहले पुलिस ने भाई को उठा लिया। दरअसल कांग्रेस ने चिंटू चौकसे को हटाकर सोनाली मिमरोट भाटी को निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया। कल सोमवार को पदभार ग्रहण कार्यक्रम निर्धारित था। इसे लेकर उनके भाई बादशाह मिमरोट ने ना सिर्फ होर्डिंगबाजी की, बल्कि अखबारों में विज्ञापन देकर बताना चाहा कि नए नेता प्रतिपक्ष का भाई बादशाह है, लेकिन ऐन वक्त पर पुलिस ने सारी 'बादशाहत' पर पानी फेरते हुए बादशाह मिमरोट को घर से उठा लिया।

दरअसल बादशाह पर एक राजनीतिक आंदोलन के दौरान हुए विवाद के मामले में प्रकरण दर्ज था, जिसके चलते पंढरीनाथ पुलिस ने बादशाह को गिरफ्तार किया। उधर, सोनाली मिमरोट ने मीडिया से कहा कि उनका भाई तो पदभार ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुटा था।

#### बेवजह फंसाया गया

सोनीली मिमरोट ने कहा उसे बेवजह फंसाया गया है और उसे जानबूझकर सोमवार को गिरफ्तार किया गया। इधर एक बार फिर पदभार ग्रहण में कार्यक्रम में जमकर गुटबाजी देखने को मिली। कई पार्षद ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाई तो कई बड़े नेता भी दूर दूर तक नहीं दिखाई दिए। ऐसे माना जा रहा है कि इस नियुक्ति के मामले में केवल एक पक्षीय ही सुनवाई हुई है। दीपू यादव जैसे पुराने नेता को इस पद से दूर करना भी कही ना कही कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकता है

---

## मानसून में कम उड़ानों के बीच टला नए टर्मिनल का संचालन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल-1 के उद्घाटन को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन यात्रियों को इसका उपयोग करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक टर्मिनल शुरू होने में करीब डेढ़ महीने का समय और लग सकता है, जिससे इसके अगस्त के अंत या सितंबर में शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार टर्मिनल का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया था। दावा किया गया था कि इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट की क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी, लेकिन आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी नहीं होने से इसका संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, टर्मिनल संचालन के लिए बीसीएएस की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन सफाई और अन्य सेवाओं से जुड़े टेंडर अभी लंबित हैं। इसके विशेषज्ञों का मानना है कि एयरपोर्ट प्रबंधन अब संभवतः त्योहारी सीजन और विंटर शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए नए टर्मिनल को शुरू करने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि इसी दौरान यात्रियों की संख्या और उड़ानों में वृद्धि होती है।

---

## 200 युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण-पत्र प्रदान किये

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 45 दिवसीय आवासीय अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 का इंदौर के एक निजी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गरिमामय समारोह के साथ समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं में राष्ट्रप्रेम और कर्तव्य बोध विकसित कर उन्हें सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय वायु सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह झाला , नायब सूबेदार एवं एनएसजी कमांडो श्री रघुवीर सिंह तथा पुलिस उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर उपस्थित थे ।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को न केवल सैन्य भर्ती चयन परीक्षा के संबंध में मार्गदर्शन दिया बल्कि उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने पैंतालीस दिवसीय प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण योजना अंतर्गत शारीरिक एवं शैक्षिक प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की , सहायक संचालक अनिल सोनी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम के स्वागत सत्र में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने समस्त आमंत्रित अतिथियों तथा प्रशिक्षकों में विशेष रूप से लीना श्रीवास, रोहित जायसवाल, नितिन छारी, अमित सोनी व अन्य प्रशिक्षकों को उनकी श्रेष्ठ सेवाओं के लिए शाल श्रीफल से सम्मान किया ।

---

पांच जिलों में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अधोसंरचना परियोजनाएं संचालित

## सिंहस्थ से बदलेगा मालवा का नक्शा, मिलेगा लाभ

### उज्जैन के साथ इंदौर, देवास, रतलाम, शाजापुर और मंदसौर को भी मिलेगा सड़क, रेल, हवाई संपर्क का लाभ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 केवल महाकाल की नगरी उज्जैन का धार्मिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह पूरे मालवा क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक स्वरूप को बदलने वाला महाअभियान साबित हो सकता है। सिंहस्थ की तैयारियों के लिए उज्जैन और आसपास के जिलों में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अधोसंरचना परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका सीधा लाभ उज्जैन के साथ इंदौर, देवास, रतलाम, शाजापुर और मंदसौर को भी मिलेगा।

सरकार का फोकस इस बार केवल मेला क्षेत्र तक सीमित नहीं है। सड़क, रेल, हवाई संपर्क, जल प्रबंधन और पर्यटन सुविधाओं को क्षेत्रीय दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कह चुके हैं कि सिंहस्थ-2028 को दीर्घकालिक विकास के अवसर के रूप में देखा जा रहा है और इसके लिए पूरे मालवा की कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। क्षेत्रीय विकास की सबसे बड़ी तस्वीर सड़क नेटवर्क में दिखाई दे रही है। करीब 2935 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड मार्ग, 5017 करोड़ रुपये से उज्जैन-जावरा मार्ग, 2523 करोड़ रुपये से उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन और 2660 करोड़ रुपये से उज्जैन-गरोठ मार्ग का निर्माण हो रहा है। इन परियोजनाओं से उज्जैन की कनेक्टिविटी इंदौर, रतलाम, मंदसौर और राजस्थान सीमा तक मजबूत होगी, जिससे मालवा का व्यापार और पर्यटन दोनों गति पकड़ेंगे। रेल संपर्क में भी बड़ा बदलाव आने वाला है।



#### 236 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी

सिंहस्थ के दौरान 236 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी और उज्जैन, चिंतामन, पंवासा, पिंगलेश्वर, विक्रम नगर समेत सात रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। फतेहाबाद रेल ट्रैक शुरू होने के बाद रेल यातायात को नया विकल्प मिला है, जिससे इंदौर और पश्चिमी मालवा के यात्रियों को भी लाभ होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि कुंभ और सिंहस्थ जैसे आयोजन केवल धार्मिक महत्व नहीं रखते, बल्कि वे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के बड़े इंजन साबित होते हैं। सिंहस्थ-2028 भी मालवा के लिए वैसा ही अवसर बनकर उभर रहा है। यदि निर्धारित परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो यह आयोजन केवल उज्जैन की तस्वीर नहीं बदलेगा, बल्कि पूरे मालवा के विकास का नया भूगोल रचेगा।

**उज्जैन-देवास** मार्ग पर प्रस्तावित नए हवाई अड्डे और सदावल में चार आधुनिक हेलीपैड पूरे मालवा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन के नए नक्शे पर स्थापित करेंगे। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि इससे होटल उद्योग, ट्रैवल सेक्टर, परिवहन, स्थानीय व्यापार और सेवा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सिंहस्थ-2028 के लिए लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए होटल, धर्मशाला, रेस्टोरेंट, परिवहन और अन्य सेवा क्षेत्रों में निजी निवेश तेजी से बढ़ रहा है।


---

## मालवा की गर्म जलवायु में किसान ने पैदा किए सेब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जहां आमतौर पर सेब की खेती ठंडे प्रदेशों तक सीमित मानी जाती है, वहीं मालवा के खरसौद खुर्द के युवा किसान अनिल पाटीदार ने इस धारणा को बदल दिया है। नवाचार और नई तकनीक अपनाने की सोच के साथ उन्होंने गर्म जलवायु में सेब की खेती कर सफलता हासिल की है। अनिल पाटीदार के मन में वर्ष 2024 में खेती में कुछ नया करने का विचार आया। उन्होंने यूट्यूब के माध्यम से सेब की खेती के बारे में जानकारी जुटाई और हिमाचल प्रदेश जाकर बगीचों का निरीक्षण किया। खेती की तकनीक को करीब से समझा। जानकारी और प्रयोग के आधार पर उन्होंने अपने खेत में सेब का बगीचा तैयार किया, जो अब क्षेत्र के किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। सात किस्मों के पौधों से शुरू किया प्रयोग किसान अनिल पाटीदार ने बताया कि उन्होंने कई बार हिमाचल प्रदेश और विभिन्न बड़ी नर्सरियों का दौरा कर जानकारी जुटाई। इसके बाद अन्ना, वांगू सहित सात अलग-अलग किस्मों के सेब के पौधे लगाए। इनमें वांगू किस्म के 10 पौधे विशेष रूप से केन्या से मंगवाए गए। सभी किस्मों ने स्थानीय जलवायु में अच्छा प्रदर्शन किया और पौधों पर फल आने लगे। 450 पौधे बेड पद्धति से लगाए दिसंबर 2024 में करीब 450 पौधे बेड पद्धति से लगाए गए। पौधे से पौधे की दूरी 6 फीट और लाइन से लाइन की दूरी 10 फीट रखी गई।

न्यूज कालम



## जुलाई से लागू होगी जीराम जी योजना,ग्राम पंचायतों में तय होगी श्रेणी

**खरगोन।** मनरेगा की जगह विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन.ग्रामीण (वीबी जी राम जी) योजना एक जुलाई से लागू होने जा रही है। मध्य प्रदेश में इसकी तैयारी हो गई है। सभी जिलों को एक्शन प्लान बनाने के लिए कहा गया है। नई योजना में पंचायतों को तीन श्रेणी में बांटकर विकास कार्य कराए जाएंगे। पिछड़ी, जिला मुख्यालय से दूर और अधिक एससी-एसटी आबादी वाली पंचायतों को सी श्रेणी में रखा जाएगा। यानी, यहां ज्यादा काम कराए जाएंगे। इसके बाद बी श्रेणी की पंचायतों में इससे कम और ए श्रेणी वाली में सबसे कम काम होंगे। वर्गीकरण का आधार अभी तक हुए विकास कार्य होंगे। मजदूरों के नए जॉब कार्ड बनाए जाएंगे, लेकिन जब तक नहीं बनते पुराने कार्ड के आधार पर ही उन्हें रोजगार दिया जाएगा।इसके पहले मनरेगा के अंतर्गत उन कार्यों को ३० जून तक पूरा करने का लक्ष्य है, जो नई योजना में नहीं है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि इस अवधि तक काम पूरे नहीं हुए तो बचे कार्यों पर खर्च होने वाली राशि का बोझ राज्य सरकार पर आएगा। इनमें गैर अनुमत कार्य जैसे तालाबों में पानी का कटाव रोकने के लिए पत्थर का बधान बनाना आदि शामिल हैं।

## प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 30 जून को बुरहानपुर प्रवास पर

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट मंगलवार, 30 जून को बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सिलावट दोपहर करीब १२ बजे बुरहानपुर पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के बाद दोपहर १:४५ बजे रेणुका झील पर आयोजित वृक्षारोपण एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। समापन कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री करीब ३:३० बजे अगले गंतव्य के लिए रवाना होंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

## वार्ड-5 में दूषित पानी से लोग बीमार, नपा पर लापरवाही का आरोप

**बुरहानपुर।** वार्ड क्रमांक 5 में सप्लाई हो रहे दूषित पानी से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद नगर पालिका जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है। नागरिकों ने बताया कि पिछले कई दिनों से नलों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। ॥2स वायल टेस्ट में भी पानी काला हो गया, जो बैक्टीरिया की पुष्टि करता है। दूषित पानी पीने से कई लोग उल्टी-दस्त और पेट दर्द से परेशान हैं। इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन १८१ पर दर्ज कराई गई है। वार्डवासियों का कहना है कि नपा अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मजबूरन उच्च स्तर पर शिकायत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि तुरंत पानी की जांच करवाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। दूषित पानी से जनस्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है।

## वर्षाकाल में जलभराव व बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

**बड़वानी** । नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा मानसून के दौरान शहर में संभावित जलभराव, बाढ़ या अतिवृष्टि जैसी आपात कालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। नगर पालिका प्रशासन ने समस्त नगरवासियों को सूचित किया है कि वषार्काल में यदि शहर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव या अन्य कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो नागरिक सतर्कता बरतें और तत्काल राहत व बचाव दल से संपर्क करें। जनता की त्वरित सहायता के लिए विभाग द्वारा नौ जिम्मेदार प्रभारियों की सूची और उनके मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं।

## ताजिया देखने की बात पर विवाद

**खंडवा।** शिवाजी चौक स्थित शर्मा गैरेज के पास ताजिया देखने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी मोहम्मद निजाउद्दीन की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

## हमला कर जान से मारने की धमकी

**खंडवा।** जावर थाना क्षेत्र के ग्राम पलकना में गाली-गलौज के बाद लकड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। फरियादी मुकेश मालाकार ने शिकायत में बताया कि आरोपी प्रवीण मालाकार ने मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थाना सोरवा पुलिस की अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

# 369 बल्क लीटर अवैध शराब एवं बिना नंबर की बोलेरो वाहन सहित कुल 6.61 लाख का मशरूका जप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना सोरवा पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी कार्यवाही करते हुये शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 29 जून 2926 की तड़के लगभग 3.50 बजे थाना प्रभारी सोरवा उनि मुकेश कनासिया अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं रोड पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम चांदरमुली क्षेत्र में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छकतला की ओर से एक सफेद रंग की बिना नंबर की महिन्द्रा बोलेरो वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध शराब भरकर अंधारकांच की ओर ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से ग्राम चांदरमुली तिराहे पर घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताए अनुसार एक सफेद रंग का बिना नंबर का महिन्द्रा बोलेरो वाहन आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा वाहन को रोकने का संकेत दिए जाने पर चालक ने वाहन को तेज गति से भगाकर पुलिस से बचने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए वाहन का पीछा किया तथा वाहन चालक के द्वारा वाहन को चांदरमुली पुलिया के समीप अंधेरे मे छोडकर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भाग गया। वाहन को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना सोरवा लाया गया। थाना परिसर में पंचों की उपस्थिति में वाहन की विधिवत तलाशी एवं गिनती की कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान वाहन से विभिन्न ब्रांडों की बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई, जिसमें देशी मदिरा, रिच व्हिस्की, गोवा व्हिस्की, लंदन प्राइड, किंगफिशर बीयर तथा सेन्ट्रल प्रोवींस व्हिस्की शामिल थी।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोरवा उनि मुकेश कनासिया के नेतृत्व में चौकी प्रभारी फूलमाल कालुसिंह अलावा, प्रधान आरक्षक शंकर, आरक्षक राहुल, आर मिथुन मण?डलोई एवं आरक्षक सोमेश्वर बघेल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।



## बड़वानी में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

**बड़वानी** । जिला चिकित्सालय बड़वानी में श्री जगदीश धनगर पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, श्री गजेन्द्र सोनाने वार्ड पार्षद, श्री श्रीराम जी यादव लायंस क्लब बड़वानी के द्वारा पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ रविवार को किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चाचरिया विकासखण्ड़ सेंधवा में श्री मोन्टू सोलंकी विधायक विधानसभा क्षेत्र सेंधवा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपालसिंह ठाकुर द्वारा पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। राज्य स्तर से जन्म से पांच वर्ष की आयु के कुल 261309 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है। डॉ. अतुल राठौड़ जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिधियों को अवगत कराया गया कि जिले में प्रथम दिवस हेतु कुल 1524 बूथ, 111 ट्रांजिट टीम एवं 37 मोबाईल टीम के माध्यम से 3344 कर्मचारियों के कार्य की मॉनिटरिंग हेतु 266 नियुक्त कर लक्षित बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जावेगी। जिला चिकित्सालय शुभारम्भ अवसर डॉ. राजेश गुप्ता जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. मनोज खन्ना सिविल सर्जन बड़वानी, श्री मनीष भद्रावले जिला कार्यक्रम प्रबंधक, देवेन्द्र चौहान डाटा मैनेजर टीकाकरण, हीना मकरानी सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, अजय यादव एवं स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ उपस्थित था।

# महाकाल मित्र मंडल ने उत्कृष्ट 113 मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



महाकाल मित्र मंडल द्वारा विगत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ११३ मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी विशेष जोर दिया गया।

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के आर. अलागेशन, ज्ञानेश्वर खैरवार, अधिवक्ता संजय नायके, डॉ. समीक्षा गुड़गे, नीलेश जगताप सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल च्लाराज ने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रतिभाओं को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना है। शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। पूर्व नपा अध्यक्ष सोहन सैनी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लक्ष्य तय कर अनुशासित जीवन जरूरी है।

अधिवक्ता संजय नायके ने सम्मान को वर्षों की मेहनत का परिणाम बताया। डॉ. समीक्षा गुड़गे ने तनावमुक्त शिक्षा का संदेश देते हुए अच्छा इंसान बनने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि आर. अलागेशन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व का विकास है।

सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और अभिभावकों की आंखों में गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश शिंदे ने किया। अंत में राजेश पटेल ने सभी का आभार माना। समारोह की सफलता में अमित दास, ललित पटेल, कैलाश पाटील, पवन बौरासी सहित मंडल के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन व मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों एवं अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में ५० दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर उनका समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर अर्थदंड लगाने तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सचिवों का समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों की जनपदवार समीक्षा करते हुए सभी लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में विलंब के कारण बच्चों एवं हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित साफ-सफाई, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था एवं जनगणना कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एवं स्रू बच्चों के पंजीयन तथा एमएमबीएएसके (मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम) पोर्टल पर लक्ष्य के अनुरूप प्रविष्टियां नहीं होने पर डीपीओ के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# यूसीसी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सौंपा ज्ञापन, समिति भंग करने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



बड़वानी प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से खरगोन के पूर्व विधायक परसराम डंडीर के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर समान नागरिक संहिता के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में यूसीसी कानून लागू करने के लिए गठित की गई समिति भंग करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जाकिर खान, पूर्व अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश सचिव एडवोकेट शाहरुख मिर्जा तथा समाजसेवी सुल्तान भुट्टो शामिल थे।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यूसीसी समिति का गठन पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि समान नागरिक संहिता की आड़ में मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता तथा अल्प संख्यकों के संवैधानिक अधिकारों और हितों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि इस प्रकार के भेदभावपूर्ण् विधेयक एवं इसके लिए गठित समिति को समाप्त किया जाए, ताकि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित हो सके। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सूनने के बाद विरोध दर्ज कराने का आश्वासन दिया।

## सिंधी कॉलोनी में विवाद, मामला दर्ज

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी में आपसी विवाद के दौरान एक युवक और उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी पियूष मोहनानी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे "गोल्ड चोर" कहकर अपमानित किया तथा उसके परिवार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मोघट रोड पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**खंडवा।** शहर के लोहारी नाका स्थित गुरुद्वारे के पास शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम दोंदवाड़ा निवासी शुभम चौहान घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पाउच लाने से मना करने पर मारपीट

**खंडवा।** मोघट रोड थाना क्षेत्र के हातमपुरा में पाउच लाने से मना करने पर 13 वर्षीय किशोर अरशद के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि वसीम ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ों से मारपीट की और उसका सिर ठेले से टकरा दिया, जिससे उसे चोट आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डिजिटल प्रशिक्षण में हासिल की शत-प्रतिशत सफलता

**खण्डवा।** भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-२०२६ के अंतर्गत पूरे प्रदेश में विधि डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में पार्टी के जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त कर पास होकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सभी मंडलों के साथ मोर्चा एवं पदाधिकारी भी इस अभियान में सतत जुड़े हुए हैं। इस प्रशिक्षण में भाजपा किसान मोर्चा खण्डवा ने डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला इकाई के सभी ३१ पदाधिकारियों ने निर्धारित समय सीमा में प्रशिक्षण पूर्ण कर संगठनात्मक अनुशासन और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, शिक्षा,स्वास्थ,उर्वरक वितरण,श्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों के अंतर्गत आरसीएमएस पोर्टल पर नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि नामांतरण, बँटवारा, सीमांकन, रास्ता विवाद और अतिक्रमण इत्यादि के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए, जिसकी समीक्षा आगामी राजस्व अधिकारियों की बैठक में की जाएगी। बैठक में फार्मर आईडी बनाने एवं गिरदावरी के रकबे के सत्यापन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, मानसून की गतिविधियों को देखते हुए राजस्व अमले को फील्ड पर जाकर मुस्तैदी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि, सहकारिता एवं मार्कफेड विभाग के अधिकारियों से जिले में उर्वरक के वर्तमान स्टॉक और उसके सुचारू वितरण की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को संतुलित खाद उपयोग के लिए जागरूक किया जाए और उन्हें निर्धारित व अनुमत्य मात्रा में ही खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, सहकारिता का दायरा बढ़ाने के लिए सहकारिता विभाग को समितियों में नए सदस्य बनाने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाया

बड़वानी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित 'सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना पानसेमल पुलिस द्वारा ग्राम जलगोन में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणजनों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट वितरित कर विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस 21 जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेगी ज्ञापन

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कर्मचारियों के लंबित भुगतान, बकाया राशि, पेंशन बढ़ोतरी एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना को लेकर 21 जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अभी तक शासन स्तर से कोई समाधान नहीं हुआ है। इसी को लेकर आयोजित बैठक में आगे की आंदोलन की रणनीति बनाई गई। ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि कर्मचारी लगातार अपने अधिकारों के लिए शासन से मांग कर रहे हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि २१ जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही आने वाले दिनों में मांगों को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर मामले को उठाया जाएगा और आंदोलन को तेज किया जाएगा।

कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे अपने हक के भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। शासन से मिली जानकारी के अनुसार श्री सिंथेटिक्स की करीब 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह भूमि वर्तमान में कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है।

जब तक उनका लंबित हिसाब-किताब और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक प्रस्तावित परियोजना का विरोध जारी रहेगा। बैठक में पीएफ से मिलने वाली पेंशन बढ़ाने की मांग पर भी चर्चा हुई। संगठन ने मांग की कि वर्तमान में मिल रही एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन को बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह किया जाए। बैठक में कर्मचारियों, स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों एवं ठेका श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम राबड़िया में सुनी पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण

**टोंक खुर्द।**रविवार को टोंक खुर्द तहसील के ग्राम राबड़िया में बूथ क्रमांक ७३ भंवरनाथ मंडल उपाध्यक्ष डॉ. राममूर्ति पटेल के निवास पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल समेत तमाम नेताओं व भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम च्मन की बात को सुना। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल ने कहा कि वास्तव में यह प्रधानमंत्री मोदी का संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की धड़कन है, जो नए भारत की आकांक्षाओं के संकल्पों को स्वर देता है। आज की च्मन की बात सुनकर फिर यह विश्वास और भी प्रबल हुआ है कि हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। पीएम के मन की बात सुनने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिंधल और कार्यकताओं ने पौधारोपण करने का संकल्प लिया और पौधारोपण किया।इस अवसर पर नितेश पटेल( भाजयुमो महामंत्री )डॉ राममूर्ति पटेल मंडल उपाध्यक्ष,पप्पू भजन गायक ,संतोष चौधरी,हिम्मत सिंह चावड़ा,राहुल परमार,कमल बाबा,गुरुचरण चौकीदार,नितिन पटेल,राजेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पाउच लाने से मना करने पर मारपीट

**खंडवा।** मोघट रोड थाना क्षेत्र के हातमपुरा में पाउच लाने से मना करने पर 13 वर्षीय किशोर अरशद के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि वसीम ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ों से मारपीट की और उसका सिर ठेले से टकरा दिया, जिससे उसे चोट आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

**बड़वानी** । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय की महत्व पूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ,उर्वरक वितरण,श्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

## न्यूज -कॉलम

### हत्या के आरोपी को कोर्ट में पेश कर लिया जायेगा रिमांड



**उज्जैन।** बिरलाग्राम में रविवार शाम शराब पीने के बाद बीड़ी मांगने पर हुए विवाद में मोहनलाल पिता अंबाराम ढोली 55 साल ने तलवार से हमला कर 19 साल के जयप्रकाश उर्फ टक्कू पिता राकेश परिहार की हत्या कर दी थी। रात में पुलिस ने आरोपी मोहनलाल को राउंडअप कर लिया था। सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर तलवार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।

### उज्जैन रेलवे स्टेशन पर मिली महाराष्ट्र की लापता बालिका

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के ठाणे में रहने वाली 17 वर्षीय बालिका कुछ दिनों पहले लापता हो गई थी। कलवा थाना पुलिस ने बालिका के परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सोमवार को बालिका की लोकेशन उज्जैन रेलवे स्टेशन पर मिलते ही कलवा थाना पुलिस ने जीआरपी उज्जैन से संपर्क किया। थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने टीम को अलर्ट किया और प्लेटफार्म पर बालिका की तलाश शुरू की। जिसे लोकेशन के आधार पर कुछ देर बाद स्टेशन परिसर ने दस्तयाब कर लिया गया। बालिका के साथ युवक भी था, उसे हिरासत में लिया गया। बालिका की लोकेशन उज्जैन की मिलने पर महाराष्ट्र कलवा थाना पुलिस पहले ही निकल चुकी थी। शाम को उज्जैन पहुंचने पर जीआरपी ने बालिका और उसके साथ हिरासत में युवक को सौंपा। दोनों को महाराष्ट्र ले जाया गया है।

### मोबाइल चोरी करते पकड़ाया नाबालिग

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी रामघाट स्थित आरती स्थल पर पंडित राजेश पिता विद्याधर त्रिवेदी की जेब से भीड का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों की मदद से पकडा गया। मामले की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस रामघाट पहुंची और युवक को हिरासत में लिया गया। उसके पास से राजेश त्रिवेदी की जेब से चोरी किया गया 35 हजार कीमत का मोबाइल जप्त कर लिया गया। युवक को थाने ले जाया गया, जहां पूछताछ में पारदी गिरोह का नाबालिग बदमाश होना सामने आया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि नाबालिग के खिलाफ पूर्व में भी 2 अपराध दर्ज होना सामने आये है। वह मक्सीरोड शंकरपुर क्षेत्र का रहने वाला है। पंडित राजेश त्रिवेदी की शिकायत पर उसके खिलाफ मोबाइल चोरी का प्रकरण दर्ज कर बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

### अधिकतम-न्यूनतम तापमान में दर्ज की गई तेजी

**उज्जैन।** मानूसन की दस्तक के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी। सोमवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 10 डिग्री का फासला रहा गया था। लेकिन तापमान में तेजी आई थी। जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि रविवार-सोमवार रात न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री की तेजी आई थी और 25.5 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान भी 2.2 डिग्री बडा 35.5 डिग्री दर्ज हुआ। अधिकतम-न्यूनतम में 10 डिग्री का फासला बना हुआ है। जिस तरह से मानसून के आसार दिखाई दे रहे है। उससे आगामी दिनों में दिन-रात के तापमान में गिरावट आयेगी, लेकिन कुछ दिनों तक उतार-चढ़ाव भी बना रहेगा। पिछले कुछ दिनों में 194 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे उमस महसूस हो रही है। यहीं वजह है कि सोमवार को तापमान में तेजी दर्ज हुई है।

### नाबालिग ट्रेक्टर चालक ने गाय को मारी टक्कर

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम करोदिया रोड नयापुरा में हनुमान मंदिर के सामने सोमवार सुबह ट्रेक्टर दौडा रहे नाबालिग ने गाय को टक्कर मार दी। घटनाक्रम में गाय बुरी तरह घायल हो गई। लोगों को गुस्सा भडक गया, मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंची ट्रेक्टर जप्त किया और नाबालिग को पकडा। वहीं मामले में राधेश्याम पिता कमलसिंह भाटी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। ट्रेक्टर मालिक मुकद्दर खान निवासी पैतीसारोड होना सामने आया। नाबालिग चालक उसका पुत्र था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256-9 | 120-3 |
| मेन बाजार | 238-3 | 666-8 |
| कल्याण नाइट | 479-0 | 356-4 |
| मिलन डे | 677-0 | 389-0 |
| मिलन नाइट | 167-4 | 779-3 |
| मधुर डे | 148-3 | 466-6 |
| मधुर नाइट | 158-4 | 135-9 |
| शुभांक | 3 7 | 6 |

# छत भराई की मिनी मशीन 8 साल के मासूम पर गिरी

## सिर में चोंट लगने पर हुई, पुत्र को देख बदहवास बेहोश हुये माता-पिता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

निर्माणाधीन मकान में सोमवार दोपहर हुए हादसे में 8 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। पुत्र का शव देख माता-पिता बेहोश हो गये। मासूम पर छत भराई की मिनी लिफ्ट मशीन गिरी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकडे ने बताया कि इंदिरानगर में निर्माणाधीन मकान में 8 साल के मासूम नैंस पिता हेमराज मेनिया पर मिनी लिफ्ट मशीन गिरने से हुई मौत की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मासूम को निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि करने के बाद शव को चरक अस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मासूम के पिता हेमराज अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ इंदिरानगर में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी के लिये आये हुये थे। परिवार आगर-मालवा के नलखेड़ा का रहने वाला है। निर्माणाधीन मकान धनश्याम चेतनानी का बताया जा रहा है।

जहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव



अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव लेकर गये है। कुछ दिनों बाद परिवार के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

**दूसरी मंजिल पर खेल रहा था मासूम**

बताया जा रहा है कि मासूम नैंस मकान की दूसरी मंजिल पर खेल रहा था। उसके माता-पिता काम में लगे थे, वहीं 3 साल की छोटी बहन माता-पिता के साथ थी। निर्माण कार्य में लगे दूसरे मजूदर छत भराई के लिये मिनी लिफ्ट मशीन को कसने का काम कर रहे थे उसी दौरान मशीन नीचे गिरी। मासूम के सिर में चोंट लगने पर उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी।

**माता-पिता शव देख हुये बेहोश**

हादसे के बाद काम करने में वालों में हडकंप मच गया था। मासूम पुत्र नैंस के दबने की खबर लगते ही माता-पिता दूसरी मंजिल पर पहुंचे। उन्होने पुत्र को देखा तो दोनों बेहोश हो गये। मासूम के सिर में गंभीर चोंट लगी थी। पोस्टमार्टम के दौरान भी माता-पिता बदहवास हालत में थे, परिवार के अन्य लोग खबर लगने पर उज्जैन पहुंच गये थे। नैंस परिवार का एकलौता पुत्र था।

# वाइन शॉप में मिला एमडी ड्रग्स खरीदने आया मुम्बई का युवक

## घाटाखेडी से लाकर बेचने वाला गिरफ्तार, दोनों से रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रात्रि गश्त में पुलिस ने गरोठ 8 लेन छज्जूखेडी से एक युवक को मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ पकडा। पूछताछ करने पर उसने मुम्बई के युवक को बेचने की बात कहीं। पुलिस ने कार से निकले मुम्बई के युवक की तलाश शुरू की तो वाइन शॉप में मिला। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है।

राघवी पुलिस ने रविवार-सोमवार रात्रि गश्त के दौरान छज्जूखेडी से ईश्वर पिता तूफानसिंह 22 साल निवासी टीपूखेडा झारडा को पकडा गया था, उसके पास से मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद की गई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मुम्बई के मलाड में रहने वाले विनोद पिता रामकृष्ण सिरभाते को ड्रग्स देने आया था। मुम्बई के युवक की जानकारी लेने पर पता चला कि फार्च्युनर कार से निकला है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की तो उक्त कार घौंसला वाइन शॉप के सामने ख?ी मिली। पुलिस ने चालक के लौटने का इंतजार किया उसके आते ही उसे भी दबोच लिया। दोनों के पास से 19 ग्राम के लगभग ड्रग्स बरामद होने पर एनडीपीएस



एक्ट का प्रकरण दर्ज किया।

थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने बताया कि दोनों को सोमवार दोपहर उज्जैन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

**घाटाखेडी के मेहरबान से लाता था ईश्वर-** बताया जा रहा है कि ईश्वर से पूछताछ में पता चला कि वह डग बडौद स्थित घाटाखेड़ी के मेहरबान से ड्रग्स लेकर आता था। उसने कई लोगों से संपर्क बना रखा है, जो मादक पदार्थ का सेवन करते है। वह पिछले सालभर से ड्रग्स लाकर लोगों को बेचने का काम कर रहा है। राघवी पुलिस तस्कर का नाम सामने आने पर उसकी तलाश में घाटाखेडी जा सकती है। जानकारी यह भी सामने आई कि मुम्बई का विनोद पूर्व में भी ड्रग्स लेने आ चुका है। उसे नशे का शौक है, वह किराये से कार लेकर उज्जैन आया था। ईश्वर से उसका संपर्क 8 माह पूर्व हुआ था।

चार माह से थी तलाश, केन में भरी मिली कच्ची शराब....

# गिरफ्त में किंग बताकर अवैध वसूली करने वाला बदमाश

**उज्जैन।** खुद को किंग बताकर 10 हजार की अवैध वसूली का प्रयास करने वाला बदमाश चार माह से फरार चल रहा था। रविवार-सोमवार रात कस्बा भ्रमण के दौरान बदमाश को हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 23 फरवरी को फकीर मोहल्ला में रहने वाले नवाब पिता मुजम्मिल शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में उसके घर पर निजाम उर्फ निजामुद्दीन पिता मोईनउद्दीन शाह अपने भाईयों शाहबुद्दीन शाह, मोईन शाह और पिता मोईनउद्दीन शाह के साथ आया था। निजाम उर्फ निजामउद्दीन ने खुद को महिदपुर का किंग बताया और बोला कि तुझे यहां रहना है तो हमारे घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों का मेंटनेंस प्रतिमाह 10 हजार रूपये देना होगा। धमकाकर जबरदस्ती अवैध वसूली का प्रयास कर रहे चारों का विरोध किया तो उन्होने लोहे के पाईप से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। नवाब की शिकायत पर तत्कालीन थाना प्रभारी ने धारा 119 (1), 333, 115 (2), 296 बी, 351 (3), 3 (5) का मामला दर्ज किया था और माईनउद्दीन के साथ उसके पुत्र शाहबुद्दीन और मोईन को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन निजाम उर्फ निजामउद्दीन लगातार फरार चल रहा था। चार माह बाद रात्रि में कस्बा भ्रमण पर एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह और टीम के साथ निकले थे।

उसी दौरान हाथ में केन लेकर एक व्यक्ति जाता दिखाई दिया, शंका के आधार पर उसकी घेराबंदी की गई और पकड़ा गया तो चार माह से फरार निजामउद्दीन होना सामने आया। उसके पास से केन में भरी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। थाने लाकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया और पूर्व में दर्ज अवैध वसूली के प्रकरण में गिरफ्तारी की गई। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार आरोपी निजाम उर्फ निजामउद्दीन वर्ष 2012 से अपराधों में लिप्त है। उसके खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला, दंगा करने, जुआ सट्टा, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट जैसे 21 गंभीर अपराध पूर्व से दर्ज है।

# वेन धमाका मामले में फरार 5 आरोपी और गिरफ्तार

**उज्जैन।** मोहर्रम जुलूस के दौरान बड़नगर में 40 फीट ऊंचाई पर वेन लटका कर धमाका करने के मामले में फरार चल रहे 5 आरोपी सोमवार को गिरफ्त में आ गये। अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य का पता लगाने के लिये 2 को रिमांड पर लिया गया है।

23-24 जून की रात बड़नगर के स्तंभ चौक में मोहर्रम जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने अखाड़े में प्रदर्शन करते हुये क्रेन की मदद से वेन को 40 फीट की ऊंचाई पर लटकाया था और लिखा था लो फिर आ गये ।

कुछ देर बाद वेन में धमाका किया गया। धमाके का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सार्वजनिक शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने का प्रकरण दर्ज कर धमाका करने वाले 4 आरोपी शोएब, जाहिद, तपसील उर्फ तस्लीम और अखाड़ा संचालक निवासी अडान मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया था। उनके साथियों की तलाश जारी थी। थाना प्रभारी कलमेश सिंघार ने बताया कि रविवार-सोमवार रात मामले से जु? 5 आरोपियों की ओर गिरफ्तारी की गई। जिन्हे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 आरोपित अयान और मोइन को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। वहीं नाहरू, इम्तियाज और रईस को जेल भेजा गया। अब तक 9 की गिरफ्तारी हो चुकी है, 7 न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये है। रिमांड पर 2 आरोपितों से अन्य साथियों की जानकारी जुटाकर पता लगाया जा रहा है कि विस्फोट के पीछे उनका मकसद क्या था और धमाके की योजना किसने बनाई थी।

# रात डेढ़ बजे घर में सो रहे मिस्त्री को सांप ने काटा

## अस्पताल में हुई मौत, सुबह सांप को पकड़ा

**उज्जैन।** घर में सो रहे मिस्त्री को रात डेढ़ बजे जांघ पर जलन महसूस हुई, उसी आंख खुली तो सांप दिखाई दिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के गांधीनगर का है। यहां रहने वाला राजेश पिता रतनलाल 40 साल मिस्त्री का काम करता था। रात में परिवार के साथ घर में सोया हुअ था। डेढ़ बजे जांघ पर जलन होने पर आंख खुलने पर उसे सांप दिखाई दिया। उसका शोर सुनकर परिवार जाग गया।

सांप घर में सामान के बीच चला गया। कुछ देर बाद राजेश की हालत बिगड़ने लगी। उसे अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घर में सांप के होने पर परिवार को कोई सदस्य अंदर नहीं गया। सुबह सांप पकड़ने वालों को बुलाया गया, करीब आधे घंटे बाद सर्पमित्र द्वारा सांप का रेस्क्यू कर लिया गया। इधर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर राजेश का पोस्टमार्टम कराया। मृतक 2 बच्चों का पिता था। विदित हो कि बारिश के चलते जहरीली जानवरों का बिलों से निकलना शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में सावधान रहने की जरूरत है। प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले सामने आते है।

# शराब नहीं लाने पर युवक को मारे 8 चाकू

**उज्जैन।** तीन दोस्त रविवार-सोमवार रात शराब पीने पहुंचे थे। रात 1 बजे शराब खत्म होने पर 2 ने कहा कि ओर शराब लेकर आओ। तीसरे साथी ने मना कर दिया, जिसको लेकर विवाद हुआ और दोनों ने 8 चाकू मारकर घायल कर दिया।

आगर नाका का रहने वाला इमरान पिता अब्दुल कादर अपने 2 साथी आसिफ चीना और शाकिब के साथ रविवार रात गरोठ ब्रिज के नीचे आगररोड पर शराब पीने पहुंचा था। तीनों ने पहले साथ शराब पी, रात 1 बजे के लगभग शराब खत्म होने पर इमरान से ओर शराब लाने की जिद करने लगे। इमरान ने शराब लाने से माना किया तो आसिफ और शाकिब ने विवाद शुरू कर दिया। उनके बीच कहासुनी इतनी बड़ गई कि दोनों ने चाकू से इमरान पर वार कर दिये। 8 चाकू लगने पर इमरान लहूलुहान हो गया। दोनों हमलावर भाग निकले। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां वह बेहोशी की हालत में था। सोमवार सुबह होश आने पर उसके बयान लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि चाकू मारने वाले दोनों आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। घायल की हालत खतरे से बाहर है।

# आपदा और सुरक्षा प्रबंधन का सबसे बड़ा अवसर सिंहस्थ

## तैयारियों को लेकर होमगार्ड डीजी ने सैनिकों की भूमिका को किया रेखांकित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ 2028 में होमगार्ड विभाग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। विभाग द्वारा प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर तैयारियां कर रहा है। होमगार्ड की तैयारियों को लेकर विभाग की महानिदेशक (डीजी) 2 दिनों के प्रवास पर उज्जैन पहुंची थी। उन्होने सैनिकों की भूमिका को रेखांकित किया वहीं क्षिप्रा नदी किनारे बन रहे 30 किलोमीटर के घाटों का जायजा लिया।

होमगार्ड सिविल डिफेंस और आपदा प्रबंधन की महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव रविवार को सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की तैयारियों का जायजा लेने के लिये 2 दिवसीय प्रवास पर उज्जैन आई थी। उन्होने पहले दिन बाबा महाकाल के दर्शन किये और सिंहस्थ महाकुंभ के आपदा मुक्त आयोजन की कामना की। प्रथम दिन उन्होने होमगार्ड की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और



कार्ययोजना को समझा।

उनका मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ में देश-दुनिया से आने वाले करोडों श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करना था। दूसरे दिन सोमवार को कालिदास अकादमी के सभागार में उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह उपस्थित थे। उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम का संचालन जिला सेनानी संतोष कुमार जाट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले आपदा मित्रों और सिविल डिफेंस वॉलेटिंसर्य के अनुभवों को मंच से साझा किया। इस दौरान आपदा महिला मित्र को अपने अनुभव साझा करने के दौरान झिझक और घबराहट महसूस होती देख महानिदेशक खुद उनके पास पहुंची और हौसला अफजाई की मनोबल बढाया। कलेक्टर सिंह ने सिंहस्थ 2028 की व्यापक योजना, घाट प्रबंधन, भीड प्रबंधन, सेटेलाईट टाउंन मार्ग की जानकारी देते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा के सिविल डिफेंस वालंटियर्स, आपदा मित्रों और होमगार्ड सैनिक जिस प्रकार अब तक के मानसून और स्थानीय धार्मिक आयोजनों में अपनी ड्युटी कर रहे है।

वह सराहनीय है। आगामी सिंहस्थ का आपदा मुक्त सफल आयोजन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। होमगार्ड महानिदेशक ने अपने उद्बोधन में सिविल डिफेंस वालंटियर्स, आपदा मित्र और होमगार्ड सैनिकों की महती भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि सिंहस्थ 2028 न केवल एक महान धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह हमारे आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा तंत्र की तत्परता एवं दक्षता को प्रदर्शित करने का सबसे बडा अवसर भी है। उन्होने होमगार्ड जवानों को निस्वार्थ सेवा देने का संकल्प दिलाया। अंत में कार्यक्रम का आभार संभागीय सेनानी रोहिताश पाठक द्वारा माना गया।

**क्षिप्रा के घाटो चेतावनी संकेतकों के निर्देश**-कालिदास अकादमी में उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम के बाद महानिदेशक क्षिप्रा नदी के तटों पर निर्मित और निमार्णाधीन 30 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निरीक्षण करने पहुंची। त्रिवेणी मंदिर के निकट घाट का अवलोकन कर घाटों पर सुरक्षा रेलिंग तथा गहरे पानी के चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश जारी किये उसके बाद आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक तैयारियों को परखने के लिए पवित्र रामघाट पर पहुंची। जहां होमगार्ड/एसडीआरएफ सैनिकों के लिए आयोजित 7 दिवसीय बाड़ बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सैनिकों ने अत्याधुनिक मोटर बोट, गहरे पानी में खोजबीन करने वाले उपकरणों ड्राय रेस्क्यू और तैराकी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।



कर्म का अर्थ है करना, गतिशील होना, लेकिन जब आप कोई धारणा लेकर चलते हैं, तब केवल एक मानसिक कल्पना आपके साथ चलती रहती है। यदि धारणा न हो, तब क्या होगा? आप जो हैं, वही रहेंगे। आप कृपण हैं, क्षमाशील नहीं हैं, निष्ठुर, मूर्ख, विवेकहीन हैं। क्या आप इन सबके साथ ठहर सकते हैं? यदि आप ऐसा कर सकते हैं, तब देखिए कि क्या होता है। जब मैं अपनी कृपणता को पहचान लेता हूं, शाब्दिक या औपचारिक रूप से ही नहीं, बल्कि सच में जब मुझे यह एहसास हो जाता है कि मैं कृपण हूं, स्नेह-विहीन हूं, तो जो है उसके प्रत्यक्ष दर्शन में ही क्या प्रेम नहीं समाया होता? तब क्या मैं तत्क्षण उदार नहीं हो जाता हूं? यदि मैं स्वच्छ होने की आवश्यकता महसूस करता हूं, तो बहुत सरल सी बात है, मैं जाऊंगा और हाथ-मुंह धो लूंगा। मुझे साफ-सुथरा रहना चाहिए, यह यदि एक आदर्श हो, तब क्या होता है? तब स्वच्छता या तो स्थगित कर दी जाती है या वह एक सतही मामला हो जाता है। धारणा या विचार पर आधारित कर्म बड़ा सतही होता है, वह वास्तविक कर्म होता ही नहीं। यह महज एक कल्पना है। वह कर्म, जो मनुष्य के रूप में हमारा कायापलट कर दे, हममें नवजीवन का संचार करे, हमें पूरी तरह से रूपांतरित कर दे, मुक्त कर दे, धारणा पर आधारित नहीं होता। यह कर्म पुरस्कार और दंड के क्रम से अप्रभावित रहता है। ऐसा कर्म समय से परे होता है, क्योंकि मन जो कि समय की प्रक्रिया है, जो कि आकलन, विभाजन, अलगाव की प्रक्रिया है, उसकी ऐसे कर्म में कोई भूमिका नहीं होती। कर्म क्या है, इस प्रश्न का इतना आसान हल संभव नहीं है। आप में से अधिकांश लोग प्रश्न करते हैं और हां या नहीं में किसी उत्तर की अपेक्षा रखते हैं। आपका इससे क्या आशय है? ऐसा कोई प्रश्न आप पूछ लें, आराम से बैठ जाएं और मैं फिर समझाता रहूं, यह सब तो बहुत आसान है, लेकिन उस उत्तर को खुद अपने लिए खोजना, उस समस्या का इतनी गहराई से, इतनी अधिक स्पष्टता और बिना किसी तोड़-मरोड़ के अन्वेषण करना कि वह समस्या रह ही न जाए, यह कहीं अधिक दुष्कर है। यह तभी संभव है, जब समस्या का सामना करते वक्त मन वास्तव में शांत हो, मौन हो। अगर उस समस्या से आप प्यार करते हैं, तो वह उतनी ही सुंदर है, जितना कि सूर्यास्त। यदि उस समस्या के प्रति आपका विरोध भाव है, तो उसे आप कभी समझ नहीं पाएंगे। हममें से अधिकतर व्यक्ति विरोधग्रस्त होते हैं, क्योंकि हम परिणाम से भयभीत रहते हैं। हम इस एहसास से डरे हुए रहते हैं कि यदि हम इसमें आगे बढ़े, तो न जाने क्या होगा? अतः हम समस्या के महत्व को, उसकी व्याप्ति को खो बैठते हैं।



सम्पादकीय

## शांति में खलल

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव का फिर बढ़ना दुखद व शर्मनाक है। ईरान के साथ युद्ध विराम के लिए बनी सहमति पर बढ़-चढ़कर खुशी का इजहार करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ईरान में कई ठिकानों पर हमले हुए हैं। इसका जवाब ईरान ने भी बहरीन और कुवैत में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले के साथ दिया है। युद्ध के फिर भड़कने और युद्ध विराम के खत्म होने की आशंका मंडराने लगी है। हालात के बिगड़ने के लिए दोनों पक्ष एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दरअसल, यह अविश्वास से उपजा संकट है, जिसके समाधान की इच्छा अमेरिका में हाल के वर्षों में तो कभी नहीं दिखी है। अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान में जैसी दृढ़ता होनी चाहिए, उसका नितांत अभाव हो गया है। दरअसल, अमेरिकी प्रशासन ने ही अविश्वास का यह जाल बुना है, जिसमें वह खुद फंसा हुआ है। ट्रंप ने घोर असावधानी में यह ताजा धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने सैन्य बल का प्रयोग किया, तो ईरान का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप के इन चुभते शब्दों से पश्चिम एशिया में अमन-चैन को बल नहीं मिलेगा।

अस्थायी संघर्ष विराम में दरार आ गई है। तनाव बढ़ने के बाद ईरान ने अमेरिका के साथ शांति वार्ता समाप्त करने की धमकी दी है। होर्मुज समुद्री मार्ग के फिर बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। ईरान की नाराजगी से यही लगता है कि तेल संकट में फिर इजाफे के हालात बनेंगे। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद होर्मुज में यातायात शुरू हो गया था। अकेले भारत की ओर 30 से ज्यादा जहाज तेल, गैस, उर्वरक और अन्य सामान लेकर चल पड़े। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई थी, लेकिन अब भाव वापस 70 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने वाले हैं। तेल की गिरती कीमतों से महंगाई की रफ्तार पर भी अंकुश के आसार बन रहे थे, पर अब सुधरते हालात पर सवालिया निशान लग गए हैं। अमेरिका ने ईरानी मिसाइल व ड्रोन भंडारण स्थलों और तटीय रडार ठिकानों पर हमले किए हैं, तो ईरानी नौसेना और एयरोस्पेस बलों ने कुवैत व बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल व ड्रोन से हमला किया है। उधर, इजरायल भी हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले कर रहा है और हिजबुल्लाह भी इजरायल विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। गौर करने की बात है, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम सहमति बनने के बाद इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच भी सहमति बनी थी।

गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार कौन?

# देश के भविष्य से प्रधान नहीं हो सकते है, केंद्रीय शिक्षामंत्री

भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में जवाबदेही का महत्वपूर्ण स्थान है। लोक सेवक जनता कि सेवा के लिए होता है, उसके नैतृत्व में संबंधित विभाग द्वारा किये गए अच्छे कार्य स्वयं एवं सरकार कि वाहवाही एवं सराहना का कारण बनते हैं। इसके उलट लोक सेवक के नैतृत्व में कि जाने वाली विभागीय गलतियां, त्रुटियां स्वयं एवं सरकार कि आलोचना का कारण बनती हैं। नीट परीक्षा पेपर लिक के बाद से देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे कि मांग कि जा रही है। नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लिक के बाद उत्पन्न अत्यधिक मानसिक तनाव, हताशा के कारण देश भर में 12 से 16 के करीब छात्रों द्वारा खुदकुशी करने कि खबर सामने आई है। प्रजातंत्र में जवाबदेही और सामूहिक उत्तरदायित्व होना चाहिए। कोई इससे बच नहीं सकता है। एक स्कूल का प्राचार्य परीक्षा परिणाम बिगड़ने पर उत्तरदायी माना जाता है, जबकि प्राचार्य स्कूल का प्रबंधक होता है, उस पर शिक्षकीय दायित्व कम ही होता है, किंतु संस्था प्रमुख होने के कारण जिम्मेदारी प्राचार्य कि मानी जाती है।



नरेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

इस प्रकार भारत सरकार के शिक्षामंत्री पर भी सामूहिक उत्तरदायित्व एवं जवाबदेही का सिद्धांत लागू होता है। इसी जवाबदेही और सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत को पालन करवाए जाने कि मांग को लेकर नवनिर्मित काकरोच जनता पार्टी के बैनर तले पहले तो देश के बड़े शहरों में फिर देश कि राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जून से प्रदर्शन चल रहा है। इन प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे कि मांग कर रहे है। कांग्रेस ने भी इस विषय पर देश भर में आंदोलन चलाया रखा है केंद्र सरकार इस विषय पर खामोश नजर आ रही है। इस प्रकार आंदोलनकारियों कि अनदेखी करना देश कि वर्तमान सरकार कि आदत में शुमार हो गया है। सरकार को देश के भविष्य से अधिक महत्वपूर्ण शिक्षा मंत्री का पद पर बने रहना उचित लग रहा है। देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल किये जा रहे हैं। सरकार कि ओर से इसका जवाब कोई देने को तैयार नहीं है। 3 मई को आयोजित परीक्षा को पेपर लीक होने के बाद रद्द किया गया। इसके बाद 21 जून को री-नीट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के बाद टीवी चैनल को दिए अपने साक्षात्कार में देश केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने री-नीट के सफल आयोजन को उपलब्धि मानते हुए उन्होंने इसे पारदर्शी और लिक प्रूफ माना। उन्होंने री-नीट के सफल आयोजन के लिए सहयोगी एवं सरकार कि खुले मन से तारीफ कि इसी साक्षात्कार में उन्होंने राहुल गांधी पर देश के छात्रों को गुमराह करने का आरोप और काकरोच जनता पार्टी को उन्होंने देश को बाटने वाली इ टीम बताते हुए कहा जो देश के टुकड़े करना चाहते हैं वह जंतर-मंतर पर डफली बजा रहे हैं। देश इसकी समीक्षा कर रहा है।




देश के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नीट पेपर लिक के बाद दिए अपने साक्षात्कार में जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताना उचित नहीं है। अपने विचार से विपरीत विचार को देश के टुकड़े करने वाला, राष्ट्र विरोधी विचार बताना एक फैशन हो गया है। प्रधान ने उसी फैशनबल भाषा का उपयोग किया। जबकि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहरा रहा है। राष्ट्र भक्ति और राष्ट्रीयता से जुड़े गीतों से युवा लबरेज दिखाई दे रहे हैं।

जंतर-मंतर पर सबसे अधिक गूंज केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्याग-पत्र को लेकर सुनाई दे रही है। वही शिक्षामंत्री जो 21 जून कि री-नीट परीक्षा को सफल मानकर सामूहिक उत्तरदायित्व और जवाबदेही के साथ सरकार कि पीठ थपथपा रहे हैं। उन्हें 3 मई को नीट पेपर लिक सामूहिक उत्तरदायित्व एवं जवाबदेही के सिद्धांत से परे करते दिखाई देता है। गड़बड़िया हुई हैं, तो देश शिक्षामंत्री उसके लिए उत्तरदायी भी है। उन्हें पेपर लिक काण्ड के बाद तत्काल अपना अपने पद से त्याग-पत्र देकर देश कि जनता से माफी मांगना चाहिए थी। किंतु शायद ऐसा करने का साहस उनमे नहीं है। देश समीक्षा कर रहा है, आपकी सफलता और विफलता कि भी, सामूहिक उत्तरदायित्व और जवाबदेही के सिद्धांतो के पालन में सफलता और विफलता के दौरान अंतर करने के मामले में भी और देश यह भी समीक्षा कर रहा है कि देश के युवा जो शिक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर अपने भविष्य कि चिंता को लेकर झंडा उठा रहे है, उन्हें राष्ट्र विरोधी बताया जा रहा है। प्रजातंत्र में सत्ता पक्ष के खिलाफ उठने वाली हर आवाज राष्ट्र विरोधी नहीं होती, यह आवाजे भी राष्ट्र निर्माण कि आवाजे है। जंतर-मंतर दिल्ली में है। देश कि राजनैतिक पार्टियां भी भारत के प्रजातंत्र कि देन है। यह पार्टियां भी उतनी ही राष्ट्रीय है, जितनी देश कि सता में काबिज दल, इनका सोच भी बेहतर राष्ट्र का निर्माण है। केंद्र सरकार को चाहिए देश के भविष्य से प्रधान नहीं हो सकते देश के केंद्रीय शिक्षामंत्री इन्हे बदला भी जा सकता है। नीट पेपर लिक मामला सामुदायिक उत्तर दायित्व और जवाबदेही का विषय है।

## आखिरी आवेदन

नगर निगम के पुराने रिकॉर्ड रूम में एक आवेदन मिला। धूल से भरा हुआ, किनारों से पीला पड़ चुका और ऊपर लाल स्याही से लिखा था, अति आवश्यक। यह कोई नई बात नहीं थी। हमारे यहाँ अति आवश्यक का मतलब अक्सर यही होता है कि उसे सबसे पहले भुला दिया जाए। फाइलें भी शायद यही सोचती होंगी कि जिस पर जितना बड़ा अति आवश्यक लिखा हो, उतनी ही गहरी नींद सोना चाहिए।

क्लर्क रामदीन ने आवेदन खोला। तारीख देखकर चौंक गया। आवेदन पैंतीस साल पुराना था।

उसमें लिखा था - महोदय, मेरे मोहल्ले में पीने का पानी नहीं आता। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। कृपया पानी की व्यवस्था कर दीजिए। नीचे हस्ताक्षर थे रघुनाथ प्रसाद। रामदीन को हँसी आ गई। पैंतीस साल पुरानी प्यास। सरकारी भाषा में इसे इतिहास कहते हैं। फाइल अफसर के पास पहुँची। अफसर ने गंभीर चेहरा बनाया। सरकारी गंभीरता वैसे भी सबसे सस्ती चीज है। मुफ्त में मिल जाती है। उसने कहा, मामला संवेदनशील है। तुरंत जाँच हो।

जाँच अधिकारी पहुँचे। रिपोर्ट बनी। रिपोर्ट पर रिपोर्ट बनी। फिर रिपोर्ट की समीक्षा हुई। फिर समीक्षा की समीक्षा हुई। इतनी समीक्षा हुई कि समस्या को खुद शक होने लगा कि वह वास्तव में समस्या है भी या नहीं। आखिरकार निर्णय हुआ कि आवेदक को बुलाया जाए। नोटिस जारी हुआ। नोटिस वापस आ गया। कारण लिखा था पता नहीं मिला। अफसर नाराज हो गया। उसने कहा, पूरा पता ढूँढो। जनता की समस्या हमारी प्राथमिकता है। यह वही वाक्य था जिसे हर अधिकारी उतनी ही सहजता से बोलता था जितनी सहजता से बच्चा कविता सुनाता है। पूरे शहर में खोज शुरू हुई। आखिर एक बूढ़ा आदमी मिला जिसने रघुनाथ प्रसाद का नाम सुना था। उसने बताया, अरे, वह तो बहुत अच्छे आदमी थे। रोज दफ्तर के चक्कर लगाते थे।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 जून 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - एकम दिन पूर्ण उपरांत एकम
नक्षत्र - पूर्वाषाढ़ा दिन पूर्ण उपरांत पूर्वाषाढ़ा
योग - ब्रह्म 15:18 ऐन्द्र
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 14 तारिख

**मेष-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मिथुन-** भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे।

**कर्क-** धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक-** नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**धनु-** शारीरिक कष्ट संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं।

**कुंभ-** बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा।

**मीन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

चुटकी

## खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

वाराणसी में राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें भगवान परशुराम के रूप में चित्रित कर गंगा नदी के बीच तस्वीर का दुग्धाभिषेक किया और 11 किग्रा का लड्डू काटा।



ओम वर्मा (दैनिक अवन्तिका)

नेता को ईश्वर बना, लगे पूजने लोग।
हर दल को डसने लगा, अब यह घातक रोग॥

सबसे बड़े नक्सली हिड़मा के गाँव पूर्वर्ती में, जहाँ वोट डालने के 'अपराध' में नक्सली हाथ या उँगली काट देते थे, वहाँ अब वोटर कार्ड बनवाने की भीड़ देखी जा रही।

वोट डालना भी जहाँ, माना गया 'गुनाह'।
वोटर बनने की वहाँ, उमड़ रही अब चाह॥

ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर का इस्तीफा। दस साल में पद छोड़ने वाले छठवें पीएम।

सालों तक जिस देश ने, किया विश्व में राज।
बदल चुके दस साल में, वे अपने छह ताज॥

हैदराबाद की सड़क को मिला नया नाम। तेलंगाना सरकार ने सड़क का नाम बदलकर 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' रख दिया है। सरकार का दावा है कि यह कदम शहर की वैश्विक पहचान को मजबूत कर विदेशी निवेश को आकर्षित करने में मदद करेगा।

तन से हम आजाद हैं, मन से मगर गुलाम।
अपने घर की ही सड़क, लिख दी उनके नाम॥

पनामा पेपर लीक केस में केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान का नाम लेकर फँसे राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में दिया लिखित माफीनामा।

आखिर माफी माँग ली, किस्सा हुआ तमाम।
चुप मत बैठो, सोच लो, नया एक इल्जाम॥

## कम में खुश रहिए...!

कम में खुश रहिए, खुशी कम नहीं होगी,
मन की यह दौलत कभी कम नहीं होगी।
महलों की चमक से जीवन नहीं सँवरता,
अपनेपन की धूप से हर आँगन निखरता।
संतोष के दीपक से राहें जगमगाएँगी,
ये छोटी-सी मुस्कान भी बड़ी लग जाएगी।
यूँ थोड़ी-सी रोटी में स्वाद बहुत मिलता है,
सच के रिश्तों में सुख का फूल खिलता है।
इच्छाओं की दौड़ यदि थोड़ी थम जाएगी,
मन की चिड़िया फिर खुलके गुनगुनाएगी।
जो मिला है आज, उसे प्रेम से अपनाइए,
हर पल में छिपी कृपा को हृदय से गाइए।
कम में खुश रहिए यही जीवन का सार है,
यह संतोषी मन ही सबसे बड़ा धनवान है।
हाँ, कम में खुश रहें खुशी कम नहीं होगी,
मन की यहीं दौलत कभी कम नहीं होगी।

## एक चेतावनी है भूकंप

धरती ने फिर करवट ली, काँपे पर्वत, काँपे गाँव।
बेनेजुएला की धरती बोली, सुनो! पहचानो दाँव।
एक मिनट के झटकों ने, जीवन श्तस्वीरश बदली।
ऊँची इमारत-पक्के सपने, क्षणभर में धूल मिली।
वो रोते बच्चे, सूनी आँखें, मलबों में उम्मीदें खोईं।
कितने घर उजड़े पलभर में, कितनी साँसें खोईं।
विज्ञान बढ़ा, उपग्रह पहुँचे, चान्द-मंगल उड़ते हैं।
फिर धरती के अंतर की, गुप्त व्यथा हम पढ़ते हैं।




संजय तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

# योग का एक महत्वपूर्ण अंग है प्राणायाम

प्राणायाम योग का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो श्वास-प्रश्वास की विभिन्न तकनीकों पर आधारित है। प्राणायाम का अर्थ है प्राण (जीवन शक्ति) और आयाम (नियंत्रण)। यह श्वास के माध्यम से जीवन शक्ति को नियंत्रित करने का एक साधन है। प्राणायाम के अनेक प्रकार होते हैं, जिनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारना होता है। इन्हें सही विधि और अनुशासन के साथ अभ्यास करने पर संपूर्ण स्वास्थ्य में लाभ मिलता है।

बच्चे, युवा, वयस्क और बुजुर्ग सभी प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। यह किसी भी आयु वर्ग के लिए उपयुक्त है। जो लोग ध्यान और योग का अभ्यास करते हैं, उनके लिए प्राणायाम एक आवश्यक हिस्सा है, क्योंकि यह ध्यान की गहराई को बढ़ाता है। प्राणायाम के कई प्रकार हैं। अलग-अलग प्राणायाम के विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इस लेख में जानिए प्राणायाम कितने प्रकार के होते हैं और सभी के अभ्यास का सही तरीका व फायदे।

**अनुलोम विलोम प्राणायाम** - यह प्राणायाम नासिकाओं के माध्यम से श्वास लेने और छोड़ने की प्रक्रिया है, जो मानसिक संतुलन और शांति प्रदान करता है।



**कपालभाति प्राणायाम** - इसमें तेजी से श्वास को बाहर निकालते हैं और पेट की मांसपेशियों को संकुचित करते हैं। यह शुद्धि और ऊर्जा को बढ़ावा देने वाला प्राणायाम है। कपालभाति का अभ्यास शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है।

**भस्त्रिका प्राणायाम** - इसमें तेजी से और गहराई से श्वास लेना और छोड़ना शामिल है। यह फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर को ऊर्जावान बनाता है।

**भ्रामरी प्राणायाम** - इसमें श्वास छोड़ते समय भौंरे की गूंज जैसी ध्वनि निकालनी होती है। यह तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है और मानसिक शांति प्रदान करता है।

**उज्जायी प्राणायाम** - इसमें गले से एक हल्की सी घुरघुराहट की आवाज निकालते हुए श्वास लेना और छोड़ना होता है। यह शांति और ध्यान में सहायक होता है।

**शीतली प्राणायाम** - इसमें जीभ को मोड़कर श्वास लेना और नाक से श्वास छोड़ना होता है। यह शरीर को ठंडक प्रदान करता है और गर्मी के मौसम में लाभकारी होता है। यह श्वसन प्रणाली को शुद्ध करता है और मानसिक एकाग्रता व धैर्य को बढ़ाता है।

**शीतकारी प्राणायाम** - इसमें दाँतों के बीच से श्वास लेना और नाक से श्वास छोड़ना होता है। यह भी शीतली प्राणायाम की तरह ठंडक प्रदान करता है।

**नाड़ी शोधन प्राणायाम** - यह प्राणायाम नाड़ियों की शुद्धि के लिए किया जाता है और इसमें अनुलोम-विलोम जैसी तकनीक होती है, लेकिन यह ज्यादा ध्यान और शांति प्रदान करने वाला होता है।

**सूर्य भेदी प्राणायाम** - इसमें केवल दाईं नासिका से श्वास लेना और बाईं नासिका से छोड़ना होता है। यह शरीर को गर्मी और ऊर्जा प्रदान करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ब्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 कर्ज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसुन भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2992, चना देशी- 3561-6062, डालर चना- 4001-8370, मूंग- 5000-7270, सोयाबीन- 2450-10011, धनिया- 11941, मटर- 2800-3011, मसूर- 4000,मसूर- 4000, मक्का- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,44,200 रवा- 1,44,400 चाँदी- टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तुवर दाल निमाड़ी 130, तुवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तुवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मूंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

# दान का धर्म और हिसाब की संस्कृति

भारतीय संस्कृति में दान केवल संपत्ति का हस्तांतरण नहीं, बल्कि अहंकार के त्याग का प्रतीक माना गया है। हमारे धर्मग्रंथों में दान का महत्व इसलिए नहीं बताया गया कि उससे किसी संस्था का वैभव बढ़े, बल्कि इसलिए कि दाता के भीतर समर्पण, त्याग और लोककल्याण की भावना विकसित हो। दान का अर्थ ही है-जिस वस्तु पर अपना अधिकार था, उसे स्वेच्छा से छोड़ देना। इसलिए, भारतीय चिंतन में दान कभी लेन-देन या निवेश का विषय नहीं रहा।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

हमारे पुराण और इतिहास ऐसे असंख्य उदाहरणों से भरे पड़े हैं। दैत्यराज बलि ने भगवान वामन को तीन पग भूमि देने का संकल्प लिया। गुरु शुक्राचार्य ने उन्हें चेताया कि यह साधारण याचक नहीं हैं, फिर भी बलि अपने वचन से पीछे नहीं हटे। तीन पग में तीनों लोक चले गए, किंतु बलि ने कभी यह नहीं पूछा कि मेरी पृथ्वी का प्रबंधन कौन कर रहा है या मेरे दान का लेखा-जोखा कहाँ है। महाभारत में कर्ण ने अपना कवच और कुंडल दान में दे दिए, जबकि उन्हें ज्ञात था कि यही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने न कोई शर्त रखी, न भविष्य में उसका हिसाब माँगा। दान उनके लिए आत्मसम्मान का विषय था, सौदेबाजी का नहीं।

राजा हरिश्चंद्र ने सत्य की रक्षा के लिए अपना समस्त राज्य त्याग दिया। महर्षि दधीचि ने देवताओं के कल्याण के लिए अपनी अस्थियाँ तक समर्पित कर दीं। राजा शिबि ने एक कबूतर की रक्षा के लिए अपने शरीर का मांस तक तुला पर रख दिया। इन कथाओं का सार यही है कि दान के बाद अधिकार समाप्त हो जाता है और समर्पण की भावना प्रारंभ होती है। शास्त्रों में दान की परिभाषा स्पष्ट कही गई है-स्वस्वत्वनिवृत्तिपूर्वकं परस्वत्वोत्पादनं दानम्। अर्थात अपनी वस्तु पर अपना अधिकार समाप्त कर-के दूसरे का अधिकार स्थापित करना ही दान है। श्रीरामानुजाचार्य भी कहते हैं कि दान तभी पूर्ण होता है जब मन, वचन और कर्म से उस वस्तु पर अपना स्वामित्व समाप्त कर दिया जाए। श्रीमद्भगवद्गीता सात्त्विक दान को ऐसा दान बताती है जिसमें प्रतिफल, प्रसिद्धि या सम्मान की कोई अपेक्षा न हो।

इसी संदर्भ में हाल के वर्षों में मंदिरों को दिए गए दान और उनके उपयोग को लेकर सार्वजनिक चर्चाएँ हुई हैं। यदि किसी धार्मिक या सार्वजनिक ट्रस्ट के संचालन में कोई तथ्यात्मक शंका हो तो उसका समाधान विधिक और संस्थागत प्रक्रिया से होना चाहिए। प्रत्येक सार्वजनिक ट्रस्ट लेखा-परीक्षा, नियामकीय व्यवस्था और कानूनी उत्तरदायित्व के दायरे में आता है। पारदर्शिता की अपेक्षा स्वाभाविक है और उसका पालन भी होना चाहिए।

परंतु दूसरी ओर यह भी विचारणीय है कि यदि कोई व्यक्ति किसी धार्मिक कार्य के लिए स्वेच्छा से दान देता है, तो क्या वह दान भविष्य में व्यक्तिगत स्वामित्व का दावा बन जाता है? क्या दान का उद्देश्य आत्मसमर्पण है या स्थायी अधिकार सुरक्षित रखना? यह प्रश्न केवल किसी एक मंदिर या संस्था का नहीं, बल्कि भारतीय दान परंपरा की मूल भावना का है।

धार्मिक संस्थाओं ने समय-समय पर यह भी आग्रह किया है कि नगद अथवा बैंकिंग माध्यम से दान करना अधिक उपयोगी होता है, क्योंकि बहुमूल्य धातुओं और वस्तुओं के संरक्षण, परीक्षण और उपयोग की अपनी व्यावहारिक कठिनाइयाँ होती हैं। ऐसे आग्रहों के बावजूद यदि कोई श्रद्धावश विशेष वस्तुएँ अर्पित करता है, तो उसके पीछे उसकी भक्ति होती है। किंतु दान की आत्मा तब पूर्ण होती है जब उसके साथ अपेक्षाओं का बोझ न जुड़ा हो।

आज आवश्यकता इस बात की है कि दान और पारदर्शिता-दोनों को एक-दूसरे का विरोधी न माना जाए। संस्थाओं को पूर्ण पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का पालन करना चाहिए, वहीं दानदाताओं को भी यह स्मरण रखना चाहिए कि दान निवेश नहीं होता। यदि दान के साथ प्रसिद्धि, स्वामित्व, प्रतिफल या स्थायी अधिकार की अपेक्षा जुड़ जाए, तो उसका आध्यात्मिक स्वरूप क्षीण होने लगता है। भारतीय परंपरा ने हमें सिखाया है कि दान हाथ से निकलकर यदि समाज, संस्कृति और धर्म के कल्याण में लग जाए, तो वही उसका सर्वोच्च प्रतिफल है। दान का सबसे बड़ा प्रमाण रसीद नहीं, बल्कि दाता का निर्मल हृदय है। और जहाँ समर्पण पूर्ण होता है, वहाँ हिसाब की आवश्यकता नहीं रहती; वहाँ केवल श्रद्धा, विश्वास और उत्तरदायित्व का संतुलन ही शेष रहता है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



राज्य कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष का स्वागत

## टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने व शिक्षकों को ई.अटेंडेंस में राहत देने की मांग

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रमेशचंद्र शर्मा के शुजालपुर आगमन पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना के नेतृत्व में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग रखी। साथ ही शिक्षकों को ई-अटेंडेंस व्यवस्था में राहत प्रदान करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं पेंशनर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें नरेन्द्र राजपूत, रितेश यादव, संजय देशमुख, भगवान सिंह मेवाड़ा, राकेश पांचाल, कृष्णकांत शर्मा, रामबाबू पाटिल, अरुण खत्री, कैलाश चौधरी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## मंत्री परमार ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ बच्चों को पिलाई दवाई

**शुजालपुर।** सिविल अस्पताल शुजालपुर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद



पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, नरेंद्र परमार, अभिनंदन जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरियाए शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नोडल टीकाकरण अधिकारी डॉ. रामसलोने मिश्रा, राजेश पांडेय, जया महेश्वरी, संतोष पांडेय, विक्रम परमार सहित समस्त एएनएमए स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ तथा सिविल अस्पताल का चिकित्सकीय एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान के तहत शुजालपुर क्षेत्र में कुल 41 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के लिए 8,836 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें पहले दिन 7,345 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई।

## महाराष्ट्रीयन समाज ने मनाया हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस

### शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**शुजालपुर।** ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के अवसर पर रविवार को सरस्वती विद्यालय में महाराष्ट्रीयन समाज एवं शिव ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह दिनेश प्रजापति ने छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवाजी पंवार ने की। मुख्य वक्ता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी रणनीतिकार, कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट कूटनीतिज्ञ और प्रेरणादायक राष्ट्रनायक थे। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि बुद्धिमत्ता अनेक बार संख्या और संसाधनों पर भारी पड़ती है तथा संकट की घड़ी में धैर्य और विवेक सबसे बड़े हथियार होते हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का उद्देश्य केवल राज्य विस्तार नहीं था, बल्कि ऐसी शासन व्यवस्था स्थापित करना था, जिसमें जनता की सुरक्षा, सभी के लिए न्याय, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा, उत्तरदायी प्रशासन, अनुशासित सेना तथा आत्मनिर्भर राज्य की अवधारणा साकार हो। इसी कारण उनका हिंदवी स्वराज्य भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण राजनीतिक और सांस्कृतिक अवधारणा माना जाता है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि जगदीशचन्द्र परमार पिता श्री दयाराम जी परमार निवासी- ब्लॉक कॉलोनी आगर जिला शाजापुर के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 51 श्री सांईबाग कॉलोनी शक्करवासा उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 29/06/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार शंकरलाल पिता रणछोरलाल निवासी ग्राम सादबा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 193/2 रकबा 2.000 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार इन्द्राबाई पति शंकरलाल निवासी ग्राम सादबा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 192/2 रकबा 0.105 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 2 कुल रकबा 2.105 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सादबा तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 29/042026

**श्याम गुर्जर (एडवोकेट)**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन मो.नं. 8965809867**
**कार्यालयीन समय सुबह 10 से 5 बजे**


### डिजिटल पुलिसिंग में देवास पुलिस को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

# एसपी गेहलोद और दुबे हुए पुरस्कृत, विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास पुलिस को आपराधिक न्याय व्यवस्था (क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय वर्कशॉप ₹आईसीजेएस इम्प्लीमेंटेशन एंड डिजिटल इंटीग्रेशनः वन नेशन, वन डेटा, वन एंट्री₹ में पुलिस अधीक्षक (एसपी) पुनीत गेहलोद और विशेषज्ञ अधिकारी बीना दुबे को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान अपराधों के निराकरण में डिजिटल तकनीक के बेहतरीन उपयोग और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान एसपी पुनीत गेहलोद ने देवास पुलिस द्वारा पिछले एक वर्ष में पुलिसिंग में किए गए डिजिटलाइजेशन को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने नवाचारों और उनसे मिलने वाले सकारात्मक परिणामों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इसके जरिए बताया गया कि तकनीक का इस्तेमाल कर किस तरह पुलिसिंग को और अधिक बेहतर व जवाबदेह बनाया गया है।

एसपी ने बताया कि डिजिटल इंटीग्रेशन के माध्यम से पुलिस, न्यायपालिका, स्वास्थ्य विभाग, अभियोजन और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान काफी तेज और प्रभावी हो गया है। इन सभी विभागों के डिजिटल रूप से जुड़ने के कारण डेटा तुरंत साझा हो जाता है। इस व्यवस्था का सीधा फायदा मामलों की जांच में हो रहा है, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने में मदद मिल रही है।

#### कार्यक्रम में मौजूद रहे कई वरिष्ठ अधिकारी

राजधानी भोपाल में आयोजित इस वर्कशॉप में कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति संजीव कलगांवकर, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना और गृह सचिव संजय शुक्ला मौजूद रहे। इनके अलावा स्पेशल डीजी (सीआईडी) पंकज श्रीवास्तव और एडीजी (एससीआरबी) जयदीप प्रसाद सहित पुलिस, न्यायपालिका, स्वास्थ्य, अभियोजन एवं एफएसएल विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## आवारा कुत्तों के हमले से हिरण का शावक घायल, ग्रामीणों ने बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शुजालपुर के समीप स्थित ग्राम पिपलोद में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। आवारा कुत्तों के झुंड ने एक हिरण के शावक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शावक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई।

जानकारी मिलते ही डायल 112 के पायलट संदीप एवं सहायक उप निरीक्षक जयराम रजौरिया तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से घायल शावक को सावधानीपूर्वक पुलिस वाहन में रखा और उपचार के लिए वन विभाग के कार्यालय पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्तों ने शावक को चारों ओर से घेर लिया था। हमले में उसके शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते तो शावक की जान को खतरा हो सकता था।

वन विभाग के अधिकारियों ने घायल शावक को अपने संरक्षण में लेकर उसका उपचार शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार शावक की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्वस्थ होने के बाद उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रभावी नियंत्रण की मांग भी की है। घटना के दौरान ग्रामीणों की तत्परता और डायल112 टीम की संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की गई।

#### कुत्ते को बचाने में घायल हुआ युवक



मंडी क्षेत्र के एमजी रोड पर बाइक चालक कुत्ते को बचाने में दुर्घटना ग्रस्त हो गया और उसे सिर में गंभीर चोट आई, जिसे सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मिली जानकारी अनुसार चंद्रप्रकाश पिता मानसिंह कुशवाह 30 वर्ष निवासी बाढ़पुर बाइक से जा रहा था तभी पोस्ट ऑफिस के सामने बंदर का पीछा कर रहा एक आवारा कुत्ता सड़क पर अचानक आ गया, जिसे बचाने के दौरान चन्द्रप्रकाश की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गया, जिससे वह अचेत हो गया। आसपास के रहवासियों ने ऑटो की मदद से चन्द्रप्रकाश को सिविल अस्पताल शुजालपुर पहुंचाया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## बारिश में पोल से करंट लगने पर गाय की मौत



**आगर मालवा।** आगर मालवा में बारिश शुरू होते ही बिजली से जुड़े हादसों का खतरा बढ़ गया है। रविवार को शहर के सारंगपुर रोड स्थित सेवा भारती कार्यालय के पास विद्युत डीपी के पोल में करंट फैलने से एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी गई।

जानकारी के अनुसार, गाय विद्युत पोल के संपर्क में आते ही उसे तेज झटका लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के दौरान बिजली के पोल और डीपी में करंट आने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे मवेशियों के साथ-साथ आम लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है। जिले में ऐसा पहला मामला नहीं है; कुछ दिन पहले अयोध्या बस्ती में भी एक गोवंश की मौत करंट लगने से हुई थी। जिले में बारिश के दौरान करंट लगने से मवेशियों और लोगों की जान जाने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। लगातार हो रहे ऐसे हादसों ने विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लगातार सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोगों को बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील कर रही है। कंपनी ने बरसात के समय बिजली के पोल, डीपी और टूटे हुए तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी है।

## किराना दुकान में चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**बदनावर।** कानवन थाना पुलिस ने बदनावर के ग्राम सिलौदाखुर्द में हुई किराना दुकान की चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने सोमवार को इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें आज ही कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है, जहां पुलिस इनसे चोरी के माल और अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मामले का एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। यह घटना 19 जून 2026 की आधी रात को हुई थी। ग्राम सिलौदाखुर्द के रहने वाले दुर्गेशचन्द्र जायसवाल की किराना दुकान का ताला तोड़कर और शटर उचकाकर कुछ चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। चोर दुकान से सिगरेट, बीड़ी, विमल, राजश्री गुटखे के पाउच और गल्ले में रखे करीब 50 हजार रुपए समेट कर भाग गए थे। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर कानवन थाने में केस दर्ज किया गया था।

### शाजापुर के व्यावसायिक प्रशिक्षक भोपाल रवाना

## वेतन-जॉब सुरक्षा को लेकर आंदोलन में शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शाजापुर जिले के व्यावसायिक प्रशिक्षक वेतन वृद्धि और जॉब सुरक्षा सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर भोपाल रवाना हुए। ये प्रशिक्षक डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में आज से शुरू हो रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे।

जिले के मक्सी, बेरछा, अकोदिया, शुजालपुर और कालापीपल क्षेत्र से 60 से 70 प्रशिक्षक ट्रेन से भोपाल पहुंचे हैं। इस आंदोलन में प्रदेश के सभी 52 जिलों से लगभग 5 हजार व्यावसायिक प्रशिक्षकों के शामिल होने का दावा किया गया है। व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से समग्र शिक्षा अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कार्यरत हैं। इसके बावजूद उन्हें कम मानदेय, जॉब सुरक्षा का अभाव और अन्य वैधानिक सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

उनकी प्रमुख मांगों में दिल्ली-हरियाणा की तर्ज पर सम्मानजनक वेतन, वार्षिक वेतनवृद्धि, आकस्मिक एवं मेडिकल अवकाश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महिला प्रशिक्षकों के लिए सवैतनिक मातृत्व अवकाश, 12 माह की सेवा सुनिश्चित करने के साथ जॉब सुरक्षा और एक स्थायी विभागीय समिति का गठन भी उनकी मांगों में शामिल है। प्रशिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।

# भेरू डूंगरी की 19 करोड़ की जमीन सरकारी घोषित कागजों में हेराफेरी कर निजी नामों पर दर्ज थी जमीन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शाजापुर कलेक्टर न्यायालय ने राजस्व आदेश पारित करते हुए भेरू डूंगरी के पास ग्राम गिरवर स्थित करीब 19 करोड़ की 41.678 हेक्टेयर जमीन को घोषित कर दिया है। इसके साथ ही वर्षों से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सभी निजी नामों की प्रविष्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। अब यह पूरी भूमि राजस्व अभिलेखों में मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज की जाएगी।

राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 1925 में सर्वे नंबर 1179 का कुल रकबा 223 बीघा 17 बिस्वा पहाड़ चरनोई के रूप में दर्ज था। बाद में 28 जून 1951 से इस भूमि पर हिम्मतमल महाजन को हक मौरूषी दिए जाने का उल्लेख मिला,जिसके आधार पर समय के साथ हिम्मतमल नारेलिया के परिवार के सदस्यों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो गए। वर्तमान में भूमि रेखा, अक्षिता, अरुणा, संजय कुमार,अजय कुमार और जयकुमार नारेलिया सहित परिवार के अन्य सदस्यों के नाम दर्ज थी।

कलेक्टर ने ग्राम गिरवर के सर्वे क्रमांक 1179 के विभिन्न उपभागों में दर्ज सभी निजी भूमिस्वामी प्रविष्टियों को निरस्त करते हुए पूरी भूमि को पुनः मध्य प्रदेश शासन की संपत्ति घोषित किया है। साथ ही तहसीलदार शाजापुर को राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार करने और भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि चरनोई एवं अन्य शासकीय निस्तार भूमि पर किसी निजी व्यक्ति का स्वामित्व मान्य नहीं हो सकता। शासकीय भूमि से संबंधित रिकॉर्ड में हुई विसंगतियों या धोखाधड़ी को सुधारने के लिए किसी प्रकार की समय-सीमा लागू नहीं होती और सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी

कलेक्टर न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए मनोज कुमार नारेलिया एवं अन्य ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अंतरिम स्थगन दिया,लेकिन अंतिम सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी।इसके बाद कलेक्टर न्यायालय ने मामले के गुण-दोष के आधार पर अंतिम आदेश जारी किया।

#### भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

आदेश में कहा गया कि स्थगन समाप्त होने के बाद सभी अनावेदकों को लिखित और मौखिक पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया,लेकिन वे सार्वजनिक चरनोई भूमि पर अपना वैध स्वामित्व सिद्ध करने के लिए कोई दस्तावेजी या विधिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके।

## मुनिश्री निर्णय सागर का आज मंगल प्रवेश अगवानी की तैयारियां पूरी

**शुजालपुर।** धर्मनगरी शुजालपुर में मंगलवार 30 जून को पाठशाला प्रेरक, आचार्य मुनिश्री 108 निर्णय सागर



महाराज का भव्य मंगल प्रवेश होगा। वे आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावी शिष्य हैं। उनके आगमन को लेकर दिगंबर जैन समाज में उत्साह का माहौल है। ट्रस्ट के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि मुनिश्री का मंगल प्रवेश मंगलवार सुबह 8 बजे होगा। ब्रज नगर मंदिर से उनकी भव्य अगवानी की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बड़ा मंदिर, मिर्ची बाजार और विद्या वाटिका पहुंचेगी, जहां धर्मसभा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में मुनिश्री का शुजालपुर में चातुर्मास हुआ था। एक बार फि र उनके नगर आगमन से समाज स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा है। समाजजनों द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजन को सफ ल बनाने में निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, शांतिनाथ दिगंबर ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन जैन, कार्याध्यक्ष शिखर जैन, कोषाध्यक्ष संतोष जैन, महामंत्री खुशहाल जैन, पंच बाल्याती मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नेमीचंद जैन, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र जैन तथा धवल चातुर्मास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र जैन सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## आवारा कुत्ते के हमले में पांच वर्षीय मासूम गंभीर घायल: लगे तीन टांके



देवास। जिले के सिलोटिया गांव में एक आवारा कुत्ते ने पांच वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्चे का चेहरा बुरी तरह नोच लिया गया। घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसके चेहरे पर तीन टांके लगाए गए हैं और उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, सार्थक पेरवाल अपने दादा देवकरण के साथ खेत जा रहा था। दादा गाय लेकर आगे चल रहे थे, जबकि सार्थक उनके पीछे आ रहा था। तभी पीछे से आए एक कुत्ते ने सार्थक पर झपट्टा मार दिया। कुत्ते ने बच्चे को जमीन पर गिराकर उसके चेहरे और पैर को नोच डाला। सार्थक की चीख सुनकर दादा देवकरण तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कुत्ता वहां से भाग चुका था। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल सार्थक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है।


### सार्वजाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि खसरा नंबर 388कुल रकबा 5.200 हेक्टेयर में से 2.728 हेक्टेयर, स्थित ग्राम भैंसलाकला, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश, (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक बाबूलाल पिता मानसिंह, जाति - ब्राह्मण , निवासी ग्राम भैंसलाकला, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिक्री या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर**
**मो 9826562344**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्री शम्भूसिंह राजपूत निवासी वीटीसी इमलिया, लश्करपुर, विदिशा (म.प्र.) हाल मुकाम - 113, नजरअली मार्ग, बागडिया टावर के सामने, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 23 (पुराना नंबर 6/713), ब्लॉक नंबर 27, विश्वविधालय मार्ग, पथ कमांक 5, प्रकाश नगर, उज्जैन (म.प्र.) में है जो तीन मंजिला (G+2) गार्डर फर्शी की छत का निर्मित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 92-42 वर्गमीटर अर्थात 995-00 वर्गफीट है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त संपत्ति में कोई अपना स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 29/06/2026

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## 3 साल की जुड़वा बहनों ने रचा इतिहास

**भोपाल।** जिस उम्र में बच्चे ठीक से पेंसिल पकड़ना सीखते हैं, उस उम्र में भोपाल की जुड़वां बहनें सान्वी नाहर और समन्वी नाहर ड्रम सेट पर अपनी थाप से विश्व रिकॉर्ड बना रही हैं।महज 3 वर्ष 9 माह की उम्र में दोनों बहनों ने यंगेस्ट फीमेल ड्रमर का खिताब हासिल कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन (यूके) में अपना नाम दर्ज कराया है।इस उपलब्धि के लिए दोनों को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमंस में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।सान्वी और समन्वी ने 21 मार्च 2026 को ड्रम सेट पर एक निर्धारित ट्रैक को 1 मिनट 20 सेकंड में सफलतापूर्वक पूरा कर यह रिकॉर्ड बनाया। रिकॉर्ड बनने के बाद संस्था ने उन्हें प्रमाण-पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की। उनकी उपलब्धि को संस्था के आधिकारिक प्रकाशनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दर्ज किया गया है।

## महिला आरक्षक से रैप, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** भोपाल के मिसरोद इलाके में महिला आरक्षक ने युवक पर शादी का झांसा देकर वर्षों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। रविवार रात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय पीड़िता महिला आरक्षक है। वर्ष 2018 में ट्यूशन के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी सुमित रिझारिया से हुई थी। दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी करीब आठ वर्षों तक उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर उसका शोषण करता रहा।कुछ समय पहले आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया और उससे संपर्क भी खत्म कर दिया। आरोपी के व्यवहार से परेशान होकर पीड़िता ने मिसरोद थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म समेत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## मोदी मंत्रिमंडल में मिल सकता है संध्या राय को मौका

**भोपाल।** मोदी कैबिनेट के संभावित विस्तार में मध्यप्रदेश की सियासत फिर सुर्खियों में है। मोदी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी तेजी से चल रही है। मध्य प्रदेश से भिंड सांसद संध्या राय का नाम मंत्रिमंडल की रेस में सबसे आगे है।मध्यप्रदेश से हाल ही में राज्यसभा पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग को भी कैबिनेट मंत्री बनाए जाना तय है। इस फेरबदल में प्रदेश से तीन-चार नए चेहरों को जगह मिल सकती है। इस बार के मंत्रिमंडल विस्तार के पहले ही मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केन्द्र सरकार में पशुपालन डेयरी एवं फिशरीज मंत्रालय में राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दे दिया है।

## सीवेज खुदाई से कॉलोनियों में दलदल, परेशान रहवासी

**विदिशा।** शहर के बंटीनगर क्षेत्र में सीवेज लाइन डालने के लिए की गई सड़कों की खुदाई अब स्थानीय रहवासियों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। बीती रात हुई बारिश ने पूरी सड़क को गहरे दलदल में तब्दील कर दिया है, जिससे कालोनी की सूरत पूरी तरह बिगड़ गई है। हालत यह है कि लोग अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।कालोनी की सड़कें इस कदर खराब हो चुकी हैं कि वहां से वाहनों का गुजरना तो दूर पैदल चलना भी नामुमकिन हो गया है। घरों के ठीक सामने सिर्फ और सिर्फ कीचड़ नजर आ रहा है। इस अव्यवस्था से आक्रोशित होकर स्थानीय रहवासियों ने उसी कीचड़ और दलदल में उतरकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि वे अपनी गाड़ियां कालोनी के बाहर मुख्य मार्ग पर पार्क करने को तैयार हैं, लेकिन बच्चों के भविष्य का क्या? दलदल के कारण बच्चे न तो स्कूल जा पा रहे हैं और न ही वापस आ पा रहे हैं। कई बच्चे फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। रहवासियों ने नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार से तत्काल सड़क निर्माण शुरू करने की मांग की है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क को ठीक नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे।

## सीबीआई से डिप्रेशन में आए बैंककर्मी ने मारी थी गोली

**विदिशा।** एक दिन पहले बर्रो स्थित अपने फार्म हाउस पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। भोपाल से आई फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम ने घटनास्थल और उस कमरे की बारीकी से जांच की, जहां यह वारदात हुई थी। टीम ने इस्तेमाल की गई बंदूक से फिंगरप्रिंट के नमूने भी लिए हैं। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल घायल मनोज का उपचार भोपाल में चल रहा है। उसके ठीक होने के बाद पुलिस इस कदम के पीछे की मुख्य वजह जानने के लिए उसके बयान दर्ज करेगी। इसके बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मनोज ने यह आत्मघाती कदम सिर्फ डिप्रेशन में आकर उठाया या इसके पीछे कोई और बड़ी वजह है।एक ही मामले की 4 एजेंसियां कर रही हैं यह पूरा मामला एसबीआई की एडीबी शाखा में 80 खाताधारकों के अशुद्ध लोन से जुड़ा है।खाताधारकों की शिकायत के बाद केंद्रीय एजेंसी ने जांच शुरू की।

## गहरे पानी में चली गई महिला

**विदिशा।** पवित्र बेतवा घाट पर रविवार को बड़ा हादसा टल गया। स्नान के दौरान एक महिला गहरे पानी में चली गईं। वह डूबने लगीं। घाट पर अफरा-तफरी मच गई। डंडापुरा निवासी संगीता चौबे 55 वर्ष, पति संतोष चौबे, बेतवा घाट पर स्नान करने पहुंची थीं। स्नान के समय संतुलन बिगड़ा। तेज बहाव में वह गहरे पानी में चली गईं।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया शिलान्यास




**गुना।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार भौंरा स्थित मुद्रा हनुमान में 278 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अत्याधुनिक 220/132 केवी विद्युत सबस्टेशन का भव्य समारोह में शिलान्यास किया। चक विश्वनगर में आयोजित जनसैलाब, उत्साह और विकास के संकल्प से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। यह परियोजना क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करते हुए 225 गांवों के लगभग 2 लाख 25 हजार नागरिकों के जीवन में स्थायी बदलाव लाएगी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अंत्योदय के मंत्र तथा वंचितों और शोषितों के उत्थान के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी ने पूजा है।

**225 गांवों को मिलेगी निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली-** केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह विद्युत सबस्टेशन केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य में किया गया निवेश है। इसके निर्माण के बाद वर्षों से बिजली आपूर्ति में आने वाली कटौती और वोल्टेज संबंधी समस्याओं से लोगों को राहत मिलेगी। यह परियोजना 225 गांवों के लगभग 2.25 लाख लोगों तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी तथा कृषि, उद्योग, व्यापार और घरेलू उपभोक्ताओं सभी को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में गढ़ला, भौंरा कपासी तथा राघौगढ़ के 132 केवी विद्युत सबस्टेशनों को बिजली आपूर्ति 220 केवी गुना सबस्टेशन से की जाती है, जिसके कारण ट्रांसमिशन लाइन पर अत्यधिक भार की स्थिति उत्पन्न होती है। नए भौंरा (मुद्रा हनुमान) 220 केवी सबस्टेशन के निर्माण के बाद इन सभी 132 केवी सबस्टेशनों को यहीं से पर्याप्त वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। इससे लाइन ओवरलोडिंग पूरी तरह समाप्त होगी तथा अगले 10 वर्षों के अनुमानित विद्युत भार को भी सहज रूप से पूरा किया जा सकेगा। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 50 किलोमीटर लंबी 220 केवी विद्युत लाइन तथा 50 किलोमीटर लंबी 132 केवी विद्युत लाइन का निर्माण किया जाएगा। 220/132 केवी क्षमता वाला यह आधुनिक सबस्टेशन पूरे क्षेत्र के ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय और भविष्य के अनुरूप बनाएगा। इससे विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा बढ़ती मांग के अनुरूप निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण पर अभूतपूर्व गति से कार्य हो रहा है। सड़क, रेल, दूरसंचार, जल एवं ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे निवेश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## प्रकृति संरक्षण दिवस पर सीवन पुत्र टीम ने पौधे लगाए, शपथ दिलाई

**सीहोरे।** सीवन उद्धार के 96 वें दिवस पर प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर रविवार को सीवन पुत्र टीम चर्च मैदान पहुंची। यहां पहले पौधरोपण हुआ। फलदार पौधे लगाए गए।

चर्च ग्राउंड पर फुटबॉल खिलाड़ियों को सीवन स्वच्छता संकल्प दिलाया गया। संकल्प में सीवन नदी के साथ देश की सभी नदियों को साफ रखने की बात कही गई। खिलाड़ियों ने कहा कि नदियों को जन्म देने वाली मां की तरह संरक्षित रखेंगे। नदियों को कभी गंदा नहीं करेंगे। शपथ सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने दिलाई। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत भी गूंजे। अशोक नामदेव, विल्सन जैन, कैलाश चव्हाण ने गीतों की प्रस्तुति दी। टीम ने बताया कि सीवन पुत्र और पुत्री का लक्ष्य 5 हजार पूरा होने के बाद 10 हजार का है। देश की नदियों के नाम से पुत्र और पुत्री बनाए जा रहे हैं।

## 100 साल पुराने रास्ते पर सड़क निर्माण रूका



**रायसेन।** रायसेन जिले की बेगमगंज जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरेरू के ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने सोमवार को तहसीलदार प्रमोद उईके को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य रुका होने से उन्हें आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

ज्ञापन में बताया कि भुरेरू टोला के लोगों के लिए गांव की मुख्य सड़क से टपरा टोला तक पहुंचने का यह एकमात्र रास्ता है। ग्रामीण लगभग 100 वर्षों से इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। बारिश के दिनों में सड़क न होने के कारण स्कूली बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते, और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी गंभीर दिक्कतें आती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले वर्ष समय पर इलाज न मिलने के कारण एक महिला की मौत भी हो चुकी है।ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत द्वारा इस मार्ग पर डब्ल्यूबीएम सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। शासकीय भूमि के साथ-साथ करीब 55 लोगों ने अपनी निजी जमीन पर भी मुरम डलवाकर सड़क निर्माण में सहयोग किया था। हालांकि, कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के कारण काम बीच में ही रुक गया।ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सड़क निर्माण में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जल्द से जल्द दोबारा शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी ताराबाई पिता पोखरमल, बरदीबाई पिता पोखरलाल, दिलीप पिता पोखरमल, राजेन्द्र पिता पोखरमल, जगदीश पिता पोखरमल, संतोष पिता पोखरमल, सुशीला पिता पोखरमल, संजय पिता बाबुलाल, पुष्पा पिता बाबुलाल, लीलाबाई पति बाबुलाल, प्रीति पति महेश, आन्या पिता महेश, दक्ष पिता महेश, रामप्यारीबाई पिता पोखरमल, प्रेमनारायण पिता पोखरमल निवासीगण शंकरपुर, उज्जैन से उनके शामलाती आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 255/3 रकबा 0.3140 हेक्टर एवं कृषि भूमि सर्वे नं. 256/2 रकबा 0.8360 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.1500 हेक्टर स्थित ग्राम नीमनवासा, तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक- 30-06-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो. 98273-80500, 70001-92470**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी श्रीमती मंसा दिसावल पति योगेश दिसावल, निवासी उज्जैन के एकांकी स्वामित्व का भूखण्ड कमांक 04 एलान्स सिटी कालोनी ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 372.00 वर्गमीटर है उक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भूखण्ड की पैमाईश निम्नानुसार है:- लंबाई 31 मीटर। चौडाई 12.00 मीटर। पूर्व में: भूखण्ड कमांक 16 व 17, पश्चिम में: सडक आगर रोड, उत्तर में: भूखण्ड कमांक 05 दक्षिण में: भूखण्ड क्रमांक 03 मिला है। अत: उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पंक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड की विधिवत् विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 29-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99264-66157**

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16/06/2026 को दैनिक अंवतिका समाचार पत्र में भूमि स्वामी हरिलाल राजोरिया पिता सालगराम जी राजोरिया एवं गोपाल परमार पिता गोवर्धन जी परमार के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 215 रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम चौसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने बाबत् जाहिर सूचना का प्रकाषन करवाया था। किन्तु उक्त भूमि को हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार ने मेरे पक्षकार संजय माली पिता श्री गोवर्धनजी माली एवं विषाल मालवीय पिता श्री मेहरबान सिंह निवासीगण ग्राम जीवनखेड़ी, शांति पैलेस, बाईपास रोड़ उज्जैन को दिनांक 03/10/2025 को अपने संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 215 रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम चौसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को विक्रय करने सौदा 30,11,000/-अक्षरी तीस लाख ग्यारह हजार रूपयें प्रतिबीघा के मान से कर 20,00,000/-अक्षरी बीस लाख रूपयें नगद प्राप्त कर नोटरीयल अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया गया था जिसके विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 15/04/2026 को करवाया जाना था, किन्तु हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार द्वारा मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का सम्पादन आज दिनांक तक नही करवाया गया है और हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार द्वारा उक्त वर्णित भूमि सर्वे क्रमांक 215 रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम चौसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को किसी अन्य को विक्रय करने का सौदा कर उक्त भूमि की जाहिर सूचना का प्रकाषन करवाया है इससे प्रतीत होता है हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार के मन में लालच आ गया है और उनके द्वारा अनुबधित भूमि को किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है और उनके मेरे पक्षकार को किये गये अनुबंध पत्र की शर्तो का उल्लंघन किया गया है मेरे पक्षकार द्वारा इस जाहिर सूचना प्रतिवाद के माध्यम से सूचित किया जाता है हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार के द्वारा जो इस भूमि को क्रय किया जा रहा है, उसमें मेरे पक्षकार को आपत्ति है, और मेरे पक्षकार द्वारा हरिलाल राजोरिया एवं गोपाल परमार पर न्यायालयीन कार्यवाही करने के लिए भी तत्पर है। और अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा उक्त भूमि को क्रय की जा रही उनकी समस्त जबावदारी स्वयं के रहेगी उसमें मेरे पक्षकार पर किसी प्रकार कोई क्लेम आदि नही रहेगा। सूचित हो।

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राहुल सिंह सोलंकी पिता स्व. श्री ईश्वर सिंह सोलंकी, निवासी ग्राम बलेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. ने इंदरसिंह पिता सिद्धनाथजी आंजना, निवासी उज्जैन म.प्र. से उनके आधिपत्य और स्वामित्व की अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 198/1/2/1/1/1 रकबा 0.8259 हे., कुल किता 1 कुल रकबा 0.8259 हे., जो कि ग्राम चंदूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सर्वे नंबर 198/1/2/1/1/1 रकबा 0.8259 हे., को पूर्व में आशिक पटेल पिता इमाम पटेल, निवासी-ग्राम कदवातोड़ी, जिला इंदौर के द्वारा क्रय करने का सौदा किया जा चुका है। अब उक्त अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 198/1/2/1/1/1 रकबा 0.8259 हे., में से रकबा 0.12 हे. अर्थात 12900 वर्गफीट (दक्षिण दिशा में नेशनल हाईव रोड से लगी भूमि) को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और बयाना राशि अदा कर दी है और रजिस्ट्री कराना शेष है। जिसमें पूर्व क्रेता आशिक पटेल की भी सहमति है। उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी का व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋण हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी का कब्जा हो या उक्त कृषि भूमि से संबंधित कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा स्वयं के हित में उक्त कृषि भूमि की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 29/06/2026

**आर.एस. परमार, एडवोकेट**
**कार्यालय- 133, आनंद नगर, उज्जैन**
**मो. 9425332821**


## खेती 6 हजार रुपए महंगी, सोसायटियों से डीएपी खाद गायब

**रायसेन।** रायसेन जिले में खरीफ सीजन की बोवनी से पहले ही किसानों पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है। सोसायटियों और गोदामों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है, जबकि इसके विकल्प के रूप में इस्तेमाल होने वाली एनपीके खाद की कीमत 2100 से 2400 रुपए प्रति बोरी तक पहुंच गई है।

इसके साथ ही डीजल के दाम करीब 8 रुपए प्रति लीटर बढ़ने से खेती की लागत में प्रति हेक्टेयर 5 से 6 हजार रुपए तक का इजाफा हो गया है। जिले में मानसून आ चुका है और किसान धान की नर्सरी व खेत तैयार कर चुके हैं, लेकिन इन ब?ते खर्चों ने उनकी चिंता बड़ा दी है। जिले में लगभग 1.80 लाख किसान खेती पर निर्भर हैं। यहां करीब 4.34 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोवनी होती है, जिसमें 2.80 लाख हेक्टेयर में अकेले धान लगाया जाता है। किसानों का कहना है कि पहले डीएपी खाद 1350 रुपए प्रति बोरी मिल जाती थी, जो इस बार अधिकांश सोसायटियों में है ही नहीं।

## जिला अस्पताल में 2 महिलाओं के बीच मारपीट-परिसर में चले लाठी-डंडे

**सीहोर।** सीहोर के जिला अस्पताल परिसर में दो महिलाओं के बीच मारपीट हुई है। दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे के बाल पकड़े और डंडे से हमला किया। घटना के दौरान अस्पताल का कोई भी सुरक्षाकर्मी या स्टाफ वहां मौजूद नहीं था। अब इस पूरी मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो अस्पताल के मुख्य हिस्से का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक महिला ने नीचे गिरी दूसरी महिला पर लाठी से कई वार किए। इस दौरान वहां मौजूद लोग और राहगीर घटना का वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी बीच-बचाव कर उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की। सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल-जिला अस्पताल में मरीजों और परिजनों की सुरक्षा के लिए गार्ड्स की तैनाती की गई है। इसके बावजूद अस्पताल परिसर में सरेआम हुई इस मारपीट से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। काफी देर तक चली इस झड़प को रोकने के लिए कोई जिम्मेदार स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती साधना पति श्री सुनीलकुमारजी गुप्ता निवासी-106, सती मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक एम-106 (कार्नर) स्थित गायत्री नगर सेक्टर ए उज्जैन में हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर अर्थात 1500.00 वर्गफीट हैं होकर जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक-107.पश्चिम में सड़क कॉलोनी की, उत्तर में सड़क कॉलोनी की, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-105, मिली हैं, को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दिया है, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात 7 दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी! सूचित हो !

इति दिनांक 29-06-2026 स्थान उज्जैन,

**मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने गफ्फार खां पिता युसुफ खान निवासी ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-139/2/2 रकबा 0.10 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-139/3 रकबा 0.14 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-139/4 रकबा 0.14 हैक्टर कुल किता-3 कुल रकबा 0.38 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो। दिनांक-29.06.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी शाहनवाज शाह पिता इब्राहिम शाह निवासी 262, गौतम मार्ग, उज्जैन, से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 498, स्थित शंकरपुर, मक्सी रोड उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 418.19 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में लक्ष्मीनारायण की भूमि, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में अन्य का भूखण्ड, दक्षिण में-लक्ष्मीनारायण की भूमि। को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि भी अदाकर दी गई है। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, एवं इसके अलावा किसी अन्य, बैंक, व्यक्ति, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री, या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय प्रात: 11 से शाम 5 बजे के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित मे करवा लिया जावेगा व अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 29/6/2026

**श्रीमती पुष्पा शर्मा ( चौधरी ) ( एडवोकेट )**
**कार्यालय - सीएफ-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. 79876-46909**

# श्री सर्वब्राह्मण सभा का प्रतिभा अलंकरण समारोह ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न




( फोटो नंबर दो में वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी तथा नागर समाजके वरिष्ठ सुशील नागर, अध्यक्ष नरेंद्र जोशी दसवीं की छात्रा अनवी त्रिवेदी ,कुहू, को पुरस्कार प्रदान करते हुए अन्य चित्र समारोह के)

- समारोह में 138 प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान
- ब्राह्मण उप जातियों के सभी प्रतिनिधियों ने की शिरकत
- ब्राह्मण समाज की एकता का परिचायक बना समारोह
- ब्राह्मण एकता, समरसता, शिक्षा और संस्कृति पर दिया जाएगा बल
- बड़ी संख्या में समाज जन हुए शामिल

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** श्री सर्वब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह सामाजिक एकता, प्रतिभा सम्मान एवं संगठन की शक्ति का अनुपम उदाहरण बनकर उभरा। समारोह के मुख्य अतिथि निमिष व्यास रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जी.के. शर्मा ने की तथा डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने प्रेरणादायी विचार में कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सनातन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल पुरोहित, समाजसेवी प्रेमलता दवे, समाजसेवी अदिति दवेसर एवं एमआईसी सदस्य विशाल शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में शिक्षा, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले १३८ प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

खेल क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिए संजय वशिष्ठ, माही व्यास एवं संगीत में भुवी व्यास को सम्मानित किया गया। वहीं संगठन एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने पर जी.के. शर्मा, प्रभाकांत उपाध्याय, राजेश चाष्टा, सुरेश दवे, नवदीप शर्मा, पत्रकार राकेश शर्मा, कल्पना पुरोहित, राजेश डोरिया, राधा जोशी एवं प्रथमा कौशिक का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को सभा के अध्यक्ष नरेंद्र जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, परामर्शदाता शांतिलाल शर्मा एवं महिला अध्यक्ष सुनीता पाठक ने संबोधित करते हुए समाज में शिक्षा, संस्कार, संगठन एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि ब्राह्मण समाज की 48 से अधिक उपजातियों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। बड़ी संख्या में समाजजन अपने पूरे परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे आयोजन सामाजिक समरसता, आत्मीयता और एकता का अनुपम उदाहरण बन गया। उपस्थित जनसमूह ने इसे ब्राह्मण समाज की एकजुटता का ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व आयोजन बताया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सभा के सचिव नरेंद्र त्रिवेदी ने किया तथा अंत में ऊषा दुबे एवं नवदीप शर्मा ने सभी अतिथियों, समाजजनों एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया। श्री सर्वब्राह्मण सभा ने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी वरिष्ठजनों, युवा साथियों, मातृशक्ति, विभिन्न समाजों के अध्यक्षों, सचिवों, पदाधिकारियों, अभिभावकों एवं समस्त समाजजनों के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की।

सभा ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि ब्राह्मण समाज की यही एकता, सहभागिता एवं सकारात्मक सोच निरंतर बनी रही, तो भविष्य में भी समाजहित, शिक्षा, संस्कृति, युवा प्रोत्साहन एवं सामाजिक समरसता को समर्पित ऐसे अनेक सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं के सम्मान का अवसर बना, बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज की एकजुटता और सामूहिक शक्ति का प्रेरणादायी संदेश भी देकर गया।

## किसानों के अनेक मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने रतलाम में किया बड़ा प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



शहर में सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत के नेतृत्व में निकाली गई इस दौरान बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड से पानी का तेज छिड़काव (वाटर कैनन) किया गया, जिसके बाद भारी मशक्कत से स्थिति पर काबू पाया जा सका।

सोमवार दोपहर को सैलाना बस स्टैंड स्थित लहसुन-प्याज मंडी से कांग्रेस की जनआक्रोश रैली का आगाज हुआ। रैली शहीद चौक, धान मंडी, नाहरपुरा और कॉलेज रोड जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छत्रीपुल पहुंची। रैली में किसान और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें से कुछ कार्यकर्ता विरोध स्वरूप बैलगाड़ी लेकर भी पहुंचे थे। इस बड़ी रैली के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। जगह-जगह ट्रैफिक जाम होने से आम राहगीरों और शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस की इस रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं, जैसे- खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों और कृषि संसाधनों की बढ़ती कीमतों के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव कर ज्ञापन सौंपना था। छत्रीपुल पर रोके जाने के बाद पुलिस और कार्यकताओं के बीच हल्की झड़प भी देखने को मिली। पानी की बौछारों के बाद नाराज कांग्रेसी कार्यकताओं ने छत्रीपुल पर ही एक सभा आयोजित की। इसके बाद, प्रशासन को ज्ञापन सौंपे बिना ही सभी नेता और कार्यकर्ता वापस लौट गए।

इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल, जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन गेहलोत, शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, राकेश झालानी, शैलेंद्र अठाना और सोहेल काजी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## डिप्टी सीएम ने ग्राम गुर्जरबर्डिया में 333 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**मंदसौर।** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम गुर्जरबर्डिया स्थित सांदीपनि विद्यालय में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र को बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने लगभग 295 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित गुर्जरबर्डिया-महादेव मंदिर मार्ग, 65 लाख रु. की लागत से बने आरोग्यम उप स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा 37 लाख रु. की लागत से निर्मित राधा-कृष्ण गौशाला का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाली एवं स्वच्छता विषय पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय को आईएसओ 9001-2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम का प्रमाणपत्र सौंपा और वहां ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने नन्हे बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई की जानकारी ली और घोषणा की कि विद्यालय में जल्द ही डोम का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी से च्एक पेड़ मां के नामज अभियान के तहत पौधारोपण करने की अपील की और स्वयं भी परिसर में पौधा लगाया।

## रतलाम में दिनदहाड़े घर में घुसकर सनसनीखेज वारदात

**रतलाम।** शहर के माणक चौक थाना क्षेत्र के हनुमान रुड़ी स्थित नाइयों की गली में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े लूट और क्रूरता की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली सनसनीखेज वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया है। दो अज्ञात बदमाशों ने घर में अकेली महिला को बंधक बनाकर उसकी चोटी काट दी और उसके महज चार महीने के मासूम बच्चे को बेरहमी से बाथरूम में फेंक दिया। वारदात के बाद घायल महिला और बच्चे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां मासूम की हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में रखा गया है। हनुमान रुडी निवासी अशोक सोलंकी अपने बड़े पोते को स्कूल से लेने के लिए घर से निकले थे। नीचे भाई का लड़का राकेश सो रहा था। इसी दौरान सूनेपन का फायदा उठाकर दो अज्ञात बदमाश मकान की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में दाखिल हो गए। उस वक्त कमरे में अशोक सोलंकी की बहू मोनिका पति संजय सोलंकी अपने चार माह के दुधमुंहे बच्चे के साथ अकेली थी।

## सीएम के आगमन पर कांग्रेस का काला झंडा प्रदर्शन, आगे बढ़ने से पहले पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नीमच आगमन के दौरान सोमवार को जिला कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष तरुण माहिती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन से काले झंडे लेकर प्रदर्शन करते हुए निकलेद्य विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में काले झंडे लेकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ने लगे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काफिला जैसे ही कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ा, पुलिस और प्रशासन पहले से अलर्ट नजर आया। हिंगोरिया रेलवे फाटक के समीप भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए किसी को आगे नहीं बढ़ने दिया। और उन्हें रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया गया द्य कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों–बेरोजगारी, महंगाई और स्थानीय समस्याओं–पर ध्यान देने में विफल रही है। इसी के विरोध में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह च्मन्नू बन्नाज, विधानसभा अध्यक्ष अशोक गुर्जर, जिला महासचिव पुष्पेंद्र सिंह, लालचंद धनगर और रोहित गुर्जर सहित कई कार्यकताओं को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

## आंधी,तूफान,तेज बारिश में उजड़ा गरीब का मकान,चद्दर उड़े

### कांग्रेस नेता ने कहा प्रधानमंत्री आवास में मिले प्राथमिकता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलीयामंडी



क्षेत्र में रविवार शाम को तेज आंधी,तूफान ओर बारिश से जहां एक ओर किसानों के चेहरे खिलखिला उठे तो वही दूसरी ओर लुनाहेड़ा के मजदूर परिवार हरीश पिता दुगार्शंकर तिवारी पर कहर बरपा तेज आंधी में उनके मकान के चद्दर उड़कर 100 मीटर दूरी पर जाकर गिरे गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की कोई घटना नही घटी,घर के पंखे,कूलर,गैस सिलेंडर सहित खाने,पिने का सामान भी नष्ट होगया लगभग 1 लाख रुपये का नुकसान होगया।हरीश व पत्नी अंजू गांव में ही मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर करते है इनके एक पुत्र एवं पुत्री है जो नाबालिक है।

**प्रधानमंत्री आवास में मिले प्राथमिकता**

सूचना पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,जनपद सदस्य श्यामलाल मालवीय चावली,किशोर उणियारा भी सोमवार को लुनाहेड़ा पहुंचे व पीड़ित परिवार से चर्चा की हरीश तिवारी ने बताया कि मेरा तेज आंधी में मेरा पूरा मकान तहस,नहस होगया मेहनत मजदूरी करके बड़ी मुश्किल से मकान बनाया था।शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी से मोबाईल पर चर्चा कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग कर प्रधानमंत्री आवास में भी प्राथमिकता देने की मांग की है।

**पत्नी का रो रो कर बुरा हाल**

मकान पूरी तरह नष्ट होने से दुःखी हरीश की पत्नी अंजू बाई का रोरोकर बुरा हाल है।शर्मा ने उन्हें ढाढस बंधाया व हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

समाजसेवी एवं केटर्स संचालक तरुण शर्मा सहायता में आये आगे लुनाहेड़ा में हरीश तिवारी की सहायता में समाजसेवी एवं केटर्स संचालक तरुण शर्मा ने उनके राशन,पानी की एक माह व्यवस्था की। इस मौके पर महेश सेन,कैलाश दास,दशरथ सिनम, जयराम धनगर, भेरूपप्पू गुर्जर आदि मौजूद थे।

### न्यूज-कॉलम

## विधायक ने पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की

**मंदसौर।** विधायक विपिन जैन ने एसपी को पत्र लिखकर शहर के अभिनंदन क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या, लगातार हो रहे क्षेत्रीय विस्तार तथा अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यहां पुलिस चौकी की स्थापना समय की आवश्यकता बन गई है। विधायक श्री जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अभिनंदन क्षेत्र एवं आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा लंबे समय से पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की जा रही है। क्षेत्र में आए दिन चोरी, मारपीट, झगड़े तथा अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायतें सामने आती रहती हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र से संबंधित पुलिस थानों की दूरी अधिक होने के कारण समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाई आती है, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अभिनंदन क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित की जाती है तो अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।

## 30 जून को सीतामऊ में लगेगा विशेष शिविर

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों के लिए एक विशेष उद्यम पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 जून को सीतामऊ में जनपद पंचायत स्तर पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार क्षेत्र के गैर-कृषि उद्यमों का शत-प्रतिशत उद्यम पंजीयन सुनिश्चित करना है। इस शिविर के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को उद्यम पंजीयन की सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने की आवेदन प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा।

## जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न

**मंदसौर।** श्रीकृष्ण ग्वाला गवली सामाजिक संस्था (ग्वाला समाज) के जिलाध्यक्ष पद के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव संजय गांधी उद्यान में संपन्न हुए, जिसमें मंदसौर शहर सहित गरोठ, सीतामऊ और नारायणगढ़ के समाजजनों ने हिस्सा लिया। इस चुनावी मुकाबले में गोविंद सुरा और अनिल मसानिया के बीच सीधा मुकाबला था। समाज के कुल 1125 पंजीकृत मतदाताओं में से 813 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों में गोविंद सुरा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 77 मतों के अंतर से पराजित कर जीत हासिल की, जबकि इस दौरान 11 मत निरस्त पाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। निर्वाचन प्रक्रिया एड. अजयकुमार सिखवाल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नितेश गुप्ता ने संपन्न कराई।

## डोडाचूरा तस्करों को 10-10 वर्ष की सजा

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा टाटा मैजिक टैम्पो में 111.150 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले तीन आरोपीगण (1) अशोक पिता मांगीलाल मीणा, उम्र-45 वर्ष, (2) दिनेष पिता रामलाल मीणा, उम्र-45 वर्ष, (3) गणेष पिता लच्छीराम, उम्र-50 वर्ष तथा मोटरसायकल से पायलेटिंग करने वाले एक आरोपी (4) गणपत पिता केषुराम मीणा, उम्र-30 वर्ष, सभी निवासीगण-ग्राम कुलथाना, थाना हतुनिया, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को धारा 8/15 (सी), 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पोरवाल समाज ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**नीमच।** जिला चिकित्सालय मंदसौर में स्थित पोरवाल समाज के वार्ड के 6 कक्ष निर्माण करके समाज के पूर्व अध्यक्ष बद्रीलाल कोठारी जी बसई वालों के द्वारा गांव-गांव से सहयोग एकत्रित कर पोरवाल वार्ड की स्थापना की एवं 2014 में किसका लोकार्पण किया गया।

### न्यूज कालम



## सेवानिवृत शिक्षकों ने बनाया हैप्पी सीनियर सिटीजन मंच

**जावरा ।** नगर के सेवानिवृत शिक्षकों की एक बैठक बोर्डिया कुंआ मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत होने के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं शिक्षकों की प्रतिभाओं तथा लम्बे समय के अनुभवों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है ।सभी सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किसी एक मंच पर लाया जाय तो सर्वसम्मति से हेपी सिनियर सिटीजन मंच का गठन किया गया। मंच के राजेन्द्र शर्मा तथा आर पी शर्मा को संरक्षक बनाया गया। अध्यक्ष जगदीश उपमन्यु सचिव रशीद मोहम्मद रहमानी सह सचिव शाद मोहम्मद, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह डोडिया, रामेश्वर परमार को बनाया गया। अशोक तिवारी को मिडिया प्रभारी मनोनीत किया गया । इस अवसर पर पश्चात नव निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया । 30 जून को सेवानिवृत होने वाले नाहरूलाल बसेर , सुरेन्द्र सिंह डोडिया, मुस्ताक का सम्मान किया जाकर उन्हें मंच से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी ने तथा अशोक गोयल द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## बिजली सुधार कार्य के दौरान करंट लगने से खंभे से गिरा कर्मचारी



**मंदसौर।** भागवत नगर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जहाँ बिजली बंद होने की शिकायत सुधारने के दौरान एक बिजली कर्मचारी करंट की चपेट में आ गया। बिजली विभाग के कर्मचारी दीपक मालवीय अपने सहकर्मियों शंकर लाल और पीयूष माली के साथ मौके पर फॉल्ट ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान चालू तार से उंगली छू जाने के कारण उन्हें तेज करंट लगा, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वे लगभग 12 फीट ऊंचे खंभे से नीचे गिर गए। इस हादसे में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और सिर में तीन टांके लगाने पड़े। मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत संभालते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही कार्यपालन यंत्री दीपक बांदिल ने अस्पताल पहुँचकर घायल कर्मचारी का हालचाल जाना। डॉक्टरों के अनुसार कर्मचारी फिलहाल खतरे से बाहर और स्थिर है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि काम के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया गया था, फिर भी इस पूरे मामले की विभागीय जांच कराई जा रही है।

## नीमच के जमुनिया में युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनियाकलां में एक युवक द्वारा सल्फास का सेवन करने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनियाकलां निवासी लक्ष्मीलाल उर्फ लाला (35) पिता चांदमल सेन ने रविवार को अज्ञात कारणों के चलते गांव के शासकीय स्कूल परिसर में सल्फास का सेवन कर लिया। जहर खाने के बाद उसने अपने एक दोस्त को फोन कर इसकी जानकारी दी। तुरंत दोस्त ने परिजनों को घटना कि जानकारी दीं । परिजन तत्काल लक्ष्मीलाल को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। हालांकि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर नीमच सिटी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्मघाती कदम उठाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## आर्थिक साक्षरता और नई शिक्षा नीति पर हुआ शोध-पत्र वाचन

**मंदसौर।** शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के स्टडी क्लब के तत्वावधान में द्वितीय सत्र की चौथी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम प्रस्तोता डॉ. रजत जैन ने मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में वित्तीय साक्षरता, प्रभावी कराधान एवं मूल्य स्थिरता की भूमिका पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिवेश में बचत, निवेश, कर अनुपालन और डिजिटल वित्तीय सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिस पर सुश्री साक्षी विजयवर्गीय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में सुश्री अर्पिता गोराना ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अवसरों और चुनौतियों पर शोध-पत्र पढ़ते हुए इसे गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और कौशल-आधारित शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने परिणाम-आधारित शिक्षण और प्रभावी पाठ योजना के महत्व को रेखांकित किया, जिस पर सचिन शर्मा ने भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने दोनों प्रस्तुतियों पर विस्तृत टिप्पणी करते हुए विद्यार्थियों की समकालीन चुनौतियों और देश के विकास परिदृश्य पर मार्गदर्शन दिया। संचालन सुश्री वर्षा सिंह राजपूत ने किया।

## ट्रैक्टर के टायरों में छिपाकर तस्करी की जा रही अफीम और डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार पवार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बुढ़ा विकास गेहलोत की टीम ने मुखबिर की सूचना पर झारड़ा से भंवरासा रोड स्थित बोरखेड़ी फंटा यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी की। पुलिस ने वहां एक मैसी 241 डीआई ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका, जिसके अंदर एक अन्य लाल रंग का मैसी 1035 डीआई ट्रैक्टर रखा हुआ था। सघन तलाशी लेने पर अंदर रखे ट्रैक्टर के पिछले दाएं टायर से 30 किलोग्राम डोडाचूरा और अगले बाएं टायर के अंदर से 5.5 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। जप्त मादक पदार्थ की कुल कीमत 8 लाख 85 हजार रु. आंकी गई है।पुलिस ने मौके से राजस्थान के जोधपुर जिला अंतर्गत ग्राम बड़लिया निवासी दो आरोपियों विकास (26) पिता बोहराराम जाट और प्रधान (27) पिता सेवाराम जाट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों के साथ दोनों ट्रैक्टर भी जब्त कर लिए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना नारायणगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**महिदपुर।** महिदपुर सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी प्रमुख दीपा राठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वरिष्ठ समाजसेवी विजयसिंह गौतम एवं विशेष अतिथि संस्था के मूल अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी कुमुद ओझा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिदपुर शाखा प्रभारी सोनू रोहिणी मेहता द्वारा की गई। गौतम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है कि वह निराश्रित बच्चों की सहायता करें वहीं संस्था को 11000 की राशि गौतम द्वारा भेंट की गई । ज्योति शर्मा बृजवासी और कुमुद ओझा ने बताया कि समाज हमारी आत्मा है एवं समाज का उत्थान हमारी छोटी-छोटी मदद से हो सकता है संस्था ने पितृविहीन छह बालिकाओं को गोद ले रखा है उन बालिकाओं को महिदपुर संस्था द्वारा पाठ्य सामग्री एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित की गई। अन्य मातृशक्ति को संस्था द्वारा पदभार सोपा गया जिसमें प्रभा शर्मा संस्था की संगठन मंत्री, उषा खंडूजा सह संगठन मंत्री, सरिता कालरा कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सरोज पोरवाल को नियुक्ति किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अन्य मातृशक्ति का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में मंजू शर्मा, कांता जलान्द्रा, रानी उथरा, प्रवीणा दुआ ,रानू सोगानी ,सुनीता पालीवाल ,मंजू वधवा ,नीतू जैन ,रेखा चैरसिया, मुक्तिका शर्मा, कुसुम ईनानी, कुसुम दशोरा, दया गेरा, पूजा वधवा, कविता जलान्द्रा अन्य मातृ शक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का आभार सोनू रोहिणी मेहता द्वारा व्यक्त किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी द्वारा दी गई।

## सोनकच्छ में 40 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न



**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा के तत्वावधान में ग्राम सोनकच्छ में 40 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञीय वातावरण में सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर बच्चों के उज्ज्वल, संस्कारित एवं आदर्श जीवन की कामना की गई। यह कार्यक्रम पूर्व पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अनुयाज का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसी क्रम में रविवार, 19 जुलाई 2026 को ग्राम सोनकच्छ के 151 घरों में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के साथ पौधारोपण एवं व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार ने सभी ग्रामवासियों से इस दिव्य अभियान में सहभागिता कर यज्ञ एवं संस्कार की परंपरा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के साथ गायत्री परिवार से जिला समन्वयक डॉ ओ.पी. पंवार, हवलदार सिंह, युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक किशोर जानोरिया, गोविन्द नामदेव उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर निकले दुलदुल और ताजिए दस दिवसीय मोहर्रम का हुआ समापन



**तनोडिया।** मोहर्रम सिर्फ इस्लामी नए साल का पहला महिना ही नहीं। बल्कि हक, इंसाफ सब्र और कुबार्नी की याद का महिना भी है। आज देशभर व जिला के साथ साथ नगर में भी हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में अकीदत और एहतराम के साथ ताजिया के जुलूस निकाला गया। बताया जाता है कि लगभग 1400 वर्ष पहले करबला की सरजमीं पर इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने जुल्म और नाइंसाफी के सामने झुकने के बजाय अपनी जान कुर्बान कर दी। लेकिन सत्य और इंसाफ का रास्ता नहीं छोडा यही वजह है कि करबला का वाकया आज भी इंसानियत, हिम्मत और कुबार्नी की सबसे बड़ी मिसाल माना जाता है। मोहर्रम के अवसर पर निकले जुलूस में अकीदतमंदों ने मातम किया। मोहर्रम की 9 तारीख से नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला जो रामलीला चौक होते हुए दोपहर में सुठेली रोड स्थित बावडी में कर्बला के बाद विसर्जन किया गया। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यापक व्यवस्था थी। वहीं कहीं स्थानों पर जगह-जगह सबील लगाकर पानी और शरबत व खीर का वितरण भी किया गया।

## 9000 एचपी का सुपर इंजन दो गुनी स्पीड के साथ रेल्वे स्टेशन से गुजरा

**महिदपुर रोड।** भारतीय रेल्वे के रतलाम रेल मंडल के दाहोद रनिंग स्टॉफ वर्कशॉप की नई पावर फैक्ट्री में 9000 एच पी का बना सुपर इंजन सोमवार की सुबह नगर के रेल्वे स्टेशन से गुड्स ट्रेन लेकर अन्य गुड्स ट्रेनों की अपेक्षा दोगुनी स्पीड से गुजरा रेल्वे स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार सेन जानकारी देते हुए बताया भारतीय रेल्वे की इस अनुपम उपलब्धि पर सभी रेल्वे कर्मचारियों अधिकारियों को गर्व है स्टेशन अधीक्षक सेन ने जानकारी देते हुए बताया 89 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से निर्मित यह इंजन अन्य इंजनों की अपेक्षा दोगुनी स्पीड से गुड्स ट्रेन को लेकर रेल्वे ट्रैक पर दौड़ता है सोमवार की सुबह निकली गुड्स ट्रेन को स्टेशन अधीक्षक ने अप प्लेटफॉर्म से तथा ड्यूटी पर उपस्थित रेल्वे पोर्टर रामलाल मीणा ने ग्रीन सिग्नल होने से हरी झंडी दिखाकर डायरेक्ट गुजरने का संकेत दिया।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, पहले दिन 73 प्रतिशत बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

# 13,969 बच्चों को पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की' अब छूटे बच्चों तक घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम





दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सुसनेर विकासखंड में व्यापक स्तर पर पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य विभाग ने 73 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए 13,969 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक दो बूंद पिलाई। अब शेष बच्चों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि विकासखंड का कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण खुराक से वंचित न रह जाए।

अभियान का शुभारंभ नगर के वार्ड क्रमांक-12 स्थित विश्राम गृह (डाक बंगला चौराहा) पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की और उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों तथा अन्य निर्धारित बूथों पर सुबह से ही व्यवस्थाएं की गई थीं। बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इसके अलावा बस स्टैंड, प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष टीमें तैनात रहीं, जिससे यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जा सके।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान कुल 13,969 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई, जो निर्धारित लक्ष्य का 73 प्रतिशत है। जिन बच्चे किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके, उन्हें अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके लिए सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं और सुपरवाइजर लगातार अभियान की निगरानी करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद युगल किशोर परमार, मंडल मीडिया प्रभारी दीपक जैन, निखिल सांवला, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रजभूषण पाटीदार, स्वास्थ्य विभाग के मुकेश सूर्यवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर परिषद के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रजभूषण पाटीदार ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि यदि उनके बच्चे किसी कारण से पहले दिन पोलियो की दवा नहीं पी सके हैं, तो घर-घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम को सहयोग करें और अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दो बूंद पिलवाएं।

### 30 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

हम सभी का संकल्प है कि दो बूंद जिंदगी की देकर हर बच्चे को पोलियों मुक्त भविष्य देना आइए हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और अपने क्षेत्र को पूर्णतः पोलियों मुक्त बनाए में अपना योगदान दें। और साथ ही जनमानस 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवाई पिलाने के लिए सहयोग की अपील की जिससे कोई भी बच्चा पोलियो दवाई पीने से छुटे नहीं। ऐसे अलग-अलग केन्द्र बस स्टैंड, मुख्य चौराहे व आंगनवाडी केन्द्रों पर पहले ही दिन 640 में से 587 बच्चों को दवा पिलाई गई। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। जो बचे बच्चों को घर घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

### तनोडिया

क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने बच्चों को पोलियों जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर किया गया। इसी प्रकार आंगनवाडी क्रमांक 4 में भी किया गया। इस अवसर पर महेश मित्तल, महेश शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर हरिनारायण राठौर, मनीष मालवीय, आशा कार्यकर्ता धापूबाई भिलाला, चेतना बैरागी , कमलेश शर्मा,हवाबाई वर्मा, शबाना बी मुल्तानी, रीना चौहान एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तृप्ति शर्मा, जमीला बी मुल्तानी, शिल्पा चौधरी,राधा यादव ने अपने आंगनवाड़ी केंद्र पर पोलियो की दवाई पिला कर अभियान की शुरूआत की गई।

# महिला सामुदायिक स्वयंसेवकों की एडवांस लेवल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




जन साहस संस्था द्वारा संचालित महिला भूमि एवं संपति अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय एडवांस लेवल कम्युनिटी वॉलंटियर्स वर्कशॉप कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें घट्टीया , माकडोन , तराना तहसील से लगभग 50 से अधिक महिला - सामुदायिक स्वयं सेवकों द्वारा भागीदारी कि गई ।जन साहस टीम से रवि कुमार संस्था व प्रोग्राम का परिचय दिया गया।

रेखा डाबी और भावना धुजावरा व टीम साथियों द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट रजनिश मालवीय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो से आई महिलाओं सामुदायिक स्वयंसेवकों को किसानों की जमीन से जुड़ी समस्याओं जैसे-बटवारा, नामांतरण, सीमांकन, रास्ता विवाद, नक्शा बटा कन त्रुटि सुधार, आदि समस्या, एवं हिंदू उत्तराधिकार अधिकार संशोधन अधिनियम 2005 व मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 के बारे में जानकारी दी गई। रीना परमार द्वारा शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, किसान अनुदान योजना, के बारे मैं जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन संस्था से चांदनी डाबी द्वारा किया गया।

### भूमि से संबंधित दस्तावेजों की दी जानकारी

अनिता चौहान द्वारा भूमि से संबंधित दस्तावेजों जैसे खसरा बी 1 नक्शा पावती रजिस्ट्री की जानकारी दी गई। महिला भूमि एवं संपत्ति अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला में उपस्थित होकर विधि सलाहकार पूनमचंद राठौर अभिभाषक के द्वारा दी गई व सभी का आभार संस्था से अनिता बघेल द्वारा व्यक्त किया गया।

## पिपलोनकलां में सुना मन की बात का 135 वां एपिसोड

**तनोडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 135 वां एपिसोड भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। पिपलोनकलां के चारों बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति में पिपलोनकलां में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपिसोड में देश के अलग-अलग राज्यों में कचरा संग्रह और अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर किए जा रहे नवाचारों की चर्चा की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उदाहरण देते हुए लोगों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यान से सुना। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, वरिष्ठ नेता संजय फुलेरा, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहनलाल मकवाना, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान,लेखराज फुलेरा, महामंत्री सतपाल सिंह चुंडावत, सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र राठौर,समरथ जायसवाल,पदम बोहरा,अशोक टेलर,समरथ जैन,बूथ अध्यक्ष मोहनलाल मालवीय, राहुल सिसोदिया, अंकित जैन,निखील फुलेरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने पल्स पोलियो में निभाई भूमिका

महिदपुर। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून से 30 जून तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई जा रही है। इस अभियान के तहत शासकीय चिकित्सालय महिदपुर द्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में पात्र बच्चों तक पल्स पोलियो वैक्सीन पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। समाज सेवा के इस महत्वपूर्ण अभियान में शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। तीन दिवसीय अभियान का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जेंडन लिंगजेरपा द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया।

## बारिश के बाद मैना रोड पर यातायात बाधित, जेसीबी से हटाई जलकुंभी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



क्षेत्र में देर शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश का दौर पूरी रात जारी रहा। लगातार हुई वर्षा से कंठाल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। नदी के तेज बहाव के साथ बड़ी मात्रा में बहकर आई जलकुंभी मैना रोड स्थित पुलिया में फंस गई। पुलिया पर जलकुंभी का जमाव होने से पानी का प्रवाह बाधित हो गया और कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद तत्काल जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और पुलिया में फंसी जलकुंभी को हटाने का कार्य शुरू किया गया। करीब एक घंटे तक चले अभियान में पुलिया से जलकुंभी और अन्य कचरे को हटाया गया। अवरोध हटते ही नदी का पानी तेजी से बहने लगा और पुलिया पर यातायात भी सामान्य हो गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच भेरू सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति बनने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

### कंठाल नदी व नालों का जलस्तर बढ़ा

शनिवार रात हुई मूसलाधार बारिश से सुसनेर नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी वर्षा दर्ज हुई। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया और कंठाल नदी सहित अन्य नदी-नालों एवं तालाबों का जलस्तर भी बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर निचले इलाकों में पानी भरने और पुलिया पर जलकुंभी फंसने जैसी घटनाओं ने प्रशासन की सतर्कता भी बढ़ा दी है। रविवार को जिला जनसंपर्क विभाग की ओर से शनिवार को हुई वर्षा के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए।

### राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप की जयंती पर विशाल शौर्य यात्रा निकाली

# राजपूत समाज में शादियों में टेबल प्रथा बंद होना चाहिए- विधायक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद



नगर में वीर शिरोमणि मेवाड़ राजस्थान के महान सिसोदिया राजवंश के प्रतापी राजा महाराणा प्रताप की 486 वीं जन्म जयंती नगर में रविवार को विशाल शौर्य यात्रा निकालकर समग्र राजपूत समाज नगर एवं ग्रामीण द्वारा मनाई।

महाराणा प्रताप अपने अदम्य, साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए इतिहास में अमर है। शौर्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई संजोग परिसर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई। यहां पर धर्म सभा को गुरुदेव नरेंद्र गिरी जी महाराज ने संबोधित करते हुए समग्र राजपूताना के गौरव महाराणा प्रताप की जीवन शैली बताते हुए कहा महाराणा ने कैसे घास की रोटी खाकर समाज को एक जुट एक सूत्र में बांधा है। सभा को विधायक डॉक्टर तेजबहादुर चौहान ने संबोधित करते हुए कहा राजपूत समाज में शादियों में टेबल प्रथा बंद होना चाहिए। मैं इसका खुलकर विरोध करता हूं। जनपद अध्यक्ष पृथ्वी सिंह पवार ने बताया कि समाज एक सूत्र में कार्य करता है तो वह राजपूत समाज का गौरव कहलाता है। कार्यक्रम को मोती सिंह शेखावत, यशपाल सिंह सिसोदिया, जीतु सिंह लेकोडिया, अजय सिंह पवार, यशपाल सिंह सिसौदिया, शक्ति सिंह सोनगरा, लाल सिंह बंजारी, धारा सिंह सुरेल, सार्थक सिसोदिया आदि ने संबोधित किया।

### समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान राजपूत समाज में महाराणा प्रताप जयंती पर किया। स्वागत भाषण औकार सिंह भाटी, महाराणा प्रताप का जीवन परिचय वीरेंद्र सिंह भुवासा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन ऋतुराज सोनगरा व आभार रविंद्र सिंह चंद्रावत ने माना। शौर्य यात्रा मैं खाचरौद नगर सहित ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में राजपूत सरदार उपस्थित थे।



## विधायक जैन ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

**महिदपुर रोड।** रविवार को नगर के आठ बूथों पर 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के अभियान का श्री गणेश विधायक दिनेश जैन बोस भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान सरपंच ऋतु पाटीदार तथा भाजपा किसान मोर्चे के वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यनारायण पाटीदार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत के बूथ पर आये बच्चों को वैक्सीन पिलाकर किया इस दौरान यहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण पंवार पंवार आशा कार्यकर्ता सुषमा खन्ना तथा अन्य उपस्थित रहे। पल्स पोलियो अभियान प्रभारी डॉक्टर सलीम मंसूरी तथा सुपर वाइजर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में 39 बूथ बने जाकर वहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता तथा महिला बाल विकास विभाग के अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा रही है 28 और 29 तारीख को संबंधित बूथों पर पल्स पोलियो की वैक्सीन पिलाई जायेगी वहीं 30 तारीख को घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाने से वंचित बच्चों को चिन्हित कर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

## नगर को मिले एक प्रधान आरक्षक सहित तीन कांस्टेबल एवं दो महिला आरक्षक

**महिदपुर रोड।** उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के अंतिम सीमा पर स्थित महिदपुर रोड पुलिस थाने उज्जैन पुलिस कप्तान ने उज्जैन जिले में भेजे गये नव आरक्षकों में से एक प्रधान आरक्षक तीन आरक्षकों के अलावा दो महिला आरक्षकों की पद स्थापना की है । पुलिस थाने से प्राप्त अधिकृत जानकारी के अनु सार प्रधान आरक्षक महिपाल सिंह हाडा के अलावा नीरज चौधरी ,सौरभ शर्मा, जितेंद्र यादव की पद स्थापना कांस्टेबल के रूप में की गई है। काफी समय बाद नगर के पुलिस थाने पर महिला आरक्षक के रूप में सोना राजपूत तथा उर्मिला धाकड़ को भेजा गया है एक अन्य आरक्षक के भी शीध्र ही पुलिस थाने पर आमद देने की जानकारी मिली है।

**ग्रामीण विकास को रफ्तार**

## विधायक पंड्या ने किया 1.14 करोड़ के विकास कार्यो का श्री गणेश

**बड़नगर।** ग्रामीण विकास के अंतर्गत विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के मुख्य आतिथ्य में रविवार को विधानसभा के ग्राम खेड़ावदा में 62 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन व लोकार्पण साथ ही ग्राम मुण्डत में 52 लाख से अधिक की लागत के कार्यों भूमि पूजन व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व मे ग्रामीण क्षेत्रो में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास को प्राथमिकता देतें हुए निरंतर कार्य किए जा रहे है। ग्रामवासियों के सहयोग और विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढती रहेगी। सभी ग्रामीणजनों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाए। भूमि पूजन एवं लोकापर्ण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बालुसिंह पंवार जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह ,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजब सिंह ,भाजपा खरसोद कला मंडल अध्यक्ष विजयराजसिंह ,खरसोद खुर्द मंडल अध्यक्ष मुकेश व्यास , नोगांवा महाराज साहब जगदेव सिंह राठौर ,सरपंच संघ अध्यक्ष मनोहर गुर्जर ,गजेन्द्रसिंह राजावत, प्रहलाद मामा जनपद प्रतिनिधि गोविंद गलगामा ,सरपंच खेड़ावदा राजेश धाकड़ , सुनीता टीकंमसिंह पंवार जनपद सदस्य , घनश्याम जाट , उपसरपंच प्रतिनिधि बबलू डामर के समस्त पंचगण व समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



बड़नगर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभांरभ 28 जून रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. आदित्य माथुर , अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर , ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजेन्द्र अजनार , रोगी कल्याण समिती सदस्य विराग मिश्रा, बाबुभाई बोहरा, बहादुर बादशाह , भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्वत , जिला नोडल अधिकारी डॉ. मधुसुदन राजावत की गरीमामयी उपस्थिति में सिविल हॉस्पिटल हुआ। इस अवसर पर 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चो को पल्स पोलियो की दो बुंद पिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठजनो द्वारा सभी अभिभावको से यह अपिल कि गई की द्वारा 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चो को पल्स पोलियो की दो बुंद अवश्य पिलाये। इस अवसर पर डॉ. गुलाम नबी , प्रभारी बीई दिनेश कुमार पंचोली, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, अभियान सुपरवाईजर विजय कटारिया, रूपेश कछावा, नर्सिंग ऑफिसर सुनिता सनोडिया, ए एन एम पुष्पा नाजकानी, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# वेटलिफ्टिंग करके घटा सकते हैं पेट की चर्बी?

शरीर का संतुलन और इसे लचीला बनाने के लिए वेटलिफ्टिंग एक असरदार एक्सरसाइज है। इस एक्सरसाइज से बॉडी पॉश्चर और शेप बेहतर होता है। जानें इससे पेट की चर्बी कम होती है या नहीं?



वेटलिफ्टिंग की मदद से वजन कम करने, शरीर की ताकत को बढ़ाने और मसल टोन इंप्रूव करने में मदद मिलती है। वेट ट्रेनिंग की मदद से हड्डियां मजबूत बनती हैं। शरीर को शेप देने के लिए वेटलिफ्टिंग एक अच्छी एक्सरसाइज है। वेटलिफ्टिंग की मदद से फ्रैक्चर और ऑस्ट्योपोरोसिसका खतरा कम होता है। हार्ट हेल्थ के लिए यह एक असरदार एक्सरसाइज मानी जाती है। कुछ लोग यह मानते हैं कि वेटलिफ्टिंग करने से बेली फैट को कम करने में मदद मिलती है।

## केवल वेटलिफ्टिंग से बेली फैट कम नहीं होता

वेटलिफ्टिंग की मदद से बेली फैट को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन यह एक्सरसाइज केवल बेली फैट को कम करने के लिए नहीं जानी जाती है। बॉडी फैट तब घटता है जब आप कंज्यूम की गई कैलोरी से ज्यादा बर्न करते हैं। साल 2014 में जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, जिन पुरुषों की उम्र 40 साल या उससे ज्यादा है उनमें वेट ट्रेनिंग को पेट की चर्बी कम करने के लिए असरदार एक्सरसाइज बताया। कमर पर जमा फैट कम करने के लिए वेट ट्रेनिंग को असरदार पाया गया। यह स्टडी 10 हजार से ज्यादा लोगों पर की गई थी। हालांकि स्टडी में यह बात साफ नहीं है कि केवल वेटलिफ्टिंग के जरिए पेट की चर्बी घटती है या नहीं इसलिए इसे आधार नहीं माना जा सकता।


स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की मदद से लीन मसल्स बनाने में मदद मिलती है,रेस्टिंग मेटाबॉलकि रेट बढ़ता है जिससे कैलोरी बर्न करने में ज्यादा मदद मिलती है। इससे कमर पतली होती है और फैट की जगह शरीर में मसल्स बढ़ती हैं।

## स्नैक्स वजन कैसे बढ़ाते हैं?

जब हम हेल्दी सोचकर किसी चीज को जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, तो यह स्थिति वजन बढ़ाने में सहयोग करने लगती है। असल में, वजन को संतुलित रखने के लिए बहुत जरूरी है कि पोर्शन साइज का भी ध्यान रखा जाए। हालांकि, कई बार काम करते हुए फोन देखकर स्नैक्स खाते समय लोग अक्सर मुट्ठी भर चीजों के बजाय पूरा पैकेट खा जाते हैं। इनमें कैलोरी और फैट की मात्रा ज्यादा होती है, जो वजन बढ़ा देते हैं।

पैकेट बंद हेल्दी फूड का अधिक सेवन करना: भले ही ब्रांड अपनी पैकेट में न्यूट्रिशनल वैल्यू डालते हैं, लेकिन आप क्या खा रहे हैं, इस पर नजर रखा जाना भी जरूरी है। आमतौर पर पैकेट बंद चीजों में लो फैट या हेल्दी लिखा होता है, लेकिन इनमें आर्टिफिशियल शुगर, सोडियम आदि अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। ये चीजें हेल्दी नहीं होती हैं। इनका सेवन करने से वजन बढ़ता है।

# रोज पीते हैं प्रोटीन शेक? पाचन तंत्र पर पड़ता है बुरा असर



आजकल फिटनेस का खास ध्यान रखने वाले और हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने वाले लोगों के बीच प्रोटीन शेक काफी लोकप्रिय है। मांसपेशियों को मजबूत बनाने, शरीर की रिकवरी में मदद करने और रोज की प्रोटीन की जरूरत पूरी करने के लिए कई लोग इनका सेवन करते हैं, लेकिन इसके कारण कुछ लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

हर इंसान के शरीर की जरूरते अलग होती हैं। ऐसे में हर व्यक्ति का शरीर प्रोटीन शेक प्रति अलग तरह से रिस्पॉन्स करता है। कुछ लोगों को प्रोटीन शेक पीने के बाद पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में शरीर के संकेतों को समझना जरूरी हो जाता है। इसके संकेतों को नजरअंदाज न करें। कई बार प्रोटीन से पाचन संबंधी समस्याओं के होने का एक आम कारण लैक्टोज इनटॉलेरेंस की समस्या हो सकती है। कई व्हे प्रोटीन पाउडर में लैक्टोज होता है, जो सेंसिटिव लोगों में पाचन की समस्याओं को बढ़ावा दे सकता है।

### बार-बार पेट फूलना और गैस बनना

अगर प्रोटीन शेक पीने के बाद आपको पेट में भारीपन, सूजन या गैस की समस्या महसूस होती है, तो यह संकेत हो सकता है कि आपका शरीर उसमें मौजूद किसी तत्व को सही तरीके से पचा नहीं पा रहा है। कई प्रोटीन पाउडर में ऐसे तत्व होते हैं, जो कुछ लोगों के लिए पाचन में परेशानी पैदा कर सकते हैं। अगर यह समस्या बार-बार हो रही है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### पेट दर्द और ऐंठन की समस्या

प्रोटीन शेक लेने के बाद पेट में दर्द, मरोड़ या ऐंठन महसूस होना भी पेट से जुड़ी समस्या का संकेत हो सकता है। यह स्थिति तब हो सकती है, जब शरीर किसी खास सामग्री को पचा नहीं कर पा रहा हो। अगर हर बार शेक पीने के बाद ऐसा हो रहा है, तो यह आपके लिए सही प्रोटीन न होने का संकेत हो सकता है।

### दस्त होना

कुछ लोगों को प्रोटीन शेक पीने के बाद दस्त की समस्या हो सकती है। कई बार प्रोटीन पाउडर में स्वाद बढ़ाने के लिए मिलाए गए आर्टिफिशियल स्वीटनर या अन्य तत्व पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। अगर यह समस्या लगातार बनी रहती है, तो प्रोडक्ट की सामग्री की जांच करना जरूरी है।



# कोच बोले-जैसे सबका डेब्यू हुआ, वैभव सूर्यवंशी का भी होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार बताया है। हालांकि, कोच ने साफ तौर पर कहा कि टीम में जगह पाने के लिए वैभव को भी उसी चयन प्रकिया से गुजरना होगा। जिससे अन्य खिलाड़ी गुजरे हैं।

45 साल के साउथ अफ्रीकी कोच ने आयरलैंड से हार पर कहा कि टीम खुद को हालात के हिसाब से ढाल नहीं पाई। रविवार को टीम इंडिया को आयरलैंड के खिलाफ एक रन की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ आयरलैंड ने भारत को 2-0 से क्लीन स्वीप भी कर दिया था। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में वैभव को मौका नहीं मिलने पर उठे सवालों के जवाब में टेन डोशेट ने कहा कि संजू सैमसन ने कुछ महीने पहले भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि अच्छे आईपीएल सीजन के बाद भी खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर देना और उन पर भरोसा बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन संजू सैमसन भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में टीम के लिए बड़ा योगदान दिया है। हम खिलाड़ियों को लंबा मौका देना चाहते हैं। टेन डोशेट ने कहा कि टीम प्रबंधन वैभव को जल्द खेलते देखने के लिए उत्साहित है, लेकिन उनके लिए भी वही मानदंड लागू होंगे जो अन्य खिलाड़ियों पर लागू होते हैं। उन्होंने कहा हम सभी वैभव को खेलते देखना चाहते हैं, लेकिन उसे भी वही प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उसकी प्रतिभा पर किसी को कोई शक नहीं है।

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा 776 रन बनाए थे। उन्होंने 230 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर और इमर्जिंग प्लेयर जैसे पुरस्कार अपने नाम किए थे।

# दीप्ति सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला क्रिकेटर

एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। लॉड्र्स में स्पिनर दीप्ति शर्मा महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत की ओर से वर्ल्ड कप की सबसे तेज फिफ्टी लगाई।

स्टेडियम में विराट कोहली व अनुष्का शर्मा भारतीय टीम का हौसला बढ़ाते नजर आए। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज भी पूरा किया। टीम ने 171 रन का टारगेट 19 ओवर में हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने 171 रन का टारगेट हासिल कर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले सबसे बड़ा चेज 164 रन का था। यह इंग्लैंड ने 2009 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। वर्ल्ड कप में अब तक 150+ रन के 8 सफल चेज में से 6 इसी एडीशन में देखने को मिले हैं। वहीं, यह ऑस्ट्रेलिया का महिला टी-20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज भी रहा।

दीप्ति शर्मा ने महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। उन्होंने झूलन गोस्वामी को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनके तीनों फॉर्मेट मिलाकर 356 इंटरनेशनल विकेट हो गए हैं, जबकि झूलन गोस्वामी ने अपने करियर में 355 विकेट लिए थे। दीप्ति ने टेस्ट में 22, वनडे में 166 और टी-20 इंटरनेशनल में 168 विकेट हासिल किए हैं।

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को पारी और 217 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ एंटीगुआ

वेस्टइंडीज ने एंटीगुआ टेस्ट में श्रीलंका को पारी और 217 रन के बड़े अंतर से हराया। उसने रोस्टन चेज की कप्तानी में पहला टेस्ट जीता है। इस जीत के साथ विंडीज ने 2 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 3 जुलाई से खेला जाएगा।

विवि रिचर्ड्स स्टेडियम में सोमवार को श्रीलंका दूसरी पारी में 101 रन पर सिमट गई। टीम ने चौथे दिन 15/1 से आगे खेलना शुरू किया था और पूरी टीम महज 32 ओवर में पवेलियन लौट गई। टीम के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। तेज गेंदबाज केमार

## केप वर्डे के फुटबॉल कप्तान पर रेप के आरोप

### ट्रांसलेटर बोली- होटल के कमरे में दुष्कर्म किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केप वर्डे फुटबॉल टीम के कप्तान रेयान मेंडेस पर रेप के आरोप लगे हैं। ब्राजीलियन मीडिया ग्लोबो के अनुसार, न्यूजीलैंड में मार्च 2026 की सीरीज के दौरान टीम के साथ ट्रांसलेटर के तौर पर काम करने वाली एक महिला ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होगा या नहीं। मामले की जांच जारी है। अभी तक उन्हें किसी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब केप वर्डे पहली बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में पहुंचा है। वह राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाला दुनिया का सबसे छोटा देश बना है। टीम को 4 जुलाई को अर्जेंटीना से मैच खेलना है। मेंडेस ग्रुप स्टेज के तीनों मैच खेल चुके हैं। हालांकि, उनके नाम एक भी गोल दर्ज नहीं हैं।

ग्लोबो की रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत करने वाली महिला ब्राजील की नागरिक है। महिला का आरोप है कि ऑकलैंड के एक होटल में रेयान मेंडेस उसके कमरे में आए और यौन हमला किया। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी और मेडिकल जांच कराई।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**कार ड्रायवर चाहिये**
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
Jomoride
9179179929, 8602299929

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### युवक पर चाकू से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक बाइक सवार दूसरे युवक को चाकू मारते हुए नजर आ रहा है। हालांकि ये मामला दो दिन पुराना है। जिसमें पुलिस ने फरियादी के शिकायत पर केस भी दर्ज कर रखा है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ये घटना 27 तारीख को हिना कॉलोनी की है। मामला दोनों पड़ोसियों के बीच का है। इसमें फरियादी अंजूमन है जो खजराना इलाके का ही रहने वाला है, जबकि आरोपी सोनू है जो इसका पड़ोसी है। इनका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपी सोनू ने अंजूमन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया था। हालांकि चाकू से हमले के दौरान अंजूमन बच गया था। उसका मेडिकल भी करवाया गया था, जिसमें चोट नहीं थी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सोनू के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

### विवाद के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या मां से कहकर गया था थोड़ी देर में आता हूं

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब दुकान पर हुए विवाद के बाद एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सिद्धार्थ नगर के समीप स्थित वाइन शॉप की है। विवाद के दौरान एक युवक ने दूसरे पर चाकू से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर एसीपी निधि सक्सेना के मुताबिक सिद्धार्थ नगर निवासी हेमंत उर्फ हेमू जाट (39) पिता राजेंद्र वाइन शॉप पर कृष्णा पाटिल और राजेश चौहान के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर कृष्णा पाटिल ने हेमंत पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने हेमंत पर चाकू से तीन से चार वार किए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल हेमंत को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### सोनिला मिमरोट के पदभार ग्रहण से पहले पुलिस ने उनके भाई गिरफ्तार

**इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाई गईं सोनिला मिमरोट के पदभार ग्रहण से पहले पुलिस ने उनके भाई बादशाह मिमरोट को उठा लिया। उसे रविवार रात गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ पंढरीनाथ थाने में एफआईआर दर्ज थी। उन्होंने पिछले दिनों कलेक्ट्रेट के सामने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान अपशब्द कहे थे। आज पुलिस ने उसे एसीपी कोर्ट भेजा है। आज सोनिला का पदभार ग्रहण कार्यक्रम है। बादशाह मिमरोट उसकी तैयारी में लगा था, तभी पुलिस ने उसे उठा लिया। पंढरीनाथ टीआई सतीश पटेल ने बताया कि बादशाह मिमरोट को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उसे एसीपी कोर्ट भेजा गया है। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने और पुलिस अधिकारियों से अभद्रता का मामला सामने आया था। प्रदर्शन के दौरान एक महिला कांग्रेस नेत्री ने सार्वजनिक रूप से पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया था। जांच में बादशाह मिमरोट की भूमिका भी सामने आने पर उसे प्रकरण में आरोपी बनाया गया था।

### जोबट छात्रावास में नहीं चलेगी सिफारिश, योग्यता से होगा चयन

**आलीराजपुर।** आदिम जाति कल्याण विभाग के तहत जोबट ब्लॉक के शासकीय छात्रावासों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह प्रक्रिया विधायक सेना महेश पटेल की अध्यक्षता में पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र और अभिभावक मौजूद रहे। विधायक सेना महेश पटेल ने स्पष्ट किया कि छात्रावास में प्रवेश पूरी तरह से मेरिट और शासन के निर्धारित नियमों के आधार पर दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी प्रकार की सिफारिश, दबाव या पक्षपात स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का चयन मेरिट सूची के अनुसार किया गया है। इसके अतिरिक्त, अनाथ और दिव्यांग छात्रों को शासन के नियमों के अनुरूप प्राथमिकता दी गई है। विधायक ने बताया कि इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया गया है कि जरूरतमंद बच्चों को उनका अधिकार मिल सके।

### पूर्णिमा पर वट सावित्री पूजा, महिलाओं ने पतियों की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना किया

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में सोमवार को पूर्णिमा के अवसर पर वट सावित्री पर्व मनाया गया। इस दौरान सुहागन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। जिले के मेघनगर, थांदला, पेटलावद और रायपुरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्षों के नीचे एकत्रित होने लगीं। पूजन का सिलसिला दिन भर जारी रहा। पूजन के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष के तने पर सूत का धागा लपेटकर उसकी परिक्रमा की। सुहागन महिलाएं मानती हैं कि वट वृक्ष के दीर्घ जीवन की तरह उनके पतियों की आयु भी लंबी और सुरक्षित रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने दिन भर व्रत रखा और पौराणिक कथाओं का श्रवण किया। रायपुरिया में पंडित जितेंद्र त्रिवेदी, पंडित योगेश शर्मा और पंडित रघुनंदन बैरागी ने वट सावित्री व्रत की कथा सुनाई। इस पूजन में पुष्पा राठौड़, कोमल चौधरी और किरण पाटीदार सहित बड़ी संख्या में सुहागन महिलाएं शामिल हुईं।

### मुरम हटाने के विवाद में महिला पर फावड़े से हमला, खेत की मेड़ को लेकर हुआ झगड़ा

**धार।** धार जिले के अमझेरा थाना क्षेत्र के ग्राम मारोल में मुरम हटाने के विवाद में एक महिला पर फावड़े से हमला किया गया। इस हमले में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए धार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 10.30 बजे हुई। फरियादिया महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके खेत के पास पड़ोसी महेश डोडिया, मोहन डोडिया, पंकज डोडिया, सुनील डोडिया, दिनेश डोडिया, कृष्णा डोडिया, आयुष डोडिया और सावरा डोडिया ने अपने खेत की मेड़ पर मुरम डलवाई थी। इस मुरम का कुछ हिस्सा महिला के खेत में आ गया था। महिला ने आरोपियों से अपने खेत में आई मुरम हटाने को कहा था। आरोप है कि आरोपियों ने अपने खेत की मुरम तो हटा ली, लेकिन महिला के खेत में पड़ी मुरम नहीं हटाई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक, विवाद के दौरान महेश, मोहन, पंकज और कृष्णा ने महिला से गाली-गलौज की। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो पंकज ने फावड़े से उसके सिर पर वार कर दिया।

### किराना दुकान में चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, सभी ग्राम बरमखेड़ी के रहने वाले

**बदनावर।** कानवन थाना पुलिस ने बदनावर के ग्राम सिलौदाखुर्द में हुई किराना दुकान की चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने सोमवार को इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें आज ही कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है, जहां पुलिस इनसे चोरी के माल और अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मामले का एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। यह घटना 19 जून की आधी रात को हुई थी। ग्राम सिलौदाखुर्द के रहने वाले दुर्गेशचन्द्र जायसवाल की किराना दुकान का ताला तोड़कर और शटर उचकाकर कुछ चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। चोर दुकान से सिगरेट, बीड़ी, विमल, राजश्री गुटखे के पाउच और गल्ले में रखे करीब 50 हजार रुपए समेट कर भाग गए थे। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर कानवन थाने में केस दर्ज किया गया था। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से मिले सुराग के आधार पर राजोद थाने के ग्राम बरमखेड़ी के रहने वाले चार आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के नाम राहुल कटारा, दिलीप सिंगार, गोपाल गिरवाल और नंदराम कटारा उर्फ टाइगर हैं। जो राजोद थाने के ग्राम बरमखेड़ी के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी रविन्द्र बारिया ने बताया कि पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी बहादुर (निवासी बरमखेड़ी) के साथ मिलकर चोरी की यह वारदात करना कबूल किया है।

---

पीआईएमआर इंदौर के छात्र ने रचा इतिहास, +120 किलोग्राम वर्ग में राष्ट्रीय पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी बने चित्रांश बाजपेयी

# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करते हुए प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईएमआर), इंदौर, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चित्रांश बाजपेयी ने हैदराबाद में आयोजित 48वीं पुरुष एवं महिला जूनियर तथा 27वीं बालक एवं बालिका सब-जूनियर राष्ट्रीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में +120 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।



23 से 28 जून तक आयोजित इस प्रतिष्ठित छह दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और संस्थानों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। चित्रांश की इस शानदार उपलब्धि ने उन्हें +120 किलोग्राम वर्ग में जूनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग पदक जीतने वाले मध्यप्रदेश के पहले खिलाड़ी बनने का गौरव दिलाया है।

अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चित्रांश ने इसका श्रेय अपने अथक परिश्रम, अनुशासित जीवनशैली तथा अपने प्रशिक्षकों, परिवार और पीआईएमआर द्वारा मिले निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्कृष्ट खेल सुविधाओं और प्रेरणादायी वातावरण ने उन्हें अपने खेल कौशल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी

पीआईएमआर यूजी परिसर के निदेशक कर्नल (डॉ.) एस. रमन अय्यर ने चित्रांश को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने +120 किलोग्राम वर्ग में मध्यप्रदेश के लिए पहला जूनियर राष्ट्रीय पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी उपलब्धि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। पीआईएमआर, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, इंदौर के कुलाधिपति डॉ. डेविश जैन ने संस्थान के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और खेल प्रशिक्षकों के साथ चित्रांश को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चित्रांश की यह सफलता न केवल पीआईएमआर, बल्कि इंदौर शहर और पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

---

हैप्पी वायसी पैनल का दबदबा रहा, सचिव समेत चार प्रमुख पदों पर कब्जा

# यशवंत क्लब चुनाव में जीतू जैन बने अध्यक्ष

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रतिष्ठित यशवंत क्लब के द्विवार्षिक चुनाव में इस बार कांटे का मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर हैप्पी वायसी पैनल के जितेंद्र (जीतू) जैन ने ग्लोरियस वायसी पैनल के परमजीत सिंह (पम्मी) छाबड़ा को 65 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही क्लब परिसर में समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया।

मतगणना के शुरूआती दौर में जीतू जैन ने बढ़त बनाई, लेकिन तीसरे और चौथे राउंड में पम्मी छाबड़ा ने अंतर काफी कम कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम राउंड की गिनती के बाद जीतू जैन को 1363 वोट, जबकि पम्मी छाबड़ा को 1298 वोट मिले। इस तरह जीतू जैन ने 65 वोटों से जीत हासिल की।



- **सचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में कस्तूरी विजयी-** सचिव पद पर हुए त्रिकोणीय मुकाबले में हैप्पी वायसी पैनल के विजय कुमार कस्तूरी ने 982 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने ग्लोरियस वायसी पैनल के अतुल शेठ (929 वोट) और निर्दलीय प्रत्याशी कुलविंदर सिंह गिल (751 वोट) को हराया।
- **सहसचिव और कोषाध्यक्ष पद भी जीता-** सहसचिव पद पर तेजवीर जुनेजा ने 1622 वोट हासिल कर पंकज कुकरेजा को 577 वोटों से पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रूपल पारेख ने 1828 वोट प्राप्त कर सतीश मंगलानी को 986 वोटों के बड़े अंतर से हराया।

### कार्यकारिणी में भी हैप्पी वायसी का दबदबा

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुनीत सिंह चड्ढा, राजेश तलवार, वैभव दुआ, भारती बारोडिया और विकास थम्मन विजयी रहे। चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया कि क्लब के सदस्यों ने इस बार हैप्पी वायसी पैनल पर भरोसा जताया। परिणाम घोषित होते ही क्लब परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने ढोल की थाप पर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। देर रात तक जश्न का सिलसिला चलता रहा।

---

सुखलिया दिगंबर जैन समाज की

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सुखलिया दिगंबर जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी चिराग जैन ने अध्यक्ष अमित सहित समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी को समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दी गईं। समारोह में पूर्व अध्यक्ष विनोद के सफल एवं समर्पित कार्यकाल की सराहना की गई। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए समाज की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

---

# घुटना प्रत्यारोपण अब पहले से ज्यादा सुरक्षित और कम दर्द वाला



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में आयोजित मॉडर्न आर्थ्रोप्लास्टी कोर्स (मेक-2026) में देशभर के जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञों ने बताया कि यदि मरीज समय रहते डॉक्टर के पास पहुंच जाए तो 40 से 60% मामलों में पूरा घुटना बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। केवल खराब हिस्से का पार्शियल नी रिप्लेसमेंट कर मरीज को बेहतर और सक्रिय जीवन दिया जा सकता है।

एसोसिएशन ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन्स ऑफ इंदौर के तत्वावधान में द पार्क होटल में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में नागपुर, दिल्ली, भोपाल और इंदौर के विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान तीन लाइव सर्जरी का भी प्रदर्शन किया गया। कॉन्फ्रेंस के कोर्स चेयरमैन एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विनय तंतुवाय ने बताया कि अधिकांश मरीज दर्द बढ़ने के बाद इलाज के लिए आते हैं। शुरूआती अवस्था में उपचार मिलने पर केवल प्रभावित हिस्से को बदलकर पार्शियल नी रिप्लेसमेंट किया जा सकता है।

इससे मरीज पालथी मारकर और उकडू बैठने जैसी सामान्य गतिविधियां भी बेहतर तरीके से कर सकता है। उन्होंने बताया कि सही तरीके से किया गया पार्शियल नी रिप्लेसमेंट 20 से 25 साल तक प्रभावी रह सकता है।

नागपुर के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. उन्मेष महाजन ने बताया कि रोबोटिक तकनीक से इम्प्लांट की पोजिशनिंग मिलीमीटर स्तर तक सटीक होती है। इससे लिगामेंट और आसपास के ऊतकों को कम नुकसान पहुंचता है, मरीज को कम दर्द होता है और रिकवरी भी जल्दी होती है। आधुनिक इम्प्लांट अब 25 से 30 साल या उससे अधिक समय तक चल सकते हैं। दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. निखिल वलसंकर ने बताया कि ऑपरेशन से पहले मरीज का सीटी स्कैन कर 3डी मॉडल तैयार किया जाता है। इससे सर्जरी की पूरी योजना पहले ही बन जाती है और इम्प्लांट सही स्थान पर लगाया जा सकता है। वर्तमान में घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की सफलता दर 97 से 98 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

---

# टेबल से 1.34 लाख रु. का मोबाइल उठाया और लगा दी दौड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक शख्स ने ऑनलाइन ऑर्डर के बहाने महंगा आईफोन बुलवाया और फिर उसे लेकर फरार हो गया। आरोपी ने 1 लाख 34 हजार 900 रुपए कीमत का आईफोन 17 प्रो 256 जीबी लिया, लेकिन भुगतान नहीं किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक विजयश्री नगर निवासी हिमांशु (30) पिता श्याम भाटिया की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। हिमांशु एक मोबाइल दुकान में स्टोर मैनेजर है। उसने पुलिस को बताया कि 1 जून को दिलीप नाम के ग्राहक ने आईफोन 17 प्रो 256 जीबी मॉडल का ऑर्डर किया था। ऑर्डर मिलने के बाद हिमांशु मोबाइल लेकर ग्राहक के बताए पते श्रीनाथ पैलेस निपानिया स्थित फ्लैट पर पहुंचा। यहां बातचीत के दौरान आरोपी ने मौके का फायदा उठाया और टेबल पर रखा आईफोन उठाकर भाग गया। आरोपी ने मोबाइल की कीमत का भुगतान भी नहीं किया। मोबाइल लेकर फरार होने के बाद स्टोर मैनेजर ने आरोपी की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। शिकायत की जांच के बाद रविवार को एफआईआर दर्ज की गई है।पुलिस अब आरोपी की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

---

# पटेल ब्रिज हादसे के दो हफ्ते बाद भी मरम्मत नहीं

## टूटी रेलिंग अब भी जस की तस, सिर्फ सीमेंट के पिलर लगाकर छोड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सियागंज स्थित पटेल ब्रिज पर हुए हादसे को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब तक पुल की स्थायी मरम्मत शुरू नहीं कर पाया है। मध्यप्रदेश के सबसे बड़े किराना व्यापारिक केंद्र सियागंज में स्थित इस पुल की टूटी रेलिंग और अधूरी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने केवल औपचारिकता निभाते हुए कुछ सीमेंट के पिलर लगा दिए, जबकि क्षतिग्रस्त रेलिंग, लोहे की जालियां और मलबा अब भी मौके पर पड़ा हुआ है। करीब दो सप्ताह पहले पानी से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पटेल ब्रिज पर कई वाहनों को टक्कर मारते हुए रेलिंग तोड़कर जा घुसा था। हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसमें दुर्घटना की भयावहता साफ दिखाई दी थी। गनीमत रही कि टैंकर पुल से नीचे नहीं गिरा, वरना नीचे मौजूद दुकानों और व्यस्त गली में बड़ी जनहानि हो सकती थी। सियागंज के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से रोज हजारों लोग और वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुल की मौजूदा स्थिति किसी भी समय नए हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द स्थायी मरम्मत कराने और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन किसी और दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।



### पहले भी हो चुके हैं हादसे

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पुल पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। इससे पहले एक कार भी पुल से नीचे गिर चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। लगातार दुर्घटनाओं के बाद भी पुल की सुरक्षा की अनदेखी पर लोग सवाल उठा रहे हैं। हादसे के बाद प्रशासन ने क्षतिग्रस्त हिस्से को घेरने के लिए कुछ सीमेंट के पिलर लगा दिए, लेकिन टूटी रेलिंग और अन्य सुरक्षा संरचनाओं की मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। क्षतिग्रस्त लोहे की जालियां और मलबा भी मौके पर ही पड़ा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है।

---

नगीन नगर में युवक की डंडे से पिटाई

# हिंदू संगठन ने मोबाइल में अश्लील वीडियो होने का लगाया आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगीन नगर इलाके में एक युवक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हिंदू संगठन के लोगों ने आरोप लगाया कि एक युवक हिंदू महिला को बाइक पर ले जा रहा था और उसे डरा-धमका रहा था।

लोगों ने उसे पकड़ा और उसके पति को भी जानकारी दी, जिसके बाद पति मौके पर पहुंचा और युवक की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इधर, हिंदू संगठन के लोगों का कहना है कि युवक तो मौके से भाग निकला, लेकिन उसका मोबाइल मिला है, जिसमें कई महिलाओं के साथ उसके अश्लील वीडियो है। विश्व हिंदू परिषद, सामाजिक समरसता प्रमुख इंदौर तन्नू शर्मा ने बताया कि मामला सोमवार का है। एक युवक हिंदू महिला को बाइक पर बैठाकर उसे लव जिहाद का शिकार बनाने का प्रयास कर रहा था। पति ने युवक की पिटाई भी कर दी। युवक का मोबाइल चेक किया तो उसमें कई अश्लील वीडियो मिले है। सूचना पर जब हिंदू संगठन के लोग पहुंचे, लेकिन युवक भाग निकला था। मामले में तन्नू शर्मा का कहना है कि हम पता लगा रहे है कि वह कितनी महिलाओं को परेशान कर रहा था। विहिप नेता तन्नू शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उसकी मोबाइल की जांच की जाए कि उसने किन हिंदू महिलाओं को लव जिहाद में फंसाया है और उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल किया है। रात में चंदन नगर थाने पर शिकायत करेंगे।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com